YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-326 ❑ शुक्रवार, 27 दिसम्बर 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत को छिन्न-भिन्न करने का स्वप्न देखने वाली शक्तियों के साथ कांग्रेस की दुरभि संधि हो चुकी है और इस नापाक गठजोड़ की तस्वीर अब एकदम साफ हो गई है। भारत के हिस्सों को काटकर क्यों दिखाया जा रहा है, ये सिर्फ संयोग है या भारत विरोधी साजिश का हिस्सा है? **डॉ. सुधांशु त्रिवेदी**

कुंभ में दुनिया देखेगी भारत की सांस्कृतिक शक्ति : शेखावत 11

राज्यपाल ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र को दिलाई शपथ 12

## संक्षेप

### स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को यहां बताया कि सर्वेक्षण की नवनीतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में घरों के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की थी। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को सक्षम करने, संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम करने में भी मदद करती है। अभी तक 3 लाख दस हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। अब तक लगभग डेढ लाख गांवों के लिए लगभग 2 करोड 20 लाख संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। यह योजना त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों तथा कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

### सीसीपीए ने यूपीएससी परीक्षा दावों को लेकर तीन कोचिंग संस्थानों पर जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने तीन कोचिंग संस्थानों पर सिविल सेवा परीक्षाओं में अपनी सफलता दर के बारे में भ्रामक विज्ञापन देने पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान में कहा गया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की 2022 और 2023 की सिविल सेवा परीक्षाओं के परिणामों के संबंध में भ्रामक दावे करने करने को लेकर वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टिट्यूट और स्टडीआईक्यू आईएएस पर क्रमशः सात-सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि एज आईएएस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, सीसीपीए ने पाया कि संस्थानों ने जानबूझकर यह बात छिपाई कि उनके अधिकतर सफल अभ्यर्थियों ने केवल साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रमों में पंजीकरण कराया था, जिससे उनके अन्य पाठ्यक्रमों की प्रभावशीलता के बारे में भ्रामक धारणा बनी। वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टिट्यूट ने 2022 की परीक्षा में ''933 में से 617 चयन'' का दावा किया, जबकि स्टडीआईक्यू आईएएस ने 2023 में ''120+ चयन'' होने का विज्ञापन दिया। जांच से पता चला कि दोनों संस्थानों में सफल अभ्यर्थियों में से अधिकतर ने केवल साक्षात्कार की तैयारी के लिए पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराया था।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन, देश में शोक की लहर

**एजेंसी**

### लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे मनमोहन सिंह




❑ 1991 में मनमोहन ने आर्थिक सुधारों में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका
❑ उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के लिए याद किए जाएंगे
❑ मोदी सहित तमाम नेताओं ने जताया शोक

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार देर शाम राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

डॉक्टर सिंह को सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स ने एक विज्ञप्ति में बताया कि डॉक्टर सिंह को आठ बजकर पांच मिनट पर अस्पताल लाया गया और उन्हें तुरंत चिकित्सा प्रदान की गई। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद डॉ सिंह का नौ बजकर 51 मिनट पर निधन हो गया।

श्री मोदी ने डॉक्टर सिंह के साथ विभिन्न अवसरों पर हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि बातचीत में उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता सदैव झलकती थी। उन्होंने कहा, जब डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे और मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब मेरे और उनके बीच नियमित बातचीत होती थी। हम शासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करते थे। उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता सदैव झलकती रहती थी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं डॉ. मनमोहन सिंह जी के परिवार, उनके दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति!

डॉ. सिंह वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले वह वित्त मंत्री और वित्त सचिव भी रह चुके हैं। श्री नरसिम्हा राव की सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था के उदारीकरण में उनकी केंद्रीय भूमिका मानी जाती है। डॉ. सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के एक गांव में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1948 में पंजाब विश्वविद्यालय से मेट्रिक की शिक्षा पूरी की। बाद में उन्होंने ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 1957 में उन्होंने अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी से ऑनर्स की डिग्री अर्जित की। इसके बाद वर्ष 1962 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नूफिल्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डी.फिल किया। डॉ. सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती गुरशरण कौर की तीन बेटियां हैं। देश के चौदहवें प्रधानमंत्री डॉ. सिंह अपनी नम्रता, कर्मठता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। मनमोहन सिंह साल वर्ष 1971 में वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। वर्ष 1972 में उनकी नियुक्ति वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में हुई। डॉ. सिंह ने वित्त मंत्रालय के सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया। वह वर्ष 1991 से वर्ष 1996 तक वित्त मंत्री रहे। डॉ. सिंह को कई पुरस्कारों और सम्मानों सम्मानित किया गया। इनमें से नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार, वर्ष के वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी अवार्ड, वर्ष के वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी अवार्ड, कैमब्रिज विश्वविद्यालय का एडम स्मिथ पुरस्कार, कैमब्रिज के सेंट जॉन्स कॉलेज में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार शामिल है। डॉ. सिंह को जापानी निहोन किजई शिम्बुन एवं अन्य संघो द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. सिंह को कैंब्रिज एवं ऑक्सफ़ोर्ड तथा अन्य कई विश्वविद्यालयों द्वारा मानद उपाधियां प्रदान की गई ।

### देश के आर्थिक सुधारों के लिए याद किए जाएंगे

डॉ. मनमोहन सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने अर्थशास्त्री थे। उन्होंने 1991 में देश के आर्थिक सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वित्त मंत्री के रूप में, उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को लागू किया, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। उन्हें उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें पद्म विभूषण भी शामिल है। 1991 में, पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को अपनाया। इन नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार के लिए खोल दिया। इससे निजी क्षेत्र को बढ़ावा मिला और विदेशी निवेश को आकर्षित किया गया। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ।

# बीजेपी का एक तिहाई तो कांग्रेस का आधा चंदा एक ही ट्रस्ट से

**एजेंसी**




❑ बीजेपी को चुनावी बांड से हटकर मिला 2244 करोड़ रुपये का चंदा
❑ वहीं कांग्रेस पार्टी को 2023-24 में मिला 288.9 करोड़ रुपये का चंदा
❑ चुनावी बांड योजना रद्द होने के बाद प्रूडेंट ट्रस्ट से पार्टियां ले रही चंदा

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के अनुसार बीजेपी को 2023-24 में व्यक्तिगत, ट्रस्ट और कॉर्पोरेट घरानों से 20,000 रुपये और उससे ज्यादा के चंदे के रूप में करीब 2244 करोड़ रुपये मिले। यह राशि 2022-23 की तुलना में तीन गुना से भी ज्यादा है। वहीं कांग्रेस को 2023-24 में इसी माध्यम से 288.9 करोड़ रुपये मिले, जबकि पिछले साल यह राशि 79.9 करोड़ रुपये थी।

यह आंकड़ा चुनावी बांड के जरिए मिली रकम को छोड़कर है, जिसे पार्टियों को अपने सालाना ऑडिट रिपोर्ट में दिखाना होता है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2024 में चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था। इसके बाद पार्टियों के लिए चंदा ही मुख्य फंडिंग का जरिया बन गया है। बीजेपी को मिले चंदे में सबसे बड़ा योगदान प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट का रहा, जिसने 723.6 करोड़ रुपये दिए। प्रूडेंट ने कांग्रेस को भी 156.4 करोड़ रुपये दिए। यानी बीजेपी के कुल चंदे का लगभग एक तिहाई और कांग्रेस के चंदे का आधे से ज्यादा हिस्सा प्रूडेंट से आया। 2022-23 में प्रूडेंट के सबसे बड़े दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड, सीरम इंस्टीट्यूट, आर्सेलर मित्तल ग्रुप और भारती एयरटेल शामिल थे। चुनावी बांड से मिली रकम बीजेपी और कांग्रेस के इन आंकड़ों में शामिल नहीं है। नियमों के मुताबिक, चुनावी बांड की जानकारी पार्टियों को अपने वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में देनी होती है, न कि चंदा रिपोर्ट में। हालांकि, कुछ क्षेत्रीय पार्टियों ने अपनी चंदा रिपोर्ट में स्वेच्छा से चुनावी बांड से मिली रकम का खुलासा किया है। इनमें बीआरएस (495.5 करोड़ रुपये), डीएमके (60 करोड़ रुपये) और इ्टट कांग्रेस (121.5 करोड़ रुपये) शामिल हैं। जेएमएम ने भी बांड के जरिए 11.5 करोड़ रुपये मिलने की घोषणा की, जबकि अन्य स्रोतों से उसे सिर्फ 64 लाख रुपये मिले। 2023-24 में बीजेपी को मिले चंदे में 2022-23 के मुकाबले 212% की बढ़ोतरी हुई है। यह आम है, क्योंकि यह आम चुनाव से पहले का साल था। 2018-19 में, 2019 के आम चुनाव से पहले, उख्ब ने 742 करोड़ रुपये और कांग्रेस ने 146.8 करोड़ रुपये के चंदे की घोषणा की थी। बीजेपी को इलेक्टोरल ट्रस्ट के माध्यम से कुल 850 करोड़ रुपये मिले, जिसमें से 723 करोड़ रुपये प्रूडेंट से, 127 करोड़ रुपये ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट से और 17.2 लाख रुपये आइन्जिगार्टिग ● शेष पेज 11 पर

# जनवरी तक संपत्तियों का ब्यौरा न देने वाले पीसीएस अफसरों को नहीं मिलेगी पदोन्नति

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❑ कर्मियों को भी संपत्तियों का ब्यौरा देना किया गया अनिवार्य

लखनऊ। राज्य सरकार ने पीसीएस अधिकारियों के लिए 31 जनवरी 2025 तक संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। इस अवधि तक ऑनलाइन सूचना न देने वालों की पदोन्नतियां तो रोकी ही जाएंगी, साथ में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। इसी तरह राज्य कर्मियों के लिए भी 31 जनवरी तक संपत्तियों का ब्यौरा न देने पर पदोन्नतियां नहीं दी जाएंगी।

प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। शासनदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के पुराने प्रारूप को निरस्त करते हुए उसके स्थान पर नया जारी किया गया है। नई व्यवस्था में वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट निर्धारित करते हुए हर साल की 31 जनवरी तक निर्धारित प्रारूप पर वार्षिक संपत्ति विवरण नियुक्ति विभाग को देने की व्यवस्था की गई है। शासनादेश में कहा गया है कि इस साल यानी 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित चल अचल संपत्ति का विवरण वेबसाइट sparrow-pcs.up.gov.in पर 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से देना होगा। इस अवधि तक संपत्तियों की जानकारी ऑनलाइन न देने पर इसे प्रतिकूल रूप में लिया जाएगा और एक फरवरी के बाद होने वाली डीपीसी में उनके नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं जब तक ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा नहीं दे दिया जाएगा पदोन्नति के लिए उनके नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। इसी तरह राज्य कर्मियों के लिए वर्ष 2024 में अर्जित की गई संपत्तियों का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर 31 जनवरी तक देना अनिवार्य किया ● शेष पेज 11 पर

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा करेंगे 56 स्पेशल साइबर योद्धा

महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बड़े सनातन पर्व महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महाकुंभनगर में 56 साइबर योद्धा तैनात किए जा रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (महाकुंभ) राजेश द्विवेदी ने कहा कि साइबर सुरक्षा की विशेष योजना के तहत साइबर ठगों के खिलाफ बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि महाकुंभनगर के सभी थानों में एक स्पेशल साइबर हेल्प डेस्क बनाई जा रही है, जिसमें साइबर पेट्रोलिंग के लिए एक्सपर्ट तैनात किए गए हैं। मेला के साथ ही पूरे प्रयागराज ने वीएमडी पर फिल्म के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा एआई, एक्स, फ़ेसबुक और गूगल का विधिवत उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभनगर में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया हर प्लेटफार्म का ● शेष पेज 11 पर

### लोक सभा चुनाव का आयोग ने जारी किया विस्तृत आंकड़ा

# नोटा को पड़े थे 0.99 प्रतिशत वोट

**एजेंसी**




नयी दिल्ली। लोक सभा के पिछले चुनाव में ईवीएम पर कुल 63 लाख 71 हजार 839 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया जो कुल पड़े वोट का करीब एक प्रतिशत (0.99 प्रतिशत) रहा। वर्ष 2019 के आम चुनाव में नोटा का बटन दबा कर अपने क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों के प्रति अस्वीकृति दर्ज कराने वाले मतदाताओं का अनुपात 1.06 प्रतिशत था।

इस बार लोक सभा चुनाव में पंजीकृत ट्रांसजेंडर मतदाताओं (थर्ड जेंडर) मतदाताओं से में एक चौथाई से कुछ अधिक (27.09 प्रतिशत )ही वोट देने आए । विश्व में लोकतंत्र सबसे बड़े महोत्सव से जुड़े ऐसे तमाम रोचक आंकड़े भारतीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 पर गुरुवार को जारी विस्तृत सांख्यिकी रिपोर्ट में दिये गये हैं। आयोग ने इसके साथ ही आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा सहित 4 राज्यों में इसी वर्ष एक साथ कराये गये विधानसभा चुनावों का विस्तृत डेटा भी आज जारी किया जो शोधकर्ताओं और विश्लेषकों के लिए सूचना का विषद भंडार हैं। भारत की 18वीं लोक सभा के चुनाव दुनिया में अब तक की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी कवायद बतायी गयी है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि ये आंकड़े विश्व भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, चुनाव पर्यवेक्षकों सहित हितधारकों के लिये जानकारी का एक खजाना हैं। आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये 42 सांख्यिकीय रिपोर्टों का सेट जारी किया है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में पिछले विधानसभा चुनावों की 14 सांख्यिकीय रिपोर्टों का एक विस्तृत डेटा सेट जारी किया है। इन चारों राज्यों में चुनाव इसी साल एक साथ कराये गये थे। आयोग ने कहा है, इस पहल का उद्देश्य जनता के विश्वास को बढ़ाना है, जो भारत की चुनावी प्रणाली का आधार है। आयोग ने कहा है कि विस्तृत डेटा सेट जारी करना आयोग का अधिकतम खुलासा, अधिक पारदर्शिता और शिक्षाविदों, शोध और आम जनता सहित सभी हितधारकों के लिये चुनाव संबंधी डेटा की सुलभता की नीति को आगे बढ़ाने के लिये भी है। इन आंकड़ों में संसदीय क्षेत्र ,विधानसभायी निर्वाचन क्षेत्रों राज्यवार मतदाताओं का विवरण, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य/ निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाताओं द्वारा मतदान, दलों का वोट में हिस्सा, लिंग-आधारित मतदान व्यवहार, महिला मतदाताओं की राज्यवार भागीदारी, क्षेत्रीय विविधतायें, निर्वाचन क्षेत्र डेटा सारांश रिपोर्ट, राष्ट्रीय/ राज्य दलों/ आरयूपीपी का निष्पादन, जीतने वाले उम्मीदवारों का विश्लेषण और निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत परिणाम इत्यादि। ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 95 आईएएस को पदोन्नति बदले जाएंगे पांच जिलों के डीएम

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**




❑ सात आईएएस बने प्रमुख सचिव व 38 सचिव बने
❑ नए साल के पहले दिन पदोन्नति हो जाएगी प्रभावी, लखनऊ डीएम सचिव पद पर प्रोन्नत

लखनऊ। राज्य सरकार ने 95 आईएएस अफसरों को पदोन्नति दे दी है। यह आदेश एक जनवरी से प्रभावी होगा। पदोन्नति के बाद कानपुर और आजमगढ़ के मंडलायुक्त के साथ लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, मथुरा व कानपुर नगर के डीएम को हटाया कर वहां नए को तैनाती दी जा सकती है। प्रमुख सचिव स्तर के सात अफसरों को पदोन्नति दी गई है, जिसमें पांच अफसरों को शासन में जिम्मेदारियां बदली जाएंगी। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

राज्य सरकार ने वर्ष 2000 बैच के सात आईएएस अफसरों को प्रमुख सचिव बनाया है। इसमें सौरभ बाबू, मनीष चौहान, रंजन कुमार, अनुराग यादव, रणवीर प्रसाद के साथ अमित गुप्ता और दीपक अग्रवाल को पदोन्नति दी गई है। इसी बैच की के. धनलक्ष्मी को पदोन्नति नहीं दी गई है। अमित सिंह कानपुर और मनीष चौहान आजमगढ़ में मंडलायुक्त हैं। वर्ष 2009 बैच के 38 आईएएस अफसरों को विशेष सचिव से सचिव बनाया गया है। विशेष सचिव से सचिव बनने वालों में सूर्य पाल गंगवार, डा. रूपेश कुमार, अनुज कुमार झा, माला श्रीवास्वत, डा. नितिन बंसल, मासूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानु चंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस राजलिंगम, विवेक, ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को उभरती प्रौद्योगिकियों में कुशल बनाने का आह्वान किया

# इतिहास से वर्तमान तक युवा ऊर्ज़ा ने देश की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को यहां वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक युवा ऊर्जा ने हमेशा भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और बलिदान की याद में वीर बाल दिवस की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन गया है। इस दिन ने कई बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस के लिए प्रेरित किया है। श्री मोदी ने वीरता, नवाचार, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, खेल और कला के क्षेत्र में आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किए गए 17 बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के पुरस्कार विजेता भारत के बच्चों और युवाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गुरुओं और वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवारों को बधाई भी दी। वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के लिए उनकी वीरता की गाथा को जानना जरूरी है और इसलिए उन घटनाओं को याद करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि तीन शताब्दी पहले आज ही के दिन वीर साहिबजादों ने कम उम्र में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि साहिब जोरावर सिंह और साहिब फतेह सिंह की कम उम्र के बावजूद उनके साहस की कोई सीमा नहीं थी। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने मुगल सल्तनत के सभी प्रलोभनों को ठुकरा दिया, सभी अत्याचारों को सहन किया और वजीर खान द्वारा दिए गए मौत के दंड को पूरी बहादुरी के साथ स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने उन्हें गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह की वीरता की याद दिलाई और यह वीरता हमारी आस्था की आध्यात्मिक ताकत थी। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने अपने प्राणों की




आहुति देने का विकल्प चुना लेकिन आस्था के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, राष्ट्र और राष्ट्रहित से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, देश के लिए किया गया हर कार्य वीरता का कार्य है और देश के लिए जीने वाला हर बच्चा और युवा वीर बालक है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष का वीर बाल दिवस और भी विशेष है, क्योंकि यह भारतीय गणतंत्र और हमारे संविधान की स्थापना का 75वां वर्ष है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संविधान के इस 75वें वर्ष में देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करने के लिए वीर साहिबजादों से प्रेरणा ले रहा है। उन्होंने कहा कि देश के मजबूत लोकतंत्र को इस बात पर गर्व है कि यह दिन साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान पर बना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा लोकतंत्र हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की ओर प्रेरित करता है। श्री मोदी ने कहा, ह्ल संविधान हमें सिखाता है कि देश में कोई छोटा या बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता गुरुओं की शिक्षाओं, साहिबजादों के बलिदान और राष्ट्रीय एकता के मंत्र का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा, अतीत से लेकर वर्तमान तक, युवाओं की ऊर्ज़ा ने भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के आंदोलनों तक, भारतीय युवाओं ने हर क्रांति में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं की शक्ति के कारण ही दुनिया भारत की ओर आशा और उम्मीदों से देखती है। उन्होंने कहा कि आज, स्टार्ट-अप से लेकर विज्ञान, खेल से ● शेष पेज 11 पर

# 122 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी, 72 लोगों पर एफ़आईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बिजली विभाग के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के बिजली चोरों के खिलाफ सख़्त तेवरो के चलते शहर में बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर सभी डिवीज़नों में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी की जा रही है। बुद्धवार को भी हुसैनगंज, राजभवन, अमीनाबाद, चौक, रेजिडेंसी, ठाकुरगंज, राजाजीपुरम, ऐशबाग तथा अपट्रान डिवीज़नों में तड़के सवेरे बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरों पर धावा बोल दिया। सुबह-सुबह एक साथ इतने इलाक़ो में हुई छापेमारी से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई लोगों ने बिजली चोरी के साक्ष को छुपाने की भरपूर कोशिश की



किंतु ऐसे लोग बिजली विभाग की टीम की निगाहों से बच ना सके। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाया गया मॉर्निंग रेड अभियान चौक डिवीज़न के सर्गा पार्क, बिल्लोचपुरा लोहा मंडी व ठाकुरगंज डिवीजन के यासीनगंज, महबूबगंज, रुस्तम नगर, तथा हुसैनगंज डिवीजन के सुपरमार्केट और मछली मोहाल व राजभवन डिवीजन के हाता रामदास कैंट, नरही, अमीनाबाद डिवीजन के मशकगंज में व रेजिडेंसी डिवीजन के रिसालदार पार्क, छितवा पुर, कैसरबाग, नई बस्ती, तथा राजाजीपुरम डिवीजन के देवपुर, आलमनगर, साथ ही ऐशबाग डिवीजन के मालवीय नगर, खजुआ, रामनगर और अपट्रान डिवीजन के मेहंदी गंज, झवारन टोला, मौज़ज़्म नगर, बीबीगंज, लकड़ मंडी आदि इलाकों में चलाया गया था। इस दौरान 300 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया था जिनमें से 73 कनेक्शन में अनियमिता पाई गई थी। यहां 72 उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 122 किलोवाट तक की बिजली चोरी की जा रही थी। उन्होंने बताया इन सभी 72 उपभोक्ताओं पर एंटी पावर थेफ्ट थाने में बिजली चोरी करने की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया है तथा सभी की लाइट पोल से काट दी गई है। रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि जब तक बिजली चोरी पर पूरी तरह से लगाम नहीं लग जाती है जब तक इसी तरह से आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### चोरी पकड़े जाने पर बिजली कर्मचारियों पर हमला

बिजली चोरी के ख़िलाफ चलाये जा रहे इस अभियान के दौरान मेहंदी गंज में अभियान में शामिल टीम को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ गया। यहां अवैध रूप से ई-रिक्शा चार्ज करते हुए पकड़े जाने पर जब बिजली कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता की लाइट को काटा गया तो उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। अपट्रान डिवीजन के अधिशासी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया की सत्येन्द साहू द्वारा चोरी की बिजली इस्तेमाल कर ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे जिसको बिजली विभाग की टीम द्वारा मौके पर पकड़ लिया गया और उपभोक्ता की बिजली काट दी गयी। जिससे गुस्साए उपभोक्ताओ ने उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता को घेर लिया गया और अभद्रता करते हुए धमकाया बिजली कर्मचारी किसी तरह से वहां से अपनी जान बचाकर भागे और पॉवर हाउस पहुंचे। जिसके बाद उपभोक्ता भी अपट्रान उपकेंद्र पर पहुंच गया और गालिया देते हुए भारी हंगामा करने लगा। पीड़ित ने मामले की एफ़आईआर सआदतगंज थाने में की है। पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर में कहा गया है की बिजली चोरी पकड़े जाने पर सत्येंद्र साहू व सोनिया साहू ने सरकारी काम में बधा डालते हुए हम लोगों से अभद्रता की तथा सत्येंद्र साहू ने जान से मारने की नियत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। थाना सआदत गंज पर सत्येंद्र साहू व सोनिया साहू के ख़िलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: ऋषि मिश्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर। तहसील क्षेत्र सरोजनी नगर के ग्राम नटकुर मुल्लाही खेड़ा के मैदान में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के संगठन द्वारा किसानों को लेकर एक महापंचायत और सदस्यता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के निर्देशन और नवनियुक्त मंडल महामंत्री गोविंद के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा का स्वागत सम्मान मंडल महामंत्री गोविंद और अन्य पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले रहने वाले किसानों का सम्मान हर स्तर पर करके और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता रहेगा। संगठन प्रदेश के साथ-साथ देश में भी मजबूत हो रहा है किसानों का यह संगठन किसानों की भलाई को लेकर हर स्तर पर लड़ने के लिए हमेशा तैयार है। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को लेकर राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार सामने आते रहते है। इससे किसान परेशान हैं जो कतई बरदाश्त नहीं किया जाएगा।

## पत्नी ने दर्ज कराया पति के विरुद्ध मुकदमा

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर निवासी सविता वर्मा पुत्री अनिल कुमार ने परेशान होकर अपने ही पति के खिलाफ गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत कत्री की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सुभाष वर्मा पुत्र सुखमीलाल निवासी लकडमण्डी नगर पंचायत गोसाईगंज से लगभग 15 वर्ष पूर्व हुआ था । पीड़िता के अनुसार उसे पति सुभाष वर्मा द्वारा विवाह के बाद से ही प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके पति गंदी-गंदी गालियां देकर उसके साथ ही और जान से मार देने की धमकियां देता रहा। पीड़िता के मुताबिक 22 दिसंबर 2024 की शाम करीब 08 बजे उसके पति शराब के नशे की हालत में घर पहुंचे और बच्चों के साथ ही उसे भी मारने लगे इस मारपीट में उसे अंदरूनी चोटें आई है। इस मामले में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से दर्ज शिकायत करी गई है। उसी के आधार पर शराबी पति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बलसिंह खेड़ा में भूतपूर्व सैनिक की मूर्ति का अनावरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। बीते बुधवार को क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में भूतपूर्व सैनिक स्व. शिव बरन रावत की मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की उपस्थिति में हुआ। स्व. शिव बरन रावत भारतीय सेना से नायक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका जन्म 15 मई 1962 को हुआ था और उनकी पुण्यतिथि 19 अप्रैल 2024 को थी। इस विशेष अवसर पर सपा सांसद आर.के. चौधरी ने गांव में स्व. शिव बरन रावत के नाम से ऐतिहासिक प्रवेश द्वार निर्माण का वचन दिया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक के पुत्र पवन कुमार रावत, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रवण यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, उमेश यादव, मो. हनीफ, अशर्फी लाल धीमान, अनिल पासी, प्रधान विनोद वर्मा, बचान सिंह, संतोष रावत, हरीशंकर रावत और ग्रामवासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह मूर्ति स्व. श्री रावत की बहादुरी और समर्पण को समर्पित है और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए ग्रामीणों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया है।

### चार आरोपी गिरफ्तार

**मोहनलालगंज लखनऊ।** कूट रचित दस्तावेज तैयार कर किसान की जमीन विक्रय करने वाले महिला समेत 4 शातिर जालसाजो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि बीते अप्रैल माह में आलमनगर थाना ताल कटोरा जनपद लखनऊ निवासिनी शांति यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि मेरी भूमि ग्राम सोनई कजेहरा थाना सुशांत गोल्फ सिटी में है जिस पर कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे थे सूचना पर जब मैं मौके पर पहुंची तो पता चला कि मेरी जमीन को जाल साजों ने एक फर्जी महिला को खड़ा कर कूट रचित प्रपत्र तैयार कर जाल फरेब कर बीते मार्च माह में बेच दिया है । पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल की गई तो जांच के दौरान पता चला कि अखिलेश विश्वकर्मा सगीर ने योजना बद्ध तरीके से अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कर दिया है जाल साज अखिलेश विश्वकर्मा सगीर अवधेश महिला जाल साज विलासा द्वारा शांति यादव नाम से फर्जी आधार कार्ड पैन कार्ड ᴄ अन्य कागजात तैयार कर बैनामा कर दिया है । तभी से पुलिस इन सभी की तलाश कर रही थी जिन्हें मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### धूमधाम के साथ मनाई गई महापुरुषों की जयंती

बंथरा। बुधवार को बंथरा नगर पंचायत कार्यालय में महापुरुष महाराजा बिजली पासी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म महोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रंजीत रावत ने अपने समर्थकों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का 100वां जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया क्रिसमस

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल के द्वारा क्रिसमस का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सेंटाक्लाज की वेशभूषा में बच्चों ने खूब आनंद उठाया एवं गिफ्ट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की संचालिका डॉ कुसुम कमल के द्वारा स्वयं सेंटाक्लाज बनकर किया गया। वहीं इस मौके पर दिव्यांग बच्चों द्वारा रैली निकाली गयी। वहीं दिव्यांग बच्चों के द्वारा तरह तरह के नृत्य प्रस्तुत किए गए एवं देशभक्ति गीत भी गाये गए।

### पूर्व पार्षद ने कम्बल वितरण किया

**लखनऊ ।** भवानीगंज की कापरेटिव कालोनी मे रहने वाले पूर्व पार्षद ईशितयाक अली ने 25 दिसम्बर को अपना जन्म दिन कुछ इस तरह मनाया कि कई कई गरीब ज़रूरतमंद लोगो ने सर्दी से ही निजात पा ली आपको बता दें की पूर्व पार्षद ईशितयाक अली ने अपने जन्मदिन पर कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमे कई लोगों को कम्बल प्राप्त हुए जिसे पा कर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे सभी ने उन्हें तहे दिल से मुबारकबाद भी दी।

### चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस किया गिरफतार

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित ब्लॉक के पास से गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर जेल भेज दिया है ᖶ इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि गौरा निवासी सुमित ने तहरीर देते हुए बताया था कि मेरे मुर्गी फार्म से मंगलवार की देर रात अज्ञात चोर ने एलमुनियम की फनंटी ᴄ कॉपर केबल चोरी कर ले गए हैं । तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश में लगी हुई थी । दिन गुरुवार को पुलिस ने शातिर चोर अहिमापुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली निवासी मुनेश कुमार को मोहनलालगंज स्थित ब्लॉक के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया हुआ सामान बरामद कर जेल भेज दिया है ।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच झड़प, पुलिस ने की कार्रवाई

ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र के भूहर चौकी इलाके में स्थित फरीदीपुर रोड गोल्डन लोन के पास आज जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर ईंट और पत्थर चले। यह विवाद लंबे समय से चल रहा था, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। बताया जा रहा है कि बृजेश पुत्र रामालाल और राजेश पुत्र रामालाल के बीच पिछले कई सालों से जमीनी विवाद चल रहा था। आज दोनों भाई आपस में कहासुनी के बाद एक-दूसरे पर ईंट और पत्थरों से हमला करने लगे। हालांकि, गनीमत रही कि इस घटना में कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने पर भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को पकड़कर थाने ले गए और हल्की धाराओं में पाबंद कर दिया। पुलिस ने बताया कि अगर भविष्य में ऐसी कोई घटना होती है, तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सुशासन दिवस पर ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ में बुधवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो़फ़ेसर डॉ कीर्ति कुमार सिंह तथा विशिष्ट वक्ता प्रो़फ़ेसर डॉ अखंड प्रताप सिंह थे।व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो़फ़ेसर डॉ शहला नुसरत किदवई ने किया।ऑनलाइन आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो़फ़ेसर डॉक्टर शहला नुसरत किदवई ने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई का जीवन त्याग,बलिदान,भाईचारे एवं राष्ट्र सेवा की मिसाल था।श्री अटल बिहारी वाजपेई ने सुशासन की मिसाल कायम की।आपके प्रधानमंत्रित्व काल में भारत ने देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी अनेक सफलताएं अर्जित की।कूटनीतिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति अत्यंत मजबूत रही।परमाणु परीक्षण से लेकर लाहौर बस यात्रा तक अनेक कूटनीतिक और सामरिक कार्य आपके द्वारा किए गए।इसके साथ ही सर्व शिक्षा अभियान से लेकर सड़कों के स्वर्णिम चतुर्भुज तक अनेक महत्वपूर्ण कार्य आपके द्वारा संपन्न कराए गए। आपने सुशासन के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया और उसमें सफल भी हुए।मुख्य वक्ता डॉ कीर्ति कुमार सिंह जी ने भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन के विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश डाला।संसद में उनके द्वारा दिए गए भाषणों को इतिहास एवं साहित्य के लिए शोध के भंडार बताया।

## कवि सम्मेलन व मौसमी भोज का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। बख्शी का तालाब स्थित एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल मामपुर अस्ती रोड पर शिशिरोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें कवि सम्मेलन के साथ मौसमी भोज का लु़फ़्त लोगों ने लिया।कवियत्री संध्या त्रिपाठी द्वारा वाणी वंदना के पश्चात प्रख्यात राष्ट्रीय कवि योगेश चौहान ने काव्यपाठ की शुरुआत की उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य से ही बख्शी का तालाब की अपनी अलग पहचान है।कवि धनंजय शारस्वत की कविता क्रिसमस डे पर लोगों को खूब भायी ''बाहरी लोगों के हम मुरीद हो गए।क्रिसमस डे पर लाखों के खरीद हो गए।गुरु गोविंद सिंह के बच्चों को भूल गए हम,जो भारत की आन के लिए शहीद हो गए।प्रतापगढ़ के मशहूर कवि हरिबहादुर 'हर्ष' ने अपनी ओज की कविता के माध्यम से जोश ला दिया।घर-घर से अफजल निकलेंगे तो हम क्या चुप रहेंगे,हम राणा के वंशज हैं,हम घर में घुसकर मारेंगे।

लखनऊ की कवित्री संध्या त्रिपाठी



ने(तुम प्रकृति हो सुहावन मैं हूं सारिका,साज हो तुम तो मैं गीत की साधिका ) श्रंगार का गीत पढ़ कर सबको आकर्षित किया। बाराबंकी के कवि सीताकांत ने कविताओं के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया गुदगुदाया उन्होंने आज के समय में मोबाइल पर रील बनाने को लेकर के लोगों को सचेत किया और अपनी कविता में टिकटोक रील्स पर ठुमके तो मरवाती इन्हें पद्मावती का जौहर बताइए।वही कन्नौज के अभिनव मिश्रा ने अपनी कविता के माध्यम से गांव के प्यार को जागने का काम किया उनकी कविता कौवा ने करी जब कांव तो जाग उठो गांव बढ़िनयां नाचन लागी बहुत भाई।इस अवसर पर सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित क्षेत्र के गणमान्य लोक उपस्थित रहे सभी क्षेत्रवासियों का सम्मान एसएस इंटरनेशनल स्कूल अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने किया।क्षेत्र वासियों को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक अनिल सिंह चौहान ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।विवांता रिजॉर्ट के प्रोपराइटर आलोक सिंह चौहान ने सभी कवियों को सम्मानित किया।इस मौक़े पर अनिल सिंह चौहान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम किया जाता है,इसमें मौसमी खाना ज्वार,बाजरा,मक्का की रोटी रांगी का हलवा,सावां की खीर तथा शकपहिता,बैंगन का भर्ता एवं कुल्हड़ की चाय का आनंद लिया जाता है।बख्शी का तालाब के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों में प्यार और स्नेह जागृत होता है तथा लोगों की सोच बदलती है।इस अवसर पर अंगद सिंह एमएलसी बाराबंकी,बलबीर सिंह राठौड़ अध्यक्ष बाबू भगवती सिंह स्मृति ट्रस्ट,पूर्व मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अटल बिहारी बाजपेयी की मनायी गई 100वीं जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय राजनीति के युग पुरुष एवं हमारे प्रेरणा स्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की 100 जयंती पर उनको कोटि-कोटि नमन। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष आदरणीय श्री रामसरण सिंह और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके जयंती मनायी गई। कार्यक्रम का आयोजन आई आई एम रोड महर्षि नगर मे राहुल टिंबर स्टोर पर किया गया। कार्यक्रम मे उत्तर मंडल 4 के मंडल अध्यक्ष आदरणीय श्री रामशरण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष प्रत्याशी श्री विनोद अवस्थी, मंडल उपाध्यक्ष श्री विशंभर प्रधान, मंडल मंत्री श्री गीतेश मिश्रा राहुल, शक्ति केंद्र संयोजक श्री मुन्ना सिंह चौहान, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मूलचंद मिश्रा, बूथ अध्यक्ष अमित सिंह, बूथ अध्यक्ष अशोक सैनी, बूथ अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, बूथ अध्यक्ष राम आसरे लोधी, श्रिया निगम, पत्रकार नैमिष पांडेय, कार्यकर्ता अरुणेश दीक्षित, राकेश मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, सोनू रावत, रवि सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत ब्रांड की बिक्री हेतु प्रबंध निदेशक ने मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (ने.फ़ेड) के प्रबंध निदेशक,दीपक अग्रवाल,आईएएस ने ने.फ़ेड सीतापुर रोड,लखनऊ स्थित कार्यालय से 40 मोबाइल वैन को भारत ब्रांड उत्पाद की बिक्री हेतु हरी झंडी दिखाई।इन मोबाइल वैन को रणनीतिक रूप से शहर के निवासियों को उनके दरवाजे पर आवश्यक वस्तुओं को पहुँचाने के लिए तैनात किया गया है।हाल ही के दिनों में, आटा,दाल और चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश की है,जिससे आर्थिक स्थिरता और उपभोक्ता सामर्थ्य दोनों प्रभावित हुए हैं।भारत सरकार की कई योजनाओं के लिए नोडल एजेंसी के रूप में ने.फ़ेड ने सस्ती कीमतों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की है।भारत सरकार की भारत ब्रांड योजना के तहत, मोबाइल वैन एक प्रत्यक्ष वितरण और बिक्री तंत्र स्थापित करेगी,जो भारत चना दाल (?70 प्रति किलोग्राम),भारत चना (?58 प्रति किग्रा),भारत आटा (?30 प्रति किग्रा), भारत चावल(?34 प्रति किग्रा),भारत मसूर दाल (?89 प्रति किग्रा),भारत मूंग धूली(?107 प्रति किलोग्राम),और भारत मूंग होल(? 93 प्रति किलोग्राम)पूरे शहर में बिक्री करेगी।पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रबंध निदेशक,ने.फ़ेड ने मोबाइल वैन और खुदरा नेटवर्क के माध्यम से ने.फ़ेड ब्रांड उत्पादों की बिक्री शुरू करने पर प्रकाश डाला।वर्तमान में ने.फ़ेड चाय,मसाले,सूखे मेवे,ने.फ़ेड दाल,तेल आदि,लगभग 65 उत्पादों की उचित मूल्य पर बिक्री कर रहा है।उन्होंने बताया कि ने.फ़ेड उत्पादों की बिक्री के लिए,इच्छुक ए।क्क एवं क्द्धपप्न्द्धथ्फ्धन्प से ने.फ़ेड लखनऊ कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।इस मौक़े पर ने.फ़ेड लखनऊ स्टेट हेड,रोहित जैमन ने मैनेजिंग डायरेक्टर का टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया एवम् आश्वासन दिया की उनके बताए हुए विज़न का अनुपालन करते हुए भारत एवं ने.फ़ेड ब्रांड प्रोडक्ट्स का फ़ायदा प्रदेश में लोगो को मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।इस मौके पर ने.फ़ेड ऑफिसियल आदित्य द्विवेदी,अरविंद सिंह ,अरविंद कुमार सिंह,योगेंद्र शुक्ला,रवि पांडे,अक्षय आचार्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## करियर एवेन्यूज 2025 से 2050 सेमिनार हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुद्धवार को खदरा में स्थित शिया पी.जी. कॉलेज में एम्बर फाउंडेशन द्वारा करियर एवेन्यूज 2025 से 2050 पर एक भव्य और प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की संभावनाओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना और उन्हें अपने करियर की दिशा में सही मार्गदर्शन देना था। इस आयोजन ने लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के युवाओं के बीच जोश और ऊर्जा भर दी। सेमिनार में देश-विदेश के जाने-माने विशेषज्ञों ने भाग लिया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ और हज मामलों के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी मौजूद रहे। इस मौके पर मौलाना यासूब अब्बास ने अम्बर फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के भविष्य




को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दानिश आज़ाद अंसारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की आज का युग अवसरों और चुनौतियों का युग है। अगर युवा सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि देश का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने युवाओं को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की अपील की। उन्होंने कहा की हमारा उद्देश्य युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। एम्बर फाउंडेशन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने लड़कियों के लिए नर्सिंग, एविएशन, होटल मैनेजमेंट और पैरामेडिकल जैसे क्षेत्रों में मौजूद बड़े अवसरों पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कई उपयोगी सुझाव दिए प्रो. संजय ने मेधावी उभरते करियर विकल्पों और प्रबंधन में संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. कामिल रिज़वी ने तकनीकी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. विवेक मिश्रा ने नवाचार और शोध की आवश्यकता को समझाया। इंजीनियर मासूम अब्बास ने ग्लोबल करियर और डिजिटल क्रांति पर अपने अनुभव साझा किए। प्रो. अभिषेक मिश्रा ने तकनीकी कौशल और नेतृत्व क्षमता पर फोकस किया।

संस्थान के मुख्य एजेंडे में भविष्य के प्रमुख करियर क्षेत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और पैरामेडिकल साइंसेज। महिलाओं के लिए विशेष अवसरः नर्सिंग, एविएशन, और होटल मैनेजमेंट। सामाजिक उद्यमिता, युवाओं की सामाजिक विकास में भूमिका। डिजिटल युग की चुनौतियां, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित हस्तियों को मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी, चेयरमैन वफा अब्बास, और मौलाना यासूब अब्बास द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमे जमानत अली (अंजुमन वजीफए सादात के सचिव) को समाज सेवा के लिए और अमजद हुसैन नकवी (नया दौर के पूर्व संपादक) को डिप्टी डायरेक्टर सूचना के उल्लेखनीय योगदान के लिए।

# विद्युत विभाग की भ्रष्ट पुरानी फसल की कटाई न होने से नई फसल हुई उत्पादित

❐ योगी सरकार को चुनौती दे रहे सांडा व रेउसा विद्युत उपकेंद्र के नामचीन विद्युत संविदाकर्मी,आखिर इनके खातों के ट्रांजेक्शन की जांच कब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन सीतापुर। विद्युत उपकेंद्र में वर्षों से एक ही जगह पर तैनात संविदाकर्मियों के द्वारा आमजन की लूट खसोट के साथ अवैध धन उगाही के मामले आम हो चुके।विगत सालों में जेई संतोष कुमार द्वारा संविदाकर्मी प्रदीप कुमार के द्वारा की गई अवैध वसूली मामले में सांडा पॉवर हाउस पर तैनात दीपक वर्मा,मो शादाब,बालक के मामले को उच्चाधिकारियों के द्वारा दबाने के परिणाम स्वरूप आज उसी फसल की उपज नई फसल कैलाश,पंकज,विशुन कुमार,पप्पू,लवकुश,राहुल के नाम पर उत्पन्न हो उनसे दो कदम आगे निकलते हुए क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अवैध धन वसूली में नाकामयाब होने पर गाली गलौज के साथ फौजदारी तक आमादा हो क्षेत्रीय किसानों,गरीबों व महिलाओं का शोषण कर योगी जी के सुशासन को पलीता लगा रहे। अवैध धन वसूली प्रकरण में उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के द्वारा दोषसिद्ध होने के उपरांत भी दीपक,शादाब व बालक क्यों कार्यवाही से रहे दूर? सरकार की मंशा के विपरीत कार्य करते हुए आमजन के बीच किरकिरी बन चुके एक ही उपकेंद्र पर वर्षों से तैनात संविदा कर्मी दीपक वर्मा,मो शादाब व बालक द्वारा प्रशिक्षित पंकज,विशुन कुमार, राहुल, कैलाश,पप्पू,लवकुश ने रेउसा व सांडा पावर हाउस क्षेत्र में ब्रजेश सिंह टीजी-2 के लिए बन चुके कामधेनु जोकि क्षेत्रीय उपभोक्ताओं से बिजली बिल रीडिंग इत्यादि में हेरफ़ेर कर बिजली चोरी करवाने का काम करते हैं,क्षेत्र में पम्पिंग सेट,एसी,कटिया इत्यादि का परिसंचालन इन लोगों के द्वारा करते हुए गरीबों के द्वारा बड़ी रकमें वसूली जाती हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में दोषसिद्ध होने के बावजूद भी दीपक,शादाब व बालक को मिले अभयदान के पीछे किसी बड़े विभागीय कर्मचारी अधिकारी का हाँथ है जो इनकी लूट में बराबर का हिस्सेदार है।

यदि समय रहते इन महाभ्रष्टतम संविदाकर्मियों पर नहीं हुई कठोरतम कार्यवाही तो आमजनमानस का शासन व प्रशासन से अवश्य ही उठ जाएगा भरोसा।

भ्रष्ट व अवैध वसूली बाज संविदाकर्मियों के खिलाफ भाकियू जनमंच ने पीड़ित क्षेत्रीय उपभोक्ताओं से धरने में सहयोग की अपील की। भारतीय किसान यूनियन जनमंच जिलाध्यक्ष रेशू भार्गव ने क्षेत्र के पीड़ित उपभोक्ताओं से आगामी 28 दिसम्बर के विद्युत उपकेंद्र के मनबढ़ वसुलीबाज कर्मचारियों के खिलाफ इनके अन्यत्र स्थानांतरण के विषय को लेकर मुख्यमंत्री आवास तक नंगे पांव चलकर स्थिति से अवगत कराते हुए दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाई के लिए सहयोग की अपील की।

जिसके लिए किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जनमिलन कार्यक्रम को धार देते हुए बिजली विभाग के दोषी संविदाकर्मियों के खिलाफ मय साक्ष्य विद्युत उपकेंद्र सांडा से मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के मुखिया से मिल महिलाओं,किसानों,गरीबों के शोषण की जानकारी देने के लिए नंगे पांव चलकर विभाग में फैले भ्रष्टाचार की आवाज बुलंद करने के कार्यक्रम को धार देना प्रारम्भ कर दिया है।

# प्रान्त अधिवेशन में शैक्षणिक दूरदर्शिता के साथ समसामयिक विषयों पर होगा मंथन : पुष्पेन्द्र वाजपेई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अवध प्रांत के आगामी 64 वें प्रांत अधिवेशन के निमित्त आज अभाविप सीतापुर विभाग कार्यालय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया । पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अभाविप अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक दूरदर्शिता के साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु परिसर केंद्रित कार्य करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा विद्यार्थी संगठन है। आज अभाविप के 76 वर्ष पूर्ण होने के बाद अभाविप एक विराट स्वरूप में स्थापित हुआ है इस वर्ष अवध प्रान्त के 64 वें प्रान्त अधिवेशन का आयोजन सीतापुर शिक्षण संस्थान, रस्यौरा में 29 से 31 दिसंबर तक होना सुनिश्चित हुआ है जिसमे अवध प्रांत के 26 जिलों से 1500 प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी । इस अधिवेशन में शैक्षणिक व सामाजिक विषयों पर प्रस्ताव के साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने सम्बन्धी विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होंगे। जिला सह संयोजक दिव्यांशी गुप्ता ने अधिवेशन की जानकारी देते हुए कि बताया कार्यक्रम की शुरुआत 28 दिसंबर को प्रदर्शनी उद्घाटन के कार्यक्रम से होगी । 29 दिसंबर को अधिवेशन उदघाटन , 30 दिसंबर को शोभायात्रा एवं खुला अधिवेशन के पश्चात 31 दिसंबर को समापन सत्र के साथ अधिवेशन समाप्ति की घोषणा होगी । नगर मंत्री अलखकांत श्रीवास्तव ने बताया कि यह सीतापुर के कार्यकर्ताओं का सौभाग्य कि अभाविप के इतिहास में यह पहली बार है जब सीतापुर जिले में इतनी बड़ी संख्या में प्रांत का अधिवेशन आयोजित हो रहा है सभी कार्यकर्ता उत्साह के साथ प्रतिनिधियों के स्वागत की तैयारी में जुटे है।

# प्रभु यीशु के उपदेश सदा रहेंगे प्रासंगिक सिस्टर शायनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। को क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में बीसीएम अस्पताल में प्रभु याशु मसीह से संबंधित झांकियां सजाई गई तथा प्रार्थना सभा चर्च में की गई इस अवसर पर बीसीएम की प्रशासिका सिस्टर साइनी ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने संसार में जन्म मानव कल्याण के लिए लिया था तथा उन्होंने जो शिक्षा दी सब पर दया करो सब सभी जीवों से प्रेम करो तथा किसी को कभी अहित मत करो यह सभी सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

हम सभी को चाहिए कि हम एक दूसरे से आपस में प्रेम करना सीखें क्योंकि हम सभी एक ही परमपिता की संताने है इस अवसर पर बीसीएम अस्पताल में प्रमुख द्वार पर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन की सुंदर झांकी सजाई गई तथा शाता क्लाज ने लोगों को उपहार दिए इस अवसर पर



बीसीएम नर्सिंग कॉलेज तथा जीवन ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में भी झांकियां सजाई गई इस अवसर पर सिस्टर शायरी सिस्टर सेलिना सिस्टर प्रेसी आशीष चेलइया डॉक्टर मोहित कुमार आदि मौके पर मौजूद थे।

# किड्जी ने 'द एएनएसवाई स्कूल' ने मनाया वार्षिक दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। द एएनएसवाई स्कूल (THE ANSY SCHOOL) के सहयोग से किड्जी ने अपने वार्षिक दिवस ''एक्सप्रेशन्स'' को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों और 'द एएनएसवाई' समूह के छात्रों की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत द एएनएसवाई स्कूल के छात्रों द्वारा गणेश वंदना के भावपूर्ण गायन से हुई, जिसने कार्यक्रम के लिए एक शुभ वातावरण तैयार किया। किड्जी के बच्चों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। जब नन्हे-मुन्नों ने मंच संभाला, आत्मविश्वास से भरे हुए भाषण दिए और शानदार नृत्य किया, तो दर्शक दंग रह गए।



शाम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्नों द्वारा किया गया मनमोहक फैशन शो था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। माता-पिता और दादा-दादी भी नन्हे-मुन्नों के साथ डांस फ्लोर पर शामिल हुए, जिससे दिल को छू लेने वाला और खुशी से भरा माहौल बन गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लैक्मे की सुश्री अनीता मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने नन्हे-मुन्नों को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। एएनएसवाई ग्रुप की निदेशक डॉ. नेहा सिंह ने छात्रों को अपने प्रेरक शब्दों से आशीर्वाद दिया, सांस्कृतिक मूल्यों और माता-पिता का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया। किड्जी की प्रिंसिपल श्रीमती अंजू भट्ट ने अपने मार्गदर्शन से छात्रों को प्रेरित किया, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हुआ। अपने संबोधन में द एएनएसवाई स्कूल स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री आरती बाजपेयी ने कहा, ''ये बच्चे केवल वर्तमान के नहीं हैं; वे भविष्य भी हैं। हमें उन्हें कल के अच्छे नागरिक बनने के लिए तैयार करना चाहिए। द एएनएसवाई ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आशीष यादव ने छात्रों को सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ''मानवता के प्रति दयालु बनें और अपने कार्यों से अपने माता-पिता को गौरवान्वित करें।

## ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत शाहपुर में कराए गए मानक विहीन कामों की शिकायत की

**सकरन सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की ग्रामपंचायत शाहपुर में नवागत ग्राम विकास अधिकारी की मनमानी के चलते ग्राम प्रधान की मर्जी के खिलाफ ठेकेदार के द्वारा बनवाए गए मानक विहीन व घटिया सामग्री से आर आर सेन्टर, घूरा गड्ढा का निर्माण करवा हजम कर ली लाखों की रकम,आर आर सेंटर में बगैर पिलर व इंटरलॉकिंग के नीचे बगैर सीमेंट मौरंग के कार्य के साथ टीन शेड के साथ पीली ईंटों का उपयोग कर हजम कर ली मोती रकम,इसी विषय को लेकर ग्रामीणों ने उक्त काम की निष्पक्ष जांच करवाने हेतु मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की है।शिकायत कर्ताओं ने बताया कि पंचायत सचिव की तैनाती जिन जिन ग्राम पंचायतों में है वहां हर जगह घटिया सामग्री से व मानक विहीन कार्य ही कराए जा रहे हैं। नजदीकी ग्राम पंचायत में बनवाए जा रहे आर आर सेंटर में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। रोजगार सेवक अनिल कुमार ने हड़प वृक्षारोपण करने वाले मजदूरों की रकम। ग्राम पंचायत में मनरेगा अंतर्गत करवाए गए वृक्षारोपण में वृक्षारोपण करने वाले मजदूरों ने लिखित शिकायत की है कि उन्हें आज तक वृक्षारोपण का एक भी रुपया नहीं दिया गया और वृक्षारोपण की सारी रकम डकार गया रोजगार सेवक।आज भी जितने काम मनरेगा से कराए जा रहे हैं उनमें भी अधिकतर मजदूर रोजगार सेवक के करीबी व घर परिवार के धनाढ्य मजदूर ही हैं ग्राम पंचायत के दूसरे पात्र गरीब मजदूरों को कम ही नहीं दिया जाता है यदि कोई काम मांगे भी तो वृक्षारोपण की तरह काम करवा सारी मजदूरी हड़प ली जाती है।

## किसानों के साथ में हो रही बहुत बड़ी धोखाधड़ी प्रशासनिक अधिकारी मौन

**कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुपम अवस्थी, जिला सीतापुर सचिव शिव लखन तिवारी ने जब गन्ना सेंटर पर जाकर हाल जाना तो सच्चाई सामने उभर कर आईब्लाक कसमंडा गन्ना क्रय केंद्र सेंटर हमीरपुर,मैग्ना, कमलापुर देखा जा सकता है की कितना बड़ा धोखा धड़ी व भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है जबकि यूपी सरकार शासन व प्रशासन के द्वारा गन्ना क्रय केंद्र सेंटरों पर ऑनलाइन तौल की सुविधा है ऑनलाइन तौल सुविधा आपके सामने चल रही है कैसी हो रही है जबकि ट्रैक्टर इस पर खड़ा हुआ है और एक व्यक्ति भी उसी काटें पर खड़ा है यही तक नहीं कांटा बाबू स्वयं मशीन लिए हुए इस कांटा प्लेट पर खड़े हुए हैं डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर के पास कोई जवाब है इसका कि ट्राली की तौल होती है या ट्रैक्टर और बुलाए गए दलालों की जवाहरपुर चीनी मिल इस समय लूट नहीं आंखों में मिर्च भी नहीं सीधे डंके की चोट पर लूट कर रहीं हैं अभी कुछ दिन पहले जिला सीतापुर में लगे गन्ना क्रय केंद्र सेंटरों से किसानों के ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने की खबरें प्रकाशित हुई हैं जिसमें चाहे हैदरगढ़ की चीनी मिल का सेंटर हो चाहे रामगढ़ चीनी मिल हो चाहे जवाहरपुर डालमिया चीनी मिल हो आखिर सेन्टर पर यह सब खेल किसके इशारे पर चल रहा है इस पर तत्काल जिला अधिकारी सीतापुर को जवाहरपुर चीनी मिल के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है लेकिन जवाहरपुर डालमिया चीनी मिल के किसी बाबू या अधिकारी पर कोई इसका मायने नहीं रखता

## ई-रिक्शा से मेला देखने जा रही मासूम बच्ची की सड़क दुर्घटना में मौत

**बिसवां कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस ने शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बुधवार को कोतवाली बिसवां इलाके के मोहल्ला रायगंज निवासी रामलखन की पुत्री अनया परिजनों के साथ मेला देखने जा रहा थी कि इसी बीच हाथी गेट के सामने सवारियों से भरा ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे अनन्या गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे आनन फानन में अस्पताल ले कर भागे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## महिला की हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, चाकू बरामद

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तुर्कपट्टी पुलिस ने बीते 9 दिसंबर की रात कृपापट्टी स्थित बालाजी ईंट भट्ठा पर हुई एक महिला की हत्या के मामले में नामजद वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त विजय उर्फ संदीप (पुत्र रोजना, निवासी हर्राह, थाना चान्हो, जिला रांची, झारखंड) को गुरुवार को पुलिस ने दबोच लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की और उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार,उपनिरीक्षक विनायक यादव, राहुल कुमार, श्री गौरव कुमार,कांस्टेबल रामजी कुमार, जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## हाटा एमआरएफ सेंटर का अपर निदेशक ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ डॉ असलम अंसारी द्वारा नगर पालिका परिषद हाटा के एमआरएफ सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा एमआरएफ सेन्टर में सूखे और गीले कुंडों के एकत्रिकरण एवं कम्पोस्ट पिट व गीले कूड़े से बनने वाली खाद आदि के बारे में जानकारी ली गई। उनके द्वारा स्टॉक रजिस्टर आदि चेक किया गया। निरीक्षण में मिली खामियों को शीघ्र ही दूर करने व उक्त स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा शौचालय की साफ सफाई आदि सही ढंग से कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अवर अभियन्ता मनोज यादव, पडरौना नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, लिपिक रमाशंकर गुप्ता, पंकज भारद्वाज, दीपक मणि, आशुतोश, अभिषेक, प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे।

## आल इंडिया साइंस टीचर्स एसोसिएशन का दो दिवसीय सम्मेलन 28 से

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आल इंडिया साइंस टीचर्स एसोसिएशन (एआईएसटीए) का 52 वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सह विज्ञान संगोष्ठी 28 दिसम्बर दिन शनिवार समय 11:30 बजे उद्घाटन सत्र व 29 दिसम्बर दिन रविवार समय सुबह 10 बजे राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित है। उक्त जानकारी संगठन के कोषाध्यक्ष/आयोजन सामिति के मुख्तार सिंह ने देते हुए बताया कि सम्मेलन के मुख्यअतिथि निदेशक एनसीआरटी नई दिल्ली, भिक्षु ज्ञानेश्वर, बीपीजी के प्रबंध सचिव वीरेंद्र सिंह आहलूवालिया, स्टेट फोरेंसिक लेबोरेट्री राजस्थान के निदेशक राजेश सिंह, डीडीयूगोविवि के प्रो. अजय सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपाप कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व निदेशक जीएसआई यूपी डॉ बी सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। जबकि पूर्व कुलपति एलएनएमयू दरभंगा, बिहार अध्यक्षता करेंगे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम ''तरंग'' में झलकी भारतीय संस्कृति की छटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, महमूदाबाद में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ''तरंग'' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी कला और सृजनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में गीत, नृत्य, नाटक और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महमूदाबाद विधायिका श्रीमती आशा मौर्या, विद्यालय के चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता, डायरेक्टर आशीष गुप्ता, जयपुरिया कॉर्पोरेट ऑफिस के गौतम पांडेय, श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी और प्रधानाचार्य विजय कुमार दुबे सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह




कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास और उनकी सृजनात्मकता को निखारने का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार दुबे ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ''ऐसे कार्यक्रम छात्रों को आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं।'' वहीं, चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता ने सभी छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों, अभिभावकों और छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ''तरंग'' कार्यक्रम ने न केवल छात्रों के लिए बल्कि उपस्थित दर्शकों के लिए भी प्रेरणा और मनोरंजन का अद्भुत अनुभव प्रदान किया।

# मनरेगा में रहस्यमयी तरीके से किया जा रहा भ्रष्टाचार 4 बजे के बाद किए जा रहे फोटो अपलोड

❐ जिम्मेदार कुम्भकरणीय निद्रा में मस्त

❐ 4 बजे के बाद लग रही अटेंडेंस ताकि न बचे भौतिक सत्यापन की कोई गुंजाइश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा सीतापुर । आखिर ग्राम पंचायतों से संबंधित जिम्मेदारों की आंखों से कब खुलेगी पट्टी जो आए दिन कैनविज टाइम्स राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार से विभिन्न शीर्षकों से प्रकाशित मनरेगा में भ्रष्टाचार की पंक्तियों पर महाभारत की गांधारी का रोल अदा कर रहे हैं प्रधान तो जनता द्वारा चुना प्रतिनिधि है लेकिन आपके महकमे का क्या होगा साहब जिनको सरकार दर्जनों हजार रुपए इनके वेतन पर खर्च करती हैं वो सरकारी धन का दुरुपयोग करने में जरा सा संकोच नहीं करते व इन पर नियंत्रण करने वाले ग्रामविकास अधिकारी से लेकर रोजगार सेवक,मेट तक घुल मिल कर कुंभकर्डीय निद्रा में सोए हुए हैं जिसका नजारा 25 दिसंबर को देखने को मिला वैसे तो किसी प्रकार की हेरा फ़ेरी बेहटा ब्लॉक के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि यह कोई नया काम नहीं है । ऐसे भ्रष्टाचार तो यहां आए दिन अंजाम दिया ही करते हैं जहा दिन के 2 बजे के बाद ब्लॉक की मात्र 15 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत काम होना पाया गया वहीं पर 4 बजे के ऊपर 3 दर्जन के लगभग पंचायतों में काम दिखाने के साथ 26 दिसंबर को ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों में 1बजकर 29 मिनट पर मात्र 18 पंचायतों में कुछ लेवरो सहित कुछ स्थानों पर काम होना पाया गया वहीं 4 बजे के बाद मनरेगा में चल रहे श्रमिकों की संख्या चौगुनी होने के साथ पंचायतों की संख्या 46 हो गई जो जांच का गंभीर विषय हैं । मनरेगा जहां पर एक लेवर ठीक 8 बजे काम पर पहुंच जाता है वही पर बहुत से गावो में क्या 4 या साढ़े 4 बजे काम पर पहुंचता हैं यदि इसी प्रकार सरकारी धन का दुरुपयोग होता रहा तो एक दिन प्रधानमंत्री जी का आत्मनिर्भर भारत का सपना निराकार होकर आत्म निर्बल भारत बनने में देर नहीं लगेगी ।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंश प्रथम,अंशु द्वितीय और आस्था को मिला तृतीय स्थान

❐ अखिल भारतीय कसौधन वैश्य समाज के महिला जागृति संस्था पडरौना के द्वारा आयोजित किया गया था कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। अखिल भारतीय कसौधन वैश्य समाज के तत्वावधान में कसौधन महिला जागृति संस्था पडरौना कुशीनगर के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व, अटल बिहारी बाजपेयी के शताब्दी जयंती के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कसौधन समाज के बच्चों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर निर्णायक एवं मुख्य अतिथि आर के भट्ट अध्यक्ष विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था ।

पडरौना एवं कार्यक्रम नियंत्रक रेडियो प्रज्ञा पडरौना एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार भट्ट नेशनल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सामाजिक संस्था प्रथम उपस्थित रहे।कार्यक्रम की संजोयिका कसौधन महिला संस्था



पडरौना की अध्यक्षा सीमा संजय कसौधन, उपाध्यक्ष सीमा विशाल, महामंत्री पूजा कसौधन कोषाध्यक्ष अराधना कसौधन व संरक्षणिका संगीता कसौधन, सुधा कसौधन, रीता कसौधन, सीमा राजू, पूनम कसौधन, अंगीरा, शालू कसौधन आदि नें आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंश कसौधन,द्वितीय अंशु कसौधन व तृतीय आस्था कसौधन ने प्राप्त किया। खुशी, युग, अराध्या, सौम्या, दिव्यांश , तेजस,हर्षित, अन्नया,नैतिक, दिव्या, अनिकेत, प्रांजल, दिशा अनाया, व पीहू आदि दर्जनों बच्चों ने प्रतिभाग किया ।

# साहबजादों का बलिदान देश की गौरव गाथा: प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा

❐ गोंविन्द सिंह के चार पुत्रो की शहादत पाठ्यक्रम से मिलेगी प्रेरणा: रजनीकांत मणि

❐ वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विचार परिवार द्वारा वीर बालक दिवस पर ऐतिहासिक समागम विचार संगोष्ठी का आयोजन नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में किया गया। अतिथियों ने गुरु गोंविन्द सिंह के साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान की गौरव गाथा सुनाई और राष्ट्र निर्माण के कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत साहबजादों के चित्र व भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली प्रो0 ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने साहबजादों के देश पर बलिदान का मार्मिक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि हम सब अमृत काल मे चल रहे हैं। इतिहास अमृत की नहरें हैं और वीर बालक जिन्होंने इतिहास रचा है उस बलिदान, भावना एक एक शब्दो को याद करने की आवश्यकता है। उनके त्याग बलिदान को कैसे हमारा समाज भूल गया था। अवसर की तलाश थी। 26 दिसम्बर को प्रधानमंत्री ने वीर बालक दिवस घोषित किया। पूरी पृष्ठभूमि क्या है। इतिहास को देखें। पूरी घटना का वर्णन करते गला रुध जाता है।इन वीरों का इतिहास हर जगह रचित है। प्रधानमंत्री ने ऐसे स्थलों को चिन्हित किया और उसके महत्व को रेखांकित किया। यह एक महज कार्यक्रम नहीं है हमारे भीतर सतगुरु बैठा हुआ है कि हिंदुस्तान से कितना प्यार है। इसमें समझने का विषय क्या है। भारत के



इतिहास, धर्म, संस्कृति को जानना है तो इन वीरों को पढ़ना होगा। अध्यक्षता करते हुए बीपीजी के प्रबन्धक सचिव वीरेंद्र सिंह अहुलवालिया ने कहा कि गुरु साहब ने हिन्दू धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए अपना शीश मुगलों को दिया और धर्म, सिद्धांत की रक्षा के लिए तलवार उठाये। इसी क्रम में राना परमजीत कौर, सह विभाग संचालक देवरिया डॉ सीएस सिंह, रामाश्रय जी जिला संचालक आदि ने अपने विचार रखे। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि गुरू गोंविन्द सिंह के चार पुत्रो की शहादत को मोदी जी व योगी जी ने विद्यालयों पाठ्यक्रम में शामिल कर युवाओं को राष्ट्र के प्रति प्रेरित किया है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिन्हा, राजेश कुमार शुक्ला, दिवाकर मणि त्रिपाठी, डॉ कालिंदी त्रिपाठी आदि ने अतिथियों का माल्यर्पण कर व अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता बीपीजी के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र व संचालन अमिताभ त्रिपाठी ने किया।

# अटल जी की नीतियों से देश विकास पथ पर : रजनीकांत मणि त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शती बुधवार को कसया नगर स्थित भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल के आवास पर मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. बाजपेयी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी एक राजनेता ही नहीं बल्कि भारतीय राजनीति के सफल राजनेता, विचारक और कालजयी कवि थे। वह इतने लोकप्रिय थे कि सभी दल उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे।

अटल जी की नीतियों से देश विकसित पथ पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने ने विदेश नीति और कुटिनीतिक में देश को वैश्विक पहचान दिलाई। अपने शासनकाल में सुशासन की नींव को मजबूती दी। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदंबा सिंह, प्रेमचंद मिश्र ने उनके जीवन से जुड़े संस्मरण सुनिए। भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चंद्र प्रभा पांडेय, फूलवंती चौहान, सुगंधा, रमायन कुशवाहा, अधिवक्ता दिनेश सिंह, अमर चंद जायसवाल, डा.टी एन राव, विपुल दूबे, शंभू प्रसाद गुप्ता, अजय शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, राजेश सिंह,नंदू वर्मा, अमित पांडेय, अमिय गुप्ता, विक्की जायसवाल, विपुल, संजय शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह, आद्या पांडेय, मंकेश राय, सुनील पांडेय, रजनीश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# तीन स्वर्ण पदक जीत सरिता व्यक्तिगत चैंपियन, टीम स्पर्धाओं में जेपीएस के छात्र अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत गौरीश्रीराम के माधोपुर स्टेडियम में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एथिलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती विधा में महिला एवं पुरुष वर्ग सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सरिता निषाद ने तीन स्वर्ण पदक जीता और उसे चैंपियन घोषित किया गया। जबकि टीम स्पर्धाओं में जगदीश पब्लिक स्कूल गौरीश्रीराम के छात्रों ने बाजी मारी। बुधवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के उक्त खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी (बीओ) अशोक चौबे की देखरेख में संपन्न हुई प्रतियोगिता के 100 मीटर सब जूनियर बालक जितेंद्र, बालिका अंकिता, जूनियर बालक मुखिया, बालिका सरिता, सीनियर बालक अशफाक, बालिका काजल, 200 मीटर जूनियर बालक हिमांशु, बालिका सरिता, सीनियर बालिका काजल 400 मीटर जूनियर बालक हिमांशु, सीनियर बालक आदित्य, बालिका काजल, 800 मीटर सब जूनियर बालक धनन्जय, बालिका अंकिता, बालिका सरिता, 1500 मीटर सब जूनियर बालिका अंकिता, सीनियर बालक अशफाक प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद सब जूनियर बालक वर्ग में धनन्जय व बालिका वर्ग में पूनम कुशवाहा, जूनियर वर्ग में मुखिया व सीनियर वर्ग में सरताज प्रथम स्थान पर रहे। कुश्ती सब जूनियर 40 किग्रा वर्ग में हिमांशु, 45 किग्रा में आदित्य, जूनियर वर्ग में शेषनाथ व सीनियर वर्ग में शिवकुमार व शाहजान तथा बालिका वर्ग में निर्मला विजेता रहे। लंबी कूद के सब जूनियर बालक वर्ग में धनन्जय, बालिका वर्ग में पूनम कुशवाहा, जूनियर बालक मुखिया व सीनियर वर्ग में सरताज प्रथम स्थान पर रहे। बैडमिंटन के जूनियर वर्ग में सिद्धार्थ तिवारी विजेता रहे।सब जूनियर बालिका वर्ग की वालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता में जगदीश पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने जीत दर्ज की। इसके पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ कस्तूरबा वार्डन फिरदौस आरा ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते प्रधानाचार्य गंगेश्वर पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश यादव कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। अब खेल कैरियर के रूप में भी अपनाया जाने लगा है। आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अशोक चौबे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि सफल खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। पीआरडी अभिषेक कुमार ने रिकार्ड व प्रमाण पत्र तैयार किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर कसया सीएचसी अधीक्षक मार्कण्डेय चतुर्वेदी हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिले में स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को डीएम विशाल भारद्वाज व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। बुधवार को सीएमओ कार्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम कुशीनगर विशाल भारद्वाज व सीडीओ गुंजन द्विवेदी पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान सीएचसी कसया अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। सीएमओ कुशीनगर सुरेश पटारिया ने प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी को सम्मानित किया। विदित हो कि भारत सरकार के सीआरएम टीम की जनपद में जांच के दौरान सीएचसी अधीक्षक कसया डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने भी उत्कृष्ट कार्य किया था।सीएमओ कुशीनगर सुरेश पटारिया ने भी डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी के कार्यों की सराहना व प्रशंसा की।अपने बेहतरीन कार्यप्रणाली और मरीजों के बेहतर इलाज के लिए जाने जाते हैं डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी कसया सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी मरीजों के बेहतर इलाज समेत बेहतरीन कार्यशैली से जाने जाते हैं। सीएचसी कसया अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत से ही डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी के नेतृत्व में मरीजों और अस्पताल आए लोगो को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगी। सीएचसी कसया मरीजों के लिए उम्मीद का नया केंद्र बनकर उभरा है,यह विभिन्न बीमारियों के बेहतर इलाज व जांच निशुल्क होते है साथ ही दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध होती है। डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी के सफल प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया मरीजों के उम्मीद का केंद्र है.अब मरीजों को अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया पर मरीजों के निशुल्क समुचित इलाज का बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा रही है। डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने बताया कि मरीजों का बेहतर इलाज उनकी प्राथमिकता है साथ ही प्रत्येक लाभार्थी तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### लैब टेक्नीशियन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते सीएमओ

**कुशीनगर ।** भारत सरकार द्वारा सी आर एम टीम के माध्यम से पूरे कुशीनगर जनपद का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जमीनी हकीकत जाना और सरकार द्वारा दी जानी वाली सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रही है कि नही जैसे अल्ट्रासाउंड की जांच, एक्स रे की जांच ,खून, पेशाब की जाच व डॉक्टरों द्वारा लिखा जाने वाला दवा मिलता है की नही इसकी जांच दिल्ली से आई सी आर एम टीम द्वारा किया गया था । जिसमे कुशीनगर जनपद के फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लवकुश पश्चिम पट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेहतर कार्य किया । प्रयोगशाला जाच में लैब टेक्नीशियन राहुल सिंह द्वारा बेहतर कार्य करने के लिए सुशासन दिवस पर जिलाधिकारी महोदय व सीडीओ मैडम की उपस्थिति में राहुल सिंह को प्रशस्ति पत्र मुख्य चिकित्साधिकारी डा0सुरेश पटारिया द्वारा दिया गया ।

# मोतीगंज थाना क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रही हरे पेड़ों की कटान, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है।पुलिस की मिली भगत कहे या फिर निष्क्रियता का फायदा उठाते हुए लकड़कट्ट नियम-कानून को ताख पर रख बागों की हरियाली समाप्त कर रहे हैं।मोतीगंज थाना क्षेत्र में आए दिन किसी न किसी गांव में हरियाली पर आरा चल रहा है।वन विभाग सबकुछ जानकर महकमा अंजान बना हुआ है।मोतीगंज थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान तेजी से जारी है।

पर्यावरण संरक्षण फिलहाल यहां बेमानी साबित हो रहा है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र में प्रतिदिन जहां किसी न किसी गांव में हरे पेड़ों की कटान हो रही है,वहीं सूत्र बता रहे है कि शाम ढलते ही सड़कों पर ट्रैक्टरों पर लदी लकड़ी पुलिस की मिलीभगत से पास कराई जाती है।वही सूत्र बता रहे है कि थाने में तैनात कुछ सिपाही और एक तथाकथित थाना क्षेत्र में बिना परमिट के पेड़ कटवाने का ठेका लेता है और उसी के अनुसार सुविधा शुल्क लेकर हरियाली पर आरा चलवा रहा है।वही मोतीगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ स्कूल के पीछे बिना परमिट के सागौन के आठ पेड़ काट डाले गए।इस बाबत वनक्षेत्राधिकारी (पंडरी कृपाल रेंज )ने बताया कि किस ने बेटी के शादी के लिए तीन पेड़ कटवाया था और किसान बहुत गरीब था लेकिन फिर भी उसे तीन पेड़ पर कार्रवाई की गई है और वहां कोई भी आठ पर नहीं काटे गए हैं मौके पर जांच कराई गई है अगर सूचना दी गई है कि आठ पेड़ काटे गए हैं तो उसे दोबारा चेक करवाया जा रहा है और कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कीमत पर प्रतिबंधित पेड़ों की कटान न हो पाए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, ई-निविदा संख्या : CPM-GS-IZN-2024-12, कार्य का नाम :** उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति/इज्जतनगर के कार्य क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पीलीभीत स्टेशन नये स्टेशन भवन एवं प्लेटफार्म निर्माण का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 16,55,65,116.78, **बयाना राशि :** रु. 9,78,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **06.01.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 20.01.2025 15.00 बजे तक** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- **दिनांक 20.01.2025 15.30 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**मुजाधि/डब्ल्यू-343** **उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


# चित्रकार की उत्कृष्ट कृतियां बनती हैं उदाहरण:सुरेंद्र सिंह कुशवाहा

❒ भारतरत्न अटल बिहारी के 100वें जन्मदिन के अवसर पर हुआ मेघा सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। चित्र तो सभी बना लेते हैं लेकिन अच्छे चित्रकार की कृति समाज व देश के लिए उदाहरण बन जाती है। ठीक उसी प्रकार जो छात्र जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उच्चतम कृतिमान गढ़ते हैं। वह अन्य छात्रों के लिए अविस्मरणीय उदाहरण बन जाते हैं। उक्त बातें फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कही।

वे जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदावलिया के परिसर में बुधवार की शाम को भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर हाईस्कूल परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट अंक पाने वाली छात्रा साजिया एवं साधना यादव को महासोन गौरव सम्मान प्रदान कर रहे थे। दोनों छात्राएं सी पी आई सी छहूं की छात्रा थी। उन्होंने कहा कि अटल जी महिला शसक्तीकरण को लेकर कई योजनाएं चलाईं।आज उसका परिणाम दिख रहा है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पांडेय ने कहा कि अटल जी बालिका शिक्षा को बढ़वा देने के लिए कृतसंकल्पित थे।

बेटियों की प्रतिभा को बढ़ावा देने की यह पहल क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के मंदिर में दीप प्रज्तवलन तथा अटल बिहारी के चित पर पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के अलावा कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने किया एवं संचालन कार्यक्रम केआयोजक राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुनील त्रिपाठी ने किया।इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामकुंवर प्रसाद, रामाज्ञा यादव,नवी अली जयप्रकाश मिश्र,रंजीत चौहान,नागेन्द्र सिंह,शैलेन्द्र तिवारी,छोटे मिश्रा,दीपक गौंड ,दिनेश गुप्ता,बबलू,आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक-3863/न0पा0प0 खैराबाद / 2024-25 दिनांक 24.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से ई-निविदा दिनांक 26.12.2024 से दिनांक 15.01.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15.01.2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्र0सं0 | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम समय एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 26.12.2024 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 26.12.2024 05:00 PM | 15.01.2025 11:30 AM |
| 3 | | Bid Submission | 26.12.2024 06:00 PM | 15.01.2025 11:30 AM |
| 4 | Tender Open | | 15.01.2024 12:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर


# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, तीन गिरफ्तार

❒ पिकअप वाहन से 15 राशि गोवंशीय पशु बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। पडरौना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम के साथ गुरुवार की तड़के पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इसमें दो तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक अन्य तस्कर समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस तस्करों से दो पिकअप वाहन से 15 राशि गोवंशीय पशुओं को मुक्त करते हुए इन लोगों के पास से तीन अवैध तमंचा भी बरामद किया है। कोतवाली पडरौना को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर पशु तस्कर पिकप वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रो के रास्ते गोवंशो को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कोतवाली पडरौना एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्रान्तर्गत घोड़हवा तिराहा से चैती मुसहरी जाने वाले मार्ग के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान दो पिकप वाहन आते दिखाई दिए, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए जिनकी पहचान अबरेज पुत्र सिकन्दर निवासी डोमन छपरा थाना खड्डा, अलाउद्दीन पुत्र अली बक्श निवासी भुझौली बाजार बुजुर्ग थाना खड्डा के रुप में हुई तथा एक अन्य साथी अबरार बंजारा पुत्र साकिर निवासी धनेवा थाना कोतवाली महाराजगंज जनपद महाराजगंज भागने का प्रयास कर रहा था जिसको पुलिस टीम द्वारा काबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 15 राशि गोवंशी पशु, दो ठोस लकड़ी का गोलाकार ठिहा, रस्सी, तीन तमंचा व 03 जिन्दा कारतूस व 04 खोखा कारतूस आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।


# कार्यालय आदर्श नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

पत्र संख्या- 145/मु0न0 सृ0यो0/2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क/ई-निविदा/न0पं0सु0/2024 दिनांक-24 दिसम्बर 2024

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो तथा शासनादेश संख्या-3890/ नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ, दिनांक-20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क मद में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जिसका तिथिवार विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | विवरण | प्रकाशन / प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 27 दिसम्बर 2024 | --- |
| 02 | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड की तिथि | 27 दिसम्बर 2024 | 18 जनवरी 2025 |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 20 जनवरी 2025 | |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी। | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते, कार्य का नाम, धनराशि सहित विस्तृत विवरण वेबसाइट- www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार खरवार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

(देवीदीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

# अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शिकायत पर मंडलायुक्त सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। देवीपाटन मंडल में संचालित कई पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने स्वास्थ्य विभाग को जांच के आदेश दिए हैं।यह मामला तब उजागर हुआ जब अधिवक्ता केएन मिश्र ने मंडलायुक्त को एक शिकायती पत्र सौंपा जिसमें बिना योग्य विशेषज्ञों की नियुक्ति के पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाए जाने का आरोप लगाया गया,शिकायत में कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर रेडियोलॉजिस्ट की जगह टेक्नीशियन द्वारा जांच करना जाने का कि मांग करते हुए इसे कानूनी और नैतिक दोनों ही दृष्टि से गंभीर बताया गया है। साथ ही, पैथोलॉजी सेंटरों पर एमडी पैथोलॉजिस्ट की नियुक्ति के बिना ही संचालन किए जाने का आरोप लगाया गया है।शिकायत कर्ता ने इसमे स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत होने अंदेशा जताया गया है।



मंडलायुक्त ने अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, देवीपाटन मंडल को निर्देश दिया है कि वे पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट तीस दिसंबर तक प्रस्तुत करें। जांच में यह स्पष्ट करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कि प्रत्येक सेंटर का रजिस्ट्रेशन,उसके संचा लकों और वहां नियुक्त विशेषज्ञों का विवरण जांचा जाए।मंडलायुक्त ने एक विशेष प्रारूप में जानकारी मांगी है। जिसमें प्रत्येक पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर का स्थान,रजिस्ट्रेशन नंबर,संचालक का नाम और वहां कार्यरत एमडी पैथोलॉजिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट के नाम व संपर्क विवरण शामिल हैं।

# वीर बाल दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बहराइच । जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच द्वारा वीर बाल दिवस 2024 में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन विहान बालिका विद्यालय में किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बहराइच के विभाग प्रचारक श्री कृष्ण कुमार जी मुख्य अतिथि एवं जिला प्रचारक अजय जी, हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष धनंजय सिंह जी, अल्पसंख्यक अधिकारी संजय मिश्रा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभाग प्रचारक जी ने वीर बाल दिवस पर बच्चों को बताया की कैसे 9 वर्ष के बालक बाबा जोरावर सिंह एवं 6 वर्ष के बालक बाबा फतेह सिंह ने देश एवं धर्म के खातिर अपने प्राणों को त्याग दिया पर धर्म से नहीं हटे,उन बच्चों ने शौर्य एवं अदम्य साहस का परिचय दिया आज हम सभी उस त्याग और बलिदान को भूलते जा रहे है आज हम कैसे अपने सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को पाश्चात्य संस्कृति के मूल्यों एवं आदर्शों को कैसे बचा सकते है इन बच्चों की शहादत इस बात का एक



उत्कृष्ट उदाहरण है आज के समय में जहां हम थोड़े से लालच के कारण अपने मूल्यों एवं कर्तव्यों से भटक जाते है।

वही गुरु गोबिंद सिंह जी के बच्चे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह ने समाज में शक्ति, साहस एवं त्याग की एक सर्वोच्च उदाहरण पेश कर दिया है।

जिला प्रचारक जी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें इस शहादत को सिर्फ कार्यक्रमों एवं उनकी तालियों तक समिति नहीं कर देना है इस शहादत से हम क्या सीख सकते है ये आज सोचने और जानने का विषय है आज समाज में लगभग 350 साल हो गए सिख पंथ की स्थापना को परन्तु आज भी समाज के बहुत से वर्ग को इस शहादत के बारे में जानकारी नहीं है, परन्तु अब वो समय है।

जब आपको और हमे इसका बीड़ा उठाना पड़ेगा और जन जन को इस त्याग को बता कर समाज को जागृत करना पड़ेगा। अल्पसंख्यक अधिकारी ने बताया कि ये छह गौरवशाली इतिहास का सर्वोच्च उदाहरण है। जहां बड़े बड़े लोगों के ईमान और धर्म डोल जाते है वहीं इन नन्हे बालकों ने साहस एवं त्याग का अद्भुत परिचय दिया है।

समाज में ऐसे ही साहस से जागरण आता है अंत में संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में ऐसे ही और कार्यक्रमों में सभी की सहभागिता एवं सहयोग मांगा।

सभी बच्चों को संस्थान के द्वारा उपहार भी दिए गए। विहान बालिका विद्यालय से प्रिंसिपल प्रिय प्रकाश मैडम,श्रद्धा रैकवार विज्ञान शिक्षिका निधि मिश्र अंग्रेजी शिक्षिका भू रत्ना प्रभा संगीत शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव कंप्यूटर शिक्षिका एवं संस्थान से अध्यक्ष जसवीर सिंह, सचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष चरणजीत कौर, प्रबंधक जगदीश केशरी, उपाध्यक्ष अंशू मल्होत्रा, उपाध्यक्ष डॉ गर्वित मल्होत्रा , संयोजन स्पर्श शुक्ला, पंकज कुमार अरविंद शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।

# विदेश में रहकर भी भारत की परंपरा और संस्कारों को सहेज रहे समाज सेवी सुशील मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अब भले ही वे समाज सेवी सुशील मिश्रा 11 वर्ष से सात समंदर पर अमेरिका में रह रहे है,लेकिन भारत और भारतीयता उनकी रगो में संस्कार बनकर बहती है।जिस देश में हैं,वहां अपनी संस्कृति और परां पराओं के लिए हमेशा कार्य करते हैं। चाहे हमारे उत्सव हों या फिर भाषा,परंपराओं को सहेजना हो या धर्म का अलख जगाना हो,अप्रवासी भारतीय समाज सेवी सुशील मिश्रा हमेशा आगे रहते हैं।इसी का परिणाम है कि आज दुनिया के कई देशों में 'मिनी हिंदुस्तान' बन चुके हैं।इन क्षेत्रो में चले जाइये लगता ही नहीं कि आप अपनी संस्कृति और माटी से दूर अजनबी देश में रह रहे हैं।यहां होली पर रंग-गुलाल उड़ते हैं तो दीपावली पर पटाखे



और गुझिया की मिठास भी साथ होती है।ऐसे ही हमने जानी समाज सेवी सुशील मिश्रा से विदेश में भारतीयता सहेजकर रखने की कहानी...11 साल से सात समंदर पार रहकर भारतीय सभ्यता के अनुसार विदेश में भी शिखा रखने के साथ ज्योर्तिलंग पूजन से करते हैं दिन की शुरुआत लांश एजिंल्लश कैलिफोनि या शहर में रहने वाले समाज सेवी सुशील मिश्रा अमेरिका में 11 साल से हैं।वे अमेरिका कई सालों से रहकर मंदिरों में पूजा पाठ और समय-समय भंडारे का आयोजन करते हैं।और भारत में रह रहे लोगो गरीबो कई ज्योर्तिलंग के साथ ही,तिरुपति बालाजी आदि के दर्शन अवश्य कराते हैं और वे अपनी धर्म-संस्कृति से इतने प्रभावित हैं कि विदेश में रहने के बाद भी उन्होंने शिखा रखने के साथ ही शिखा बंधन सहित अन्य नियमों का पालन नहीं छोड़ा।सुशील मिश्रा बताते हैं कि अमेरिका ही नहीं भारत में भी समय-समय पर ठंडक में कंबल का वितरण,गरीब कन्याओं के हाथ पीले करवाना,समय-समय पर भंडारे का आयोजन करवाते हैं वही परिवार में धार्मिक रीति-रिवाज और त्योहारों को पूरी अस्था के साथ मनाया जाता है।वे अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के साथ पूरे वर्ष कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं।वही समाज सेवी सुशील मिश्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य एक ही है कि विदेश में रह रही भारतीयों की नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और संस्कार न भूल जाए।

# सपा लोहिया वाहिनी के सदस्यों द्वारा चला 'पीडीए का परचा' नामक अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विधानसभा बहराइच सदर में तेजवापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेखदहीर के गोड़ियनपुरवा में समाजवादी पार्टी के निर्देशानुसार समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच द्वारा'' हो बाबा साहब के मान पर चर्चा, घर घर पहुचे पीडीए का पर्चा'' विषय पर चर्चा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने किया। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने अपने संबोधन में कहा, ह्लबाबा साहब ने वंचित समाज को जो अधिकार दिए, उन्हें सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। 'पीडीए का परचा' के तहत यह चौपाल हर गांव और हर घर तक



बाबा साहब के मान और उनके विचारों को पहुंचाने का प्रयास है।

समाजवादी पार्टी बाबा साहब के विचारों पर आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।ङ्क चौपाल में उपस्थित समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह मौर्य शैलू ने कहा, ह्लबाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाया और समानता का अधिकार दिलाया। समाजवादी पार्टी उनके विचारों को हर घर तक पहुंचाने के लिए 'पीडीए का परचा' अभियान चला रही है।

ताकि सामाजिक न्याय और समानता का संदेश हर नागरिक तक पहुंचे।ङ्क कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रमुख उपस्थित व्यक्तियों में रितेश यादव, अकबर, गुड्डू, सत्यम निषाद, भिंडरा निषाद, टेकलाल, इखलाक, शिवम निषाद, बलराम निषाद, सुन्दरलाल निषाद, रमेश निषाद और फूलचंद निषाद व सैकड़ो लोग शामिल थे।

चौपाल का उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, वंचित वर्गों को जागरूक करना और समाज में समानता व सामाजिक न्याय को मजबूत करना था।

# सुशासन दिवस के रूप मे मना अटल जी का जन्म दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैंसरगंज बहराइच। भारतीय जानता पार्टी द्वारा मंडल कैसरगंज के जो़ड़िहा नीम बूथ पर ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह के नेतृत्व में भारतीय राजनीति के युगपुरुष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म जयंती पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री सहकारिता मुकुट बिहारी वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओ के साथ अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर उनको नमन किया,कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री वर्मा पूर्व मंत्री ने भारत रत्न श्रद्धेय स्वधपंडित अटल बिहारी जी के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा की भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला, वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे, हम सभी कार्यकर्ताओ को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, कार्यक्रम मे जो़डिहा नीम से तीन सौ रेती तक पदयात्रा निकाली गयी।इस अवसर पर शिव सहाय सिंह, शिवा पाण्डेय,गजेंद्र सिंह, शिवानंद सिंह, कौशलेंद्र चौधरी, रुपेश सिंह जीतू, देव शरण वर्मा,सहित अन्य तमाम भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण तथा दूर-दूर से आए हुए गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गोण्डा में पटरी पर मैकेनिक,सड़क को बना दिया गैराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले कि नगर पालिका परिषद की मुख्य सड़क हो या फिर कस्बा क्षेत्रों की सड़कें ट्रैफिक व्यवस्था हर जगह ध्वस्त है।जहां देखो वहीं पर वाहन खड़े नजर आते हैं।स्थिति यह है कि मंडल मुख्यालय की सबसे व्यस्त सड़क पर ही गैराज चल रहा है।यहां चार पहिया से लेकर दो पहिया वाहनों की मरम्मत की जाती है।जिम्मेदारी आला अधिकारी भी इसी रास्ते से गुजरते हैं,बावजूद इसके समस्या जस के तस है।बेंडिंग जोन घोषित होने के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए न तो अधिकारी न ही आम लोग रूचि ले रहे हैं। यही वजह है कि एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक, नगर कोतवाली व इससे आगे स्टेशन तक सड़क पर दुकानदारों का ही कब्जा है।छोटे व्यवसाइयों के साथ बड़े प्रतिष्ठानों का भी अतिक्रमण सड़क तक फैला है। कई स्थानों पर कार व बाइकों की मरम्मत सड़क पर ही की जा रही है।इससे दूसरे वाहनों की आवाजाही में मुश्किल



## अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।दुकानदारों को जाग रूक करने के साथ ही कार्रवाई भी की जाती है। जल्द ही अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सीओ सिटी नगर गोंडा.,

होती है।इन्हें न तो कोई रोकने-टोकने वाला है और न ही कार्रवाई की जाती है।गोण्डा स्टेशन रोड से लोग बलरामपुर,बहराइच व अयोध्या की तरफ जाते हैं, रोडवेज की बसें भी निकलती हैं।तब स्थिति और विकराल हो जाती है।ऐसे में सड़क पर चल रहे राहगीर और दो पहिया वाहन चालक खासे परेशान रहते हैं। नगर कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक के जिम्मेदार अफसरों ने सड़क पर हो रहे कारोबार को रोकने व अव्यवस्था को सुधारने की पहल नहीं की है।हालांकि, जब किसी अधिकारी या कोई जनप्रतिनिधि का वीआ ईपी का काफिला यहां से निकलता है तब पुलिस कुछ देर के लिए सड़क को व्यवस्थित करवा देती है।इसके बाद फिर से वही हालात बन जाते हैं।कई बार इसी रोड से गंभीर मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस भी फंस जाती है।

## फोन रिसीव न करने पर मंडलायुक्त ने मांगा स्पष्टीकरण

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहायक श्रमायुक्त मो.अब्बास ने मण्डलायुक्त का फोन रिसीव न करने एवं मोबाइल बंद कर लेने पर आयुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।दरअसल देवीपाटन मंडल के उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा के अवकाश पर होने के कारण कार्यभार संभाल रहे सहायक श्रमायुक्त मो.अब्बास से आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने शासकीय कार्य के संबंध में बात करना चाही तो अधिकारी द्वारा जानबूझकर फोन स्विच आफ कर लेने पर आयुक्त ने कड़ा रूख अपनाया है।मंगलवार को आयुक्त ने एक महत्वपूर्ण पत्रा वली के संबंध में सहायक श्रमायुक्त से वार्ता करने के लिए व्यक्तित्व सहायक के द्वारा फोन करवाया तो एक बार फोन की घंटी जाने के बाद फोन स्विच ऑफ हो गया जिससे उनकी अधिकारी से वार्ता नहीं हो पाई है जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हुआ।आयुक्त ने उच्चाधिकारी की कॉल रिसीव न करने,कदाचार तथा दायित्व एवं कर्तव्यों के प्रति बरती घोर लापरवाही बरतने के लिए स्पष्टीकरण मांगा है।आयुक्त ने कहा है कि तीन दिवस के अंदर व्यक्ति गत उपस्थित होकर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया जाए।

## कैसरगंज थाने का महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण



**कैंसरगंज बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण पर आयीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने बुधवार को थाना कैसरगंज का निरीक्षण कर भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल जी के चित्र पर मार्ल्यापण श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रजापति ने महिला आरक्षियों से वार्ता की तथा महिला हेल्प डेस्क से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन शिकायतों के निस्तारण हेतु की गई कार्यवाही का जायज़ा लिया। इस अवसर पर थाना कैसरगंज के प्रभारी निरीक्षण हरेन्द्र कुमार मिश्रा, निरीक्षक अपराध संजीव पाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र शर्मा व जिला प्राबेशन अधिकारी विनोद राय सहित व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला बाल पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी स्वयंसेवकों ने 25 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाते नगर में पूर्ण गणवेश में संघ के वाघ्ययंत्रों की धुन पर कदम ताल करते हुए बाल पथ संचलन निकाला। पथ संचलन का नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। संचलन मार्ग को रंगोली बनाकर,बैनरों व होर्डिंगों से सजाया गया था। कई स्थान पर ध्वनियंत्रों पर देश भक्ति के गीत लगाये गए तो कुछ स्थानों पर जनता ने ही भारतमाता के जयकारों से वातावरण को राष्ट्रमय किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस अवध क्षेत्र के प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर रहे जबकि अध्यक्षता सरदार सरजीत सिंह ने किया। आरएसएस के घोष आनक, बांसुरी एवं बिगुल, ड्रम की मनमोहक धुन पर हाथों में दंड, दिलों में देश भक्ति भाव संजोए सैनिकों की भांति पूरे जिले के लगभग 500 बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन महाराज सिंह इंटर कालेज से प्रारम्भ हुआ जो गुरुनानक चौक,छोटी बाजार,चित्रशाला टॉकीज,घण्टाघर चौक, पीपल तिराहा होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा पहुँचा। संघ के घोष दल की मधुर ध्वनि, स्वयंसेवकों की राष्ट्रभक्ति, सामूहिक संगठन शक्ति और अनुशासन का दर्शन सभी नगरवासियों और दर्शकों को रोमांचित कर रहा था।



स्वयंसेवकों के अनुशासित पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में सड़क के दोनों ओर भीड़ लग गई। बाल पथ संचलन शुरू होने से पूर्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि पूरे देश में गुरुपुत्रों अजीत सिंह ,जुझार सिंह,जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह का बलिदान वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा एवं धर्म रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर सिंह एवं गुरुपुत्रों का बलिदान सभी के लिए अनुकरणीय है ,गुरु जी एवं गुरुपुत्र सर्वस्व दानी थे। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज में स्वाभिमान जागृति एवं संगठन हेतु 1925 में संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की थी और 1940 में नागपुर में संघ शिक्षा वर्ग में समूचे भारत देश के लोग उपस्थित हुए। कहा कि अब जब आरएसएस आगामी वर्ष में अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा तो ऐसे समय में संघ ने पंच परिवर्तन का अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। उन्होंने पंच परिवर्तन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य के पंच परिवर्तन का संदेश हर गांव और कस्बे तक पहुंचायें और लोगों को उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार सरजीत सिंह ने कहा कि मुगल काल में जब जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था तब धर्म की रक्षा के लिए गुरु जी एवं गुरु पुत्रों ने शहादत दी। सभी को गुरु एवं पूर्वजों के बारे में जानना चाहिए। बाल पथ संचलन के अवसर पर सामाजिक समरसता के प्रान्तीय प्रमुख राजकिशोर,जिला संघ चालक वासुदेव,विभाग कार्यवाह अम्बिका प्रसाद,विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,जिला कार्यवाह भूपेन्द्र,सह जिला कार्यवाह अंकुश, जिला प्रचारक अजय,विभाग प्रचार प्रमुख अतुल, जिला प्रचार प्रमुख विपिन सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

# एसएसबी उपमहानिरीक्षक का 59वीं वाहिनी कमांडेंट ने बुके देकर किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी उपमहानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, लखीमपुर खीरी वी. विक्रमन द्वारा एसएसबी 59वीं बटालियन नानपारा का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें बटालियन की परिचालन क्षमता, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक प्रबंधन एवं दस्तावेजों का गहन मूल्यांकन किया गया ।

श्री विक्रमन का 59वीं बटालियन के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने गर्मजोशी से बुके देकर स्वागत किया गया।

निरीक्षण की शुरुआत उपमहानिरीक्षक को प्रदान किए गए ह्लगार्ड ऑफ ऑनरङ्क के साथ हुई, जो जवानों की अनुशासन और समर्पण भावना को प्रदर्शित करता है। निरीक्षण के दौरान, वी. विक्रमन ने बटालियन परिसर में शहीद घनश्याम गुर्जर वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया । उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के महत्व पर जोर देते हुए जवानों को नियमित रूप से इस दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया ।

श्री विक्रमन ने बटालियन की परिचालन रणनीतियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए सतर्कता, अनुशासन और समन्वय के महत्व पर जोर दिया । निरीक्षण के समापन पर श्री विक्रमन ने ह्लसैनिक सम्मेलनङ्क में हिस्सा लिया । इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याएं सुनीं और उनके सुझावों को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया । उन्होंने जवानों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कुशलता को और निखारने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही ।यह दौरा सशस्त्र सीमा बल की उच्चतम स्तर की परिचालन दक्षता बनाए रखने और कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ।

## अटल सम्मान से सम्मानित हुई लेखिका शमा



**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में भारत रत्न अटल सम्मान से सम्मानित हुई लेखिका शमा परवीन साहित्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले देश विदेश से आए साहित्यकारों को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश में प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी जी द्वारा हुआ।आपको बताते चले लेखिका, शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन इससे पहले उत्तराखंड में श्री बागेश्वरी साहित्य सम्मान, सुल्तानपुर में काव्य रत्न सम्मान,दिल्ली में कबीर कोहिनूर सम्मान, राजस्थान में डॉ अंबेडकर कीर्ति सम्मान,लुंबिनी नेपाल में सार्क गौरव अवॉर्ड से सम्मानित होकर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में उपस्थिति दर्ज करते हुए सम्मानित हुई, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, बदायूं काव्य कुंभ सम्मान सहित हजारों मंच से सम्मानित हो चुकी है।

## भू-माफिया के जेल बदले गए,बृजेश अवस्थी बस्ती,अनिल सिंह बहराइच और राकेश त्रिपाठी को बलरामपुर

**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में बड़े पैमाने पर हुए जमीन घोटाले के मामले में गोंडा मंडलय कारागार में बंद तीन भूमाफियाओं को अलग अलग जिलों में शिफ्ट किया गया है तीनो भूमा फिया बृजेश अवस्थी को गोण्डा मंडलय कारागार से बस्ती कारागार में शिफ्ट किया गया है।वहीं भूमाफिया अनिल सिंह को गोंडा मंडलय कारागार से बहराइच कारागार में शिफ्ट किया गया है और भूमाफिया राकेश त्रिपाठी को भी गोंडा से बलरामपुर जेल में शिफ्ट किया गया है।

वही बड़े पैमाने पर इन तीनो लोगों द्वारा जिले में फर्जी तरीके से जमीनों का घोटाला किया गया था।तत्कालीन डीआईजी रहे उपेंद्र अग्रवाल द्वारा एसआईटी गठित करके पूरे मामले की जांच कराई गई थी।जांच में दोषी मिलने पर तीनो भूमाफियाओं समेत कई लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।इन तीनों भूमाफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई है और अभी वर्तमान में ही गोंडा मंडल कारागार में यह तीनों भूमाफमिया बंद थे।दरअसल,मंडल कारागार में बंद तीनो भू-माफियाओं को फर्जी बैनामा और कूटरचित अभिलेखों के आधार पर भूमि बैनामा कराने केआरोप में अन्य जिला जेलों में स्थानांतरित किया गया है। यह मामले वर्ष 2022 में भूमि बैनामा घोटाले के उजागर होने के बाद सामने आए थे जब डीआईजी ने एक एसआई टी टीम का गठन किया था।इसके बाद कुल 43 मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच में एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ था जिसमें नगर कोतवाली क्षेत्र के बृजेश अवस्थी,अनिल सिंह और राकेश त्रिपाठी प्रमुख आरोपी थे।बृजेश अवस्थी इस फर्जीवाड़े का मास्टर माइंड था और अनिल सिंह तथा राकेश त्रिपाठी उसकी मदद कर रहे थे।

# वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के निर्देशन में महिला शिक्षक संघ मरौरी व नगर का हुआ गठन

❒ अनुपमा अग्रवाल ब्लॉक अध्यक्ष मरौरी,महामंत्री आकांक्षा त्यागी एवं आरती मीडिया प्रभारी नगर की मंजू सिंह अध्यक्ष और दीपशिखा महामंत्री बनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूनम सहगल के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें ब्लॉक मरौरी एव पीलीभीत नगर की कार्यकारिणी घोषित की गई।

महिला शिक्षक संघ की जिला महामंत्री रजनी जौहरी,संगीता वर्मा,वर्षा ने नवनियुक्त मरौरी ब्लॉक एवं नगर की कार्यकारिणी को माला पहनकर स्वागत किया है। मरौरी ब्लॉक कार्यकारिणी में मुख्य रूप से अध्यक्ष अनुपमा अग्रवाल, आकांक्षा त्यागी महामंत्री,कोषाध्यक्ष आकांक्षा सिंह,सोना गांधी उप मंत्री,आरती वाजपेई मीडिया प्रभारी नियुक्त की गई है।इस कार्यकारिणी को गठन करते समय महिला शिक्षक संघ की वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूनम सहगल ने कहा कि जनपद में किसी भी महिला शिक्षक का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

यह कार्यकारिणी महिला शिक्षक संघ की गतिविधियों को सशक्त बनाने में तथा महिला शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने में अपना योगदान करेंगी।

# राज्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में कृषि विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विराट ग्राम्य स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का समापन किया गया। आज समापन के अवसर पर किसान मेले में संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मातृ एवं शिशु कल्याण राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी निशा अनंत की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कृषि विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन करनें वाली अध्यापिकाओं, मिलट्स रेसिपी में से तीन उच्च प्रदर्शन करनें वाले समूहों को, उच्च प्रदर्शन करनें वाले स्टाल को एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।किसान मेले में सहकारिता विभाग के द्वारा बुधवार को सहकारिता मंत्री, भारत सरकार ने समितियों के उद्घाटन किये जाने की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गयी। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों (कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, इफको, फसल बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि) द्वारा अपने विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टालों का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है जिनमें ज्यादा ज्यादा से सब्सिडी दी जा रही है जिसका किसान भाइयों को सीधा लाभ मिल रहा है किसान ही देश की शान हैं, बिना किसान के देश की जनता को अन्न नहीं मिल पायेगा।

इसलिए किसानों के हितार्थ हर संभव प्रयास किया जायेगा।

किसान मेले में मा. विधायक गौरीगंज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह किसान मेला न केवल हमारे अन्नदाताओं को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और उन्नत उपकरणों से जोड़ने का माध्यम है, बल्कि उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारे अन्नदाता किसान आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं उनके सशक्तिकरण से ही देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति संभव है। किसान मेले में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अमेठी, जिला उद्यान अधिकारी अमेठी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमेठी, क्षेत्राधिकारी इफको अमेठी ने विभाग में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

अन्त में मेले में उपस्थित किसानों को उप कृषि निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापित कर मेले का समापन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में किसान बंधु मौजूद रहे।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु बनाया गया माइक्रोप्लान 46 हजार हेक्टेयर में होंगी बसंतकालीन गन्ना बुवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्रभु नारायण सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गए निर्देश के क्रय में बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु माइक्रोप्लान बनाया गया है। बसंतकाल में 46 हजार हे. में गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।बुवाई कार्यक्रम हेतु गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नोडल अधिकारी होंगे। बुवाई हेतु प्रचार प्रसार के लिए 140 टीमें गठित की गयी है।

इन टीमों में राजकीय गन्ना पर्वेक्षक,समिति कर्मचारी, चीनी मिलो के गन्ना पर्वेक्षक सम्मिलित होंगे। सभी चीनी मिलो के महाप्रबंधक गन्ना एवं मुख्य गन्ना अधिकारी अपनी चीनी मिलो में बुवाई हेतु जिम्मेदार होंगे।

पीलीभीत चीनी मिल मे सर्वाधिक 21000 हे. में गन्ना बुवाई होंगी,बरखेड़ा में 13000 हे., बीसलपुर में 5600 हे, पूरनपुर में 3500 हे.में बुवाई होंगी स इसके अतिरिक्त 3500 हे. में चीनी मिल गुलरिया, निगोही, फरीदपुर एवं मकसूदापुर द्वारा बुवाई करायी जायेगी। बसंतकाल में को. 0118, कोशा. 13235, कोशा. 17231, को. लख. 14201, को. लख. 16202, को. लख. 15466, को. 15023, को. शा. 16233, कोशा. 9232, व अन्य किस्मो की बुवाई की जायेगी। अभी से पौधशालाओं एवं कृषक प्रक्षेत्र पर गन्ना बीज को सुरक्षित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अभियान को सफल बनाने हेतु सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने गन्ना पर्वेक्षको को बताया कि वह अपने अपने क्षेत्र में गन्ना किस्म को. 0238 की बुवाई न होने दे। इसके लिए गॉव गॉव जाकर गोष्ठी आयोजित करे। जिन किसानो के पास बोने के लिए बीज नहीं है।

उनको बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराये। जनपद में बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गन्ना बुवाई के लिए सभी चीनी मिलो,गन्ना विकास परिषदों को लक्ष्य दिये गए है।दिये गए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति किया जाना है।

# निषाद पार्टी की रथ यात्रा पहुँची पीलीभीत उमड़ा जन सैलाब

❒ निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री कर रहे हैं। इस यात्रा का नेतृत्व 13 जनवरी को निषाद पार्टी अपना 10 वा संकल्प दिवस जनपद गोरखपुर में मनाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ल्लनिषाद पार्टीङ्क द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा जनपद पीलीभीत में पहुँची। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा जनपद पीलीभीत निरीक्षण भवन बाइक रैली से गौरी शंकर मंदिर से मचबा खेड़ा से बरखेड़ा से टिकरी से परसिया से बिसलपुर से वाराह पत्थर चौराहा से ईदगाह चौराहा से फैक्ट्री चौराहा से ब्लॉक चौराहा से बीसलपुर रामलीला मैदान से विलसड़ा होते जनपद शाहजहांपुर की ओर प्रस्थान किया है। श्री निषाद ने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज को एकजुट कर उनके हक़-हक़ूक़ के लिए लड़ी जा रही लड़ाई के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही मछुआ आरक्षण पर निषाद पार्टी द्वारा उठाये गये सभी व्यापक कदम से अवगत कराया जा रहा है। श्री निषाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत की निषाद,कश्यप,मछुआ समाज का समर्थन निषाद पार्टी को हमेशा से मिलते आया है। प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद जनपद पीलीभीत का दौरा बेशक कम हुआ है। किंतु जब मत्स्य विभाग के जनपदीय बजट के अलॉटमेंट करने की फाइल उनके पास आती है।तो वो पीलीभीत में पश्चिमांचल रूहैलखंड के बजट का अधिकतम हिस्सा पीलीभीत के मछुआ समाज के लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी 2025 को निषाद पार्टी अपना 10 वाँ संकल्पन दिवस जनपद गोरखपुर में मनाने जा रही है। और इस संकल्प दिवस पर प्रदेश के सभी जनपदी से मछुआ समाज के लोग पहुचेगे और संकल्प दिवस में ही मछुआ समाज के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आरक्षण के मुद्दे को नई दिशा देने का काम किया जायेगा। श्री निषाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत में हुए स्वागत और यात्रा को मिले समर्थन से अभिभूत है और इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश में मछुआ समाज का विश्वास निषाद पार्टी जीतने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का माध्यम से मछुआ समाज की सभी उपजातियों को संदेश देने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नारे को प्रेरणा मानते हुए ल्लएक है तो सेफ़ हैङ्क के नारे को बुलंद किया जा रहा है क्योंकि पूर्व की सरकारों मछुआ समाज की उपजातियों को बाटने के काम करते हुए, इनको मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही देश में जनगणना होने वाली है। मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि केवट, मल्लाह, बिंद,कहार, धीवर ,रायकवार, कश्यप, बाथम, तुरैहा, भर,राजभर समेत सभी अन्य 17 उपजातियों को अपनी गिनती संविधान में सूचीबद्ध अनुसूचितजाति मझवार और तुरैहा में करवाये।

# पोषाहार से वंचित लाभार्थी आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण ट्रैकर पर करायें अपना पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवती, धात्री महिलाएं, सात माह से तीन वर्ष व तीन से छह वर्ष के बच्चों तथा सैम (अतिकुपोषित) बच्चों को अनुपूरक पोषाहार के रूप में नैफ़ेड द्वारा आपूर्तित एक किलोग्राम चना दाल,एक किग्रा गेहूं की दलिया व चार सौ पचपन मिलीग्राम फोर्टिफाइड तेल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि तीन से छह वर्ष के बच्चों को फोर्टीफाइड ऑयल नहीं मिलता है, आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित होने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को हॉट कुक मील प्राथमिक विद्यालय के सहयोग से उपलब्ध कराया जाता है एवं त्रैमासिक रूप से चावल का आवंटन कोटेदार को होता है तथा कार्यकत्री द्वारा लाभार्थी को तीन माह तीन किलोग्राम की पर्ची दी जाती है जिसे लाभार्थी कोटेदार को पर्ची देकर चावल प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह ?द्वारा संचालित टेक राशन उत्पादन इकाई जो जगदीशपुर, गौरीगंज, मुसाफिरखाना व बाज़ार शुकुल में स्थापित है उसके द्वारा आटा बेसन हलवा सात माह से तीन वर्ष के बच्चों के लिए, आटा बेसन बर्फी प्री मिक्स, दलिया मूंग दाल खिचडी तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए, आटा बेसन बर्फी प्री मिक्स, दलिया मूंग दाल खिचडी गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए, ऊर्जा युक्त हलवा सैम बच्चों के लिए उत्पादन किया जाता है तथा जिस माह में टेक होम राशन उत्पादन इकाई से आपूर्ति होती है उस माह नैफ़ेड से दाल तेल दलिया की आपूर्ति नहीं होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में माह जून की आपूर्ति उत्पादन इकाई ?द्वारा नहीं किया गया है तथा सितम्बर के बाद नैफ़ेड ?द्वारा आपूर्ति नहीं की गई है। इस तरह इस वित्तीय वर्ष में पांच माह के पोषाहार की आपूर्ति हुई है जिसका वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा लाभार्थियों को किया जा चुका है। इस क्रम में उन्होंने अपील किया कि यदि किसी लाभार्थी का नाम पंजीकरण से छूटा हो तो नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र पर जाकर कार्यकत्री को अपना आधार और मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराकर पोषण ट्रैकर पर पंजीकरण करा लें जिससे विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का काम करता है क्रिकेट : राकेश सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम के मैदान में अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।उदघाटन समारोह का पहला लीग मैच विकास क्षेत्र अमेठी व भेंटुआ की टीम के बीच में खेला गया जिसमें अमेठी की जीत ने जीत दर्ज की।अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के मुख्य अतिथि गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने क्रिकेट पिच पर अध्यापक खिलाड़ी साथियों के साथ दो दो बॉल खेलकर उनका उत्साहवर्धन करते हुये परिचय प्राप्त किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ क्रिकेट के खेल को ही बढ़ावा नही देना होता बल्कि एक मंच के माध्यम से प्रतिभावान खिलाडियों की प्रतिभा को निखारकर लोगो के मन में खेल प्रेम की भावना को जागृत करना भी होता है।अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के उदघाटन मैच में अमेठी की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।भेंटुआ टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुये पिछले टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे सत्यार्थ पाण्डेय ने शानदार शुरुआत करते हुए इकतालीस रन बने। सत्यार्थ पाण्डेय के आउट होते हैं सिर्फ हाफिज ही ग्यारह रन की अच्छी पारी खेलते हुये उनहतर रन टीम का स्कोर खड़ा किया।अमेठी की तरफ से मुकेश ने शानदार गेंदबाजी करते हुये पांच विकेट लेकर बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।जवाब में उतरी अमेठी की टीम से कप्तान राम जी यादव के बीस रन की शानदार पारी के साथ ही छोटी छोटी साझेदारी करते हुये विजय लक्ष्य को प्राप्त कर लिये तथा तीन विकेट से मैच जीत लिया।अमेठी के सरफराज तीस रन तथा दो विकेट के लिए मैन आफ द मैच के रूप में सम्मानित किये गये। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। इस मौके पर एडीएम दिनेश कुमार मिश्रा,उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,पीताम्बर कनौजिया,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक विवेक शुक्ला,जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, हरिभान सिंह,संतोष तिवारी, बब्बन यादव, कमलेश यादव,अजय सिंह,नागेंद्र सिंह, सचिन श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, अश्वनी द्विवेदी, अनुपम सिंह, अनुराग यादव अमित पाण्डेय, संजीव सिंह, रविकांत त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, अमन चौरसिया, आशुतोष, अभिषेक चौधरी,योगेंद्र सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, उबैद अहमद सहित अन्य तमाम शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# गोमती मित्र और विश्व हिन्दू महासंघ ने मनाया तुलसी पूजन दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। तुलसी पूजन दिवस के शुभ अवसर पर 25 दिसंबर को देर शाम गोमती मित्र मंडल व विश्व हिंदू महासंघ द्वारा सीता कुंड ााम स्थित सीता उपवन में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया।

जिसमें बच्चों, महिलाओं व पुरुषों द्वारा हरिप्रिया तुलसी माता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर एवं अक्षत, प्रसाद, पुष्प अर्पित कर आरती व परिक्रमा के साथ पूजन किया गया। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अयक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि आज लोग अपनी संस्.ति को भूलते जा रहे हैं जिससे आने वाली पीढ़ी प्रभावित हो रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारी संस्.ति को बचाना है, विश्व हिंदू महासंघ के जिला अयक्ष ड कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया कि पूजन का उद्देश्य केवल ाार्मिक आस्था को मजबूत करना नह बल्कि यह भी बताना है कि प्र.ति का संरक्षण कितना महत्वपूर्ण है। गौ रक्षा वाहिनी के वरिष्ठ पदाािकारी राकेश सिंह दद्दू ने सभी से तुलसी के औषीय महत्व को समझते हुए इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लेने का आवाहन किया,, अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। जनसेवक ग्राम प्राान ने तालाब की जमीन पर मकान बना कर लिया कब्जा सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय की ग्राम पंचायत पीरोसरैया में जनता का प्रतिनिाित्व करने वाले ग्रामप्राान ने ही तालाबी नम्बर में व्यवसायिक मकान बनाकर अवैा अतिक्रमण किया है। जिसकी पैमाइस तहसील की राजस्व टीम ने करवा करके पुष्टि कर दी है।

ग्राम पंचायत के निवासी अजय ने इसकी शिकायत जिलाािकारी से करके कार्यवाही की मांग की है। बता दे कि ग्रामसभा पीरोसरैया प्राान शिव बहादुर द्वारा तालाबी गाटा संख्या 1187 में ,पक्का मकान निर्माणकर अवैा कब्जा कर लिया है जिसकी पुष्टि भी राजस्व टीम के पैमाइस के बाद हो चुकी है। जिसमें प्राान के ऊपर तहसील प्रशासन द्वारा मुकदमा दर्जकर बेदखली व जुर्माना का आदेश भी दिया जा चुका है।

## हिन्दू महासभा ने मनाया तुलसी पूजन दिवस एवं वीर बाल दिवस

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में बुधवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा हरिओम मिश्रा के नेतृत्व में जिला महामंत्री मयंक जायसवाल के उर्मिल बारात घर में तुलसी पूजन दिवस एवं वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने तुलसी के पौधे पर माला पहनाकर तुलसी मईया के जयकारे लगाए जिनसे वातावरण गूंज उठा। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को याद कर नमन किया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करते हुए दोनों ने बलिदान दिया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस दौरान जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी का जितना आध्यात्मिक महत्व है उतना ही वैज्ञानिक महत्व भी है और इसके सेवन से अनेकों प्रकार की बीमारियां ठीक होती है और यह हमें संक्रामक रोगों से भी बचाता है। वहीं उन्होंने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान की गौरवगाथा को साझा किया। उन्होंने कहा छोटे-छोटे बच्चों के बलिदान को यह राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। यह हमारे सही मायने में महापुरुष थे। अच्छी शिक्षा और संस्कार अंतिम समय तक काम आते हैं। हमें निडर बनाते हैं और राष्ट्र भक्ति में समर्पित होने का जज्बा पैदा करते हैं। भारतवर्ष का हर नागरिक अपने राष्ट्र के लिए समर्पित था और रहेगा, ताकि भारत देश पुनः विश्व गुरु बन सके।वहीं जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश के वीर बालकों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करना और उनके आदर्शों से नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत से प्रेरणा लेगी, इसलिए वीर बाल दिवस को पूरा देश याद करता है और जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वहीं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम सागर शर्मा ने कहा कि भारत में औरंगजेब के शासन काल के दौरान इस्लाम कबूल न करने वाले लोगों की हत्या कर दी जाती थी। ऐसे में अपने धर्म और देश के साथ खड़े गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों को औरंगजेब ने जिंदा दीवारों में चिनवा दिया था।

## एसपी ने थाना अमेठी का आकस्मिक निरीक्षण किया

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने थाना अमेठी का आकस्मिक निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना अमेठी के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क, इंटीग्रेटड सीसीटीव कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक व उपस्थित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गले में फंसे खिलौने को निकालकर बच्चे को दिया जीवन दान

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक साल के बच्चे के गले में सांस की नली में चकलेट के साथ मिलने वाला खिलौना फंसा हुआ था जिससे बच्चा जिंद्गी और मौत की बीच जूझ रहा था यह प्लास्टिक का खिलौना सांस लेने के रास्ते में जाकर रुका हुआ था बच्चा सांस नह ले पा रहा था। जनपद में कई चिकित्सकों एवं स्वशासी राज्य की मेडिकल कलेज में दिखाया मगर कह से बच्चे को राहत न मिली तब बच्चे के परिजन एकाएक गल्ला मंडी स्थित डक्टर अमित कौशल के क्लीनिक पर पहुंचे वहां पर उन्होंने बच्चे के परिजनों को राहत की सांस लेने का मौका दिया और बीती रात अपरेशन करके सांस की नली में फंसे प्लास्टिक को दूरबीन के विाि से निकला। बच्चों के परिजनों ने चिकित्सक को ससाुवाद देते हुए कहा कि समय रहते हमारे बच्चे के गले में फंसे हुए प्लास्टिक के खिलौने को निकाल दिया डक्टर नह हमारे लिए भगवान साबित हुए।

## जनाबे फातमा जहरा के जन्म दिवस पर मनाया गया जश्न

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कमर हैदर खान की तरफ से महेल रिसोर्ट बैंकवेट लान अमहट में मंगलवार को रात में मोहम्मद साहब की बेटी जनाबे फातमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा के जन्म दिवस के अवसर पर एक महफिल शेरो शायरी का आयोजन करके जश्न मनाया गया। जिसमें तकरीर मौलाना जीशान हैदर सुलतानपुरी संचालन प्रोफेसर डॉ.अब्बास रजा नैयर जलालपुरी ने किया। उक्त कार्यक्रम में मौलाना मुशीर अब्बास खान, मौलाना मोहम्मद जाफर खान, मौलाना आसिफ नकवी, मौलाना शकील अहमद खान, सलीम बलरामपुरी, फाजिल जरैलवी, अलताफ जिया मालेगॉव, खुर्शीद मुजफ्फर नगरी, एकबाल अशहर देहली, अली हैदर, जोहेर, वकार सुलतानपुरी ने अपना कसीदा सुनाया। इनके अलावा रजमी सुलतानपुरी आदि शायर-ए-अहलेबैत मौजूद रहे। उक्त जानकारी हैदर अब्बास खान अयक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# अभाविप, काशी प्रांत की सदस्यता 3 लाख 5 हज़ार के पार पहुँची

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), काशी प्रांत के चार-दिवसीय 64वें प्रांत अिवेशन का शुभारंभ भगवान कुश की नगरी कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) के फरीदीपुर स्थित केएनआईटी प्रांगण में हुआ। अिवेशन के पहले दिन, उद्घाटन सत्र के साथ ही पिछले सत्र की कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात चुनाव अिकारी ड. ार्मेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी महानगर की प्रो. सुचिता त्रिपाठी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अभय प्रताप सिंह को अभाविप काशी प्रांत के प्रांत अयक्ष और प्रांत मंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचित किया। प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि पिछले सत्र में अभाविप काशी प्रांत के कार्यकर्ताओं ने कुल 3,05,802 सदस्य जोड़े हैं। अभाविप काशी प्रांत के इस चार-दिवसीय प्रांत अिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, रजनी तिवारी, अभाविप के राष्ट्रीय अयक्ष प्रो. राजशरण शाही, विकासार्थ विद्यार्थी की राष्ट्रीय संयोजिका कु. पायल राय, प्रांत अयक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह, स्वागत समिति अयक्ष ड राम आशीष वर्मा, और स्वागत समिति मंत्री चंदन नारायण द्वारा किया गया। यह अिवेशन 25 से 28 दिसंबर तक महाराज कुश की नगरी कुशभवनपुर के फरीदीपुर स्थित केएनआई प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। अिवेशन की शुरुआत 25 दिसंबर को सायं प्रख्यात कवि पंडित राम नरेश त्रिपाठी के नाम से आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई, जिसमें आचार्य नरेंद्र देव .षि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बृजेंद्र सिंह और काशी प्रांत की सह-मंत्री आंचल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक हो समाज :पंडित राम शब्द मिश्र

❒ अंग वस्त्र से हुए सम्मानित, वितरित हुआ कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती ूमााम से मनाई गई। ब्राह्मण समाज के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, वह सैकड़ो जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण किया गया।

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पंडित रामचंद्र मिश्र, कांग्रेस के पूर्व प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्रा अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अयक्ष .पा निाान तिवारी ने महामना के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां रामचंद्र मिश्र ने कहा हमें महामना के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए समाज की विभूतियो के पद चिन्हों पर चलकर ही हम स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं कार्यक्रम की अयक्षता कर रहे हैं वरिष्ठ समाज सेवी पंडित राम शब्द मिश्र ने कहा ब्राह्मण समाज देश में सभी समाज का मार्गदर्शक रहा है।

उसके द्वारा किए गए कार्य और व्यवहार जनमानस में एक संदेश देते हैं। वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को एकजुट होने की जरूरत है। शिक्षा स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में भी संगठित होने के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज त्याग और बलिदान के लिए जाना जाता है। संगठन के प्रदेश अयक्ष सत्यनारायण तिवारी व महामंत्री पंडित नारायण राय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए सभी से आशीर्वाद मांगा वे समाज में हर प्रकार के सहयोग के लिए तैयार है। संगठन के नेताओं सुभाष तिवारी नारायण राय व सत्यनारायण तिवारी ने आए हुए अतिथियों को ब्राह्मण समाज की ओर से साल पहनकर सम्मानित किया। वह मौजूद सैकड़ो जरूरत मंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित सुभाष तिवारी ने किया यहां प्रमुख रूप से भवानी प्रसाद मिश्र बंगाली पदुमनाथ तिवारी पालिका अयक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल बार एसोसिएशन के पूर्व अयक्ष करुणा शंकर दूबे एसपी त्रिपाठी .पा निाान तिवारी रामकिंकर तिवारी पूर्व सभासद राजदेव शुक्ल बेनू रामदयाल शुक्ला एडवोकेट श्रवण पाठक दिलीप मिश्रा चंद्रभान मिश्रा नरेंद्र देव तिवारी अरविंद तिवारी गोपी मिश्रा राम कीरत मिश्रा निशाकांत पांडेय रामदत्त तिवारी कमला तिवारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मर्ज का फर्ज

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है। सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कालेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते। सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है कि देश चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों व अनुसंधान में पीछे क्यों रह गया है। साथ ही देश की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन भी जरूरी है।

# क्या कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल की नई राजनीति होगी

**राहुल गांधी को यह पता होना चाहिए कि देश में अब ग्राम भूमि सवर्णों से ओबीसी-दलितों-अल्पसंख्यकों-आदिवासियों की ओर हस्तांतरित होती जा रही है। यह कांग्रेस की सरकारों की नीतियों और उनको हटाकर विकसित हुई समाजवादी राजनीति करने वाले दलों की नीतियों की करामात है। वहीं, शहरों की ओर शिफ्ट हो रहे सवर्णों के पास शहरी सम्पत्ति बढ़ी है, लेकिन ओबीसी-दलितों-आदिवासियों-अल्पसंख्यकों आदि ने भी ऐसी नई सम्पत्ति खूब बनाई है। इससे संपत्ति के समान बंटवारे का उनका विचार पिछले लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही उन पर भारी पड़ जाएगा। क्योंकि तब वह केंद्रीय सत्ता में आते आते यदि चूक गए तो उसके पीछे उनकी इन्हीं बयानबाजियों का हाथ है। देखा जाए तो मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सरकारी नौकरियों में जातीय आरक्षण जैसे निकृष्ट विचार के बाद जनसंख्या आधारित संपत्ति के बंटवारे का विचार कांग्रेस का ऐसा जाहिल विचार है जो भारत के विकास को पुनः अवरुद्ध कर देगा।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है, जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ''न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा'' में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी।'' उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। वहीं, एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है, लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी-सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं? वहीं, राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अब साफ है कि मुस्लिम परस्त राजनीति करने वाले राहुल गांधी अपनी राजनीतिक जागीरदारी पुनः पाने के लिए जिस तरह से ओबीसी, दलित, आदिवासी, गरीब सवर्ण और महिलाओं को उनके हिस्से की संपत्ति मौजूदा अमीरों से लेकर देना चाहते हैं, उससे विदेशी निवेश प्रभावित होगा। धनी लोग अपनी संपत्ति विदेशों में शिफ्ट करने लगेंगे। इससे हर ओर असंतोष फैलेगा और देश में अरब देशों की तरह गृह युद्ध होगा, क्योंकि इतनी आसानी से लोग अपनी सम्पत्ति छोड़ने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी को यह पता होना चाहिए कि देश में अब ग्राम भूमि सवर्णों से ओबीसी-दलितों-अल्पसंख्यकों-आदिवासियों की ओर हस्तांतरित होती जा रही है। यह कांग्रेस की सरकारों की नीतियों और उनको हटाकर विकसित हुई समाजवादी राजनीति करने वाले दलों की नीतियों की करामात है। वहीं, शहरों की ओर शिफ्ट हो रहे सवर्णों के पास शहरी सम्पत्ति बढ़ी है, लेकिन ओबीसी-दलितों-आदिवासियों-अल्पसंख्यकों आदि ने भी ऐसी नई सम्पत्ति खूब बनाई है। इससे संपत्ति के समान बंटवारे का उनका विचार पिछले लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही उन पर भारी पड़ जाएगा। क्योंकि तब वह केंद्रीय सत्ता में आते आते यदि चूक गए तो उसके पीछे उनकी इन्हीं बयानबाजियों का हाथ है। देखा जाए तो मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सरकारी नौकरियों में जातीय आरक्षण जैसे निकृष्ट विचार के बाद जनसंख्या आधारित संपत्ति के बंटवारे का विचार कांग्रेस का ऐसा जाहिल विचार है जो भारत के विकास को पुनः अवरुद्ध कर देगा। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस रणनीतिकार चीनी-रूसी सांठगांठ से प्रभावित और सीआईए-आईएसआई के बैक डोर पॉलिसी आधारित षड्यंत्रों से अनुप्राणित हैं, जिनका मकसद है कि अमेरिका, रूस, चीन के समकक्ष स्तर तक उठ चुके मोदी युगीन भारत को उलजुलूल सियासी विवादों में फंसाकर पीछे धकेल दिया जाए। यदि इसे समझने में राहुल गांधी नादानी दिखा रहे हैं तो यह एक खतरनाक राजनीतिक ट्रेंड है, जिस ओर भाजपा भी इशारा कर चुकी है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण की मांग पर अड़े रहने से राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव 2029 में बहुमत भी मिल सकता है, क्योंकि मुफ्तखोर राजनीति एक बार फिर से परवान चढ़ती जा रही है। जब हजार-दो हजार की गारंटी देने वाले दलों पर मतदाता फिदा हो सकते हैं तो यहां पर तो राहुल गांधी संपत्ति ही देने-दिलाने के कोरे आश्वासन दे रहे हैं। वैसे भी फ्री उपहार की राजनीति आप, कांग्रेस होते हुए यह भाजपा व अन्य दलों तक पहुंच चुकी है। हालांकि, अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि कभी संविधान, कभी जातीय जनगणना और कभी आर्थिक सर्वेक्षण के राग अलाप कर राहुल गांधी सियासी भूल-पर-भूल करते जा रहे हैं। दरअसल, भाजपा और मोदी को कमजोर करने की जल्दबाजी में वह जिस तरह से क्षेत्रीय दलों के मुद्दों पर सियासी बॉलिंग करने की भूल कर रहे हैं, इससे क्षेत्रीय दल पुनः मजबूत होंगे, जो उनकी राष्ट्रीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय छवि को मटियामेट कर देंगे। क्योंकि उन्हें यह पता होना चाहिए कि ओबीसी-दलित नेताओं को कमजोर कांग्रेस पसंद है, मजबूत नहीं। इंडिया गठबंधन को गत लोकसभा चुनाव 2024 में मिली आंशिक सफलता के बाद नेतृत्व के सवाल पर मचा घमासान उनकी आंख खोलने को काफी है। इसके अलावा, राहुल गांधी को संपत्ति के बारे में अपने विचार भी स्पष्ट कर देने चाहिए क्योंकि संपत्ति दो तरह की होती है- चल सम्पत्ति और अचल संपत्ति। देशी संपत्ति और विदेशी सम्पत्ति। व्यक्तिगत संपत्ति और संस्थागत सम्पत्ति। राष्ट्रीय संपत्ति और निजी संपत्ति। नामी सम्पत्ति और बेनामी सम्पत्ति। भूमि संपत्ति और मौद्रिक संपत्ति। मकान, दुकान, कोठी, फैक्ट्री, स्वर्णाभूषण आदि। विभिन्न प्रकार के वाहन, मशीन, गैजेट्स आदि। आजकल राजनीतिक दल, कम्पनी, एनजीओ, ट्रस्ट, फर्म, स्कूल, कॉलेज, विश्विद्यालय, रेस्टोरेंट, होटल आदि भी बहुत बड़ी संपत्ति बन चुकी हैं। चर्चा है कि ये सम्पत्ति पहले कांग्रेसी नेताओं व उसके समर्थकों के पास ज्यादा थी, जिसे बचाने के लिए लोग भाजपाई या समाजवादी बन चुके हैं। कुछ लोग तो दलितवादी या आदिवासी दलों से भी जुड़ चुके हैं। इसलिए राहुल को बताना चाहिए कि वो किस-किस चीज की गणना करेंगे। सबसे बड़ी बात शिक्षा और हुनर जो मानव संसाधन है, उससे ही उपर्युक्त सम्पत्ति खड़ी होती है, उसका बंटवारा कैसे करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी, जो अक्सर अपने बयान के चलते सुर्खियों में रहते हैं, उनका एक बयान ही अब उन पर भारी पड़ रहा है। क्योंकि यूपी के बरेली जिले की एक अदालत ने उन्हें आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर नोटिस जारी किया है। जिसके मुताल्लिक राहुल गांधी को सात जनवरी 2025 को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। अधिवक्ता वीरेन्द्र पाल गुप्ता ने बताया कि बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने बयान को लेकर गत शनिवार को गांधी को नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तारीख तय की है। बता दें कि बरेली के सुभाषनगर के निवासी और अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ताओं गुप्ता और अनिल द्विवेदी के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सांसद-विधायक अदालत (एमपीएमएलए कोर्ट) में याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर की गई। क्योंकि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो हम आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे। इस सर्वे के आधार पर संपत्ति का बंटवारा होगा। जिसकी भागीदारी अधिक होगी अगर उसकी संपत्ति कम है को कम आबादी जिसकी संपत्ति ज्यादा है, उससे लेकर कम संपत्ति वालों को दी जाएगी। इसलिए राहुल के इस बयान का काफी विरोध हो रहा था। उल्लेखनीय है कि इसके पहले कांग्रेसी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार की श्रेणी से हटा दिया गया था, जिसकी तब खूब आलोचना हुई थी। वैसे आपातकाल के दौरान भी वामपंथियों ने कांग्रेस का साथ दिया था। हल पटक दो खेत हमारा- वाले नारे और सिक्किमी कानून को भी कांग्रेस का समर्थन हासिल था, जो रूस से उसकी दोस्ती का प्रतिफल था। उसके और उसके समाजवादी मित्रों के कार्यकाल में नक्सलवाद, अलगाववाद और आतंकवाद भी खूब फला-फूला। इसलिए कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, अन्यथा वह वामपंथियों की तरह कांग्रेस मुक्त भारत के सपने को पूरा करने में खुद ही अपना बड़ा योगदान देगी। **-कमलेश पांडेय**

# स्त्रियों के आर्थिक विकास से जुड़ी राष्ट्र के विकास की राहें

**संजीव ठाकुर**

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है भारत में महिलाओं की मुक्ति का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्ज़ा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्ज़ा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50% भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है।

## सेहत मंत्र

# सरसों, बथुआ और चने के साग में होते हैं कई पौष्टिक तत्व, सर्दियों में खाएं मिलेंगे ये लाभ

सर्दियों के मौसम में चना, बथुआ, मेथी और सरसों आदि का साग बहुत आसानी से उपलब्ध होता है। ये साग खाने में जितने स्वादिष्ट होते हैं, उतने ही पौष्टिक होते हैं। सर्दियों में होने वाली कई समस्याओं जैसे- जुकाम, बुखार, एलर्जी आदि का कारण इम्यूनिटी का कमजोर होना है। साग के सेवन से न सिर्फ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि खून भी बढ़ता है। अगर आप सप्ताह में 2-3 बार साग का सेवन करते हैं, तो ये आपके शरीर और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है और कई बड़ी बीमारियों की आशंका को कम करता है। आइए आपको बताते हैं इनके फायदे। सर्दी का मौसम आते ही सब?जी बाजार में मेथी खूब दिखने लगती है। मेथी में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी, नियासिन, पोटेशियम, आयरन आदि तत्व मौजूद होते हैं। इसमें फॉलिक एसिड, मैग्नीशियम, सोडियम, जिंक, कॉपर आदि भी मिलते हैं जो शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं। पेट ठीक रहे तो स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। मेथी पेट के लिए काफी अच्छी होती है। अगर आपको कब्ज या पाचन से जुड़ी कोई भी समस्या है तो हरी मेथी आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। सर्दियों में अगर आपको जोड़ो के दर्द की समस्या है तो मेथी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद होगा। साथ ही यह हाई बीपी, डायबिटीज, अपच आदि बीमारियों में मेथी का उपयोग लाभकारी होता है। बथुआ कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन ए, कैल्शियम, फॉस्फोरस और पोटैशियम होता है। बथुआ हरा शाक है जो नाइट्रोजन युक्त मिट्टी में फलता-फूलता है। सदियों से इसका उपयोग कई बीमारियों को दूर करने में होता रहा है। इसके साग को नियमित खाने से कई रोगों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। गैस, पेट में दर्द और कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है। बथुआ को साग के तौर पर खाना पसंद न हो तो इसका रायता बनाकर खाएं। इससे गुर्दे में पथरी होने का खतरा काफी कम हो जाता है। गैस, पेट में दर्द और कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है।

## धर्म मंत्र

# अमरकंटक आकर अंतर्मन आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर जाता है

अमरकंटक को मध्य प्रदेश के वनप्रदेश की उपमा प्राप्त है। आम, महुआ और साल सहित नाना प्रकार के वृक्ष मैकाल पर्वत का श्रृंगार करते हैं। अमरकंटक के जंगलों में आम के वृक्ष अधिक होने के कारण प्राचीन ग्रंथों में आम्रकूट के नाम से भी इस स्थान का वर्णन आता है। वृक्षों से आच्छादित यह वनभूमि प्रकृति प्रेमियों को सदैव ही आकर्षित करती है। यहाँ आकर मन, मस्तिष्क और शरीर प्रफुल्लित हो जाते हैं। प्रकृति के सान्निध्य से मानसिक तनाव और शारीरिक थकान दूर हो जाती है। अमरकंटक आकर अंतरमन आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर जाता है। कालिदास के मेघदूत जब लंबी यात्रा पर निकले थे, तब उन्होंने अपनी थकान मिटाने के लिए अमरकंटक को ही अपना पड़ाव बनाया था। कवि कालिदास ने 'मेघदूत' में लिखा है कि रामगिरि पर कुछ देर रुकने के बाद तुम (मेघदूत) आम्रकूट (अमरकंटक) पर्वत जाकर रुकना। अमरकंटक ऊंचे शिखरों वाला पर्वत है। वह अपने ऊंचे शिखर पर ही तुम्हारा स्वागत करेगा। मार्ग में जंगलों में लगी आग को तुमने बुझाया होगा, इसलिए तुम थक गए होगे। एक छोटे से छोटा व्यक्ति भी उसका स्वागत करता है, जिसने कभी उसके साथ उपकार किया था। फिर अमरकंटक जैसों की क्या बात कहना, जो स्वयं इतना महान है। जब महान कवि कालिदास अपने मेघदूत को अमरकंटक में ठहरने के लिए कह रहे हैं, तब मेरा यही सुझाव है कि हमें भी कुछ दिन अमरकंटक में गुजारने चाहिए।

## पर्यटन



# डलहौजी है बर्फबारी का दीदार करने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन

जब देश के सबसे पिछड़े जिलों की बात आती है, तो हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का नाम जरूर आता है, लेकिन प्रकृति की गोद में बसे इस जिले में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जो उसे देश-दुनिया के नक्शे पर अलग पहचान दिलाते हैं। इन्हीं शहरों में एक नाम है डलहौजी का। ब्रिटिश शासनकाल में अस्तित्व में आए इस शहर के दीदार को हर साल हजारों सैलानी आते हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यहां के लोगों का हौसला फौलाद की तरह मजबूत है। देवदार और चीड़ के हरे-भरे पेड़ों से घिरे इस शहर की सुंदरता और बढ़ जाती है। इस शहर से नेताजी जी सुभाष चंद्र बोस लेखक एवं साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान हस्तियों का भी नाता रहा है। पर्यटन के साथ-साथ यहां देश के बेहतरीन बोर्डिंग स्कूल भी हैं। देवदार के घने जंगलों, झीलों और झरनों के बीच यहां आकर गर्मियों की छुट्टियां बिताना सबसे यादगार बन जाता है। ठंड के साथ इस इलाके में बर्फबारी की शुरुआत भी हो चुकी है। ब्रिटिश काल में अंग्रेज अधिकारी लॉर्ड डलहौजी ने पर्यटन नगरी डलहौजी को एक सेनेटोरियम (स्वास्थ्यवर्धक स्थान) के रूप में बसाया था, लेकिन यह बात भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि डलहौजी शहर को बसाने वाला और जिसके नाम पर इस स्थान का नाम पड़ा है, वह अंग्रेज अधिकारी लॉर्ड डलहौजी कभी डलहौजी आया ही नहीं। वर्ष 1850 में डलहौजी को बसाने के लिए चंबा के तत्कालीन राजा व ब्रिटिश सरकार के बीच एक लीज पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत वर्ष 1854 में पांच पहाड़ियों काठगोल, पोट्रेयन, टिहरी, बकरोटा और बेलम पर डलहौजी शहर को बसाया गया। उन दिनों अंग्रेज अधिकारी गर्मियों में यहां छुट्टियां बिताने आते थे। सुभाष चौक, गांधी चौक व बैलून कैंट में कई चर्च भी बनाए गए थे। यहां अंग्रेज अधिकारी पूरे रौब के साथ रहते थे। सड़कों पर अंग्रेज अधिकारियों के गुजरने पर भारतीय लोगों को दुकानों व घरों के अंदर छिपना पड़ता था। यह भी कहा जाता है कि अंग्रेजी हुकूमत के दौरान डलहौजी की सड़कों पर भारतीय लोगों को घोड़े पर सवार होकर गुजरने पर भी पाबंदी थी।

# शिवम तिवारी का हत्यारा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बीएमसी के छात्र शिवम तिवारी को बहन का प्रेम प्रसंग का विरोध करना महंगा पड़ा। बहन के प्रेमी ने प्रेम प्रसंग मे बाधा बन रहे भाई की हत्या कर शव को शारदा सहायक शहाबपुर नहर मे फेंक दिया। पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया।

बताते चले कि गत रविवार को जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर मजरे पिपरौली निवासी सुशील कुमार तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम तिवारी रविवार की सुबह बीएमसी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सागर इंस्टीट्यूट मे परीक्षा देने के लिए आया था जो देर रात्रि घर वापस न लौटने पर परिजनों ने किसी अनहोनी घटना को लेकर गुमशुदगी की तहरीर दी थी तथा सोमवार को शिवम तिवारी की मोटरसाईकिल शारदा सहायक सहाबपुर मे पड़ी मिली पुलिस ने काल डिटेल का सहारा लेते हुए मृतक के शव की दो दिनों तक एसडीआरएफ टीम के सहयोग से तलाश की बुधवार को नहर



मृतक शिवम का शव नहर से बरामद हुआ पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया हत्याभियुक्त की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी एव मृतक का मोबाईल बरामद किया।

### प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहा था शिवम

पुलिस की गिरफ्त मे आये हत्याभियुक्त जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम ने बताया कि मृतक शिवम तिवारी की बहन सहाबपुर राजकीय इंटर कालेज मे पढ़ती है हत्याभियुक्त बहन का क्लासमेंट है दोनो के बींच प्रेम प्रसंग होने के कारण जय सिंह गौतम अपनी प्रेमिका के घर भी आता जाता था दोनो के बींच प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर शिवम तिवारी ने विरोध करते हुए घर आने पर अंकुश लगा दिया जिससे प्रेम मे बाधा बन रहे शिवम को रास्ते से हटाने के लिए 20 व 21 दिसंबर को भी मारने का प्लान बनाया लेकिन सफल न होने पर 22 दिसंबर को जब परीक्षा के बाद शिवम चौपुला पुल के निकट एक दुकान पर पार्ट टाइम काम कर रहा था तभी हत्याभियुक्त ने शिवम को फोन कर छोटी बहन के पुत्री होने पर पार्टी देने के लिए बुलाया और नहर के किनारे शराब व चाउमीन खाने के बाद पहले से छिपा कर रखी कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और शव को नहर के किनारे घास आदि मे दबा दिया था। स्वाट एव सर्विलांस टीम प्रभारी के सहयोग के साथ प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह हेड कांस्टेबल विवेक सिंह कांस्टेबल अंकित सचान, संजय विश्वकर्मा ने सहाबपुर पुलिया के निकट से गिरफ्तार किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जन्म शताब्दी पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

# समानता और समरसता को समर्पित रहे अटल : धर्मपाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी की बुधवार को धूम रही। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके उनको याद किया। भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी लगाई गई ।रामसनेही घाट के मिनी स्टेडियम में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि अटल जी समानता और सामाजिक समरसता के प्रति तन-मन-धन से आजीवन समर्पित रहे।कहा कि एक जनसेवक,राजनेता एवम् प्रधानमंत्री के रूप में उनकी देश सेवा को सदैव याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री बनने के बाद अंत्योदय की संकल्पना को सबसे पहले अटल जी ने धरातल पर उतारा।उन्होंने अटल जी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि भारत के सभी वर्गो यानी एससी,एसटी, ओबीसी और महिलाओं के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बनाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत करने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। पोखरण परीक्षण और कारगिल युद्ध की



ऐतिहासिक सफलता को अटल जी के साहसिक निर्णयों एवं दूरदर्शिता की एक बानगी बताया जिसने दुनिया को यह दिखाया कि भारत का नेतृत्व ऐसे नेता के हांथ में है जो अलग मिट्टी का बना है।उन्होंने अटल जी को सार्वजनिक जीवन की पाठशाला बताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि अटल जी ने अपनी विनम्रता,सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। अटल जी का यह कथन कि सरकारें आएंगी,जाएंगी,पार्टियां बनेंगी,बिगड़ेगी,मगर यह देश रहना चाहिए , आज भी मंत्र की तरह सबके मन में गूंजता रहता है। उन्होंने गरीब और वंचित वर्ग के लिए अटल जी को सदैव सक्रिय एवम् चिंतित रहने वाला युग पुरुष करार दिया। नैतिकता एवम पारदर्शिता अटल जी के व्यक्तित्व के आधार स्तंभ थे।राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले अटल जी ने भारतीय राजनीति को आइना दिखाया, नई दिशा दी।सुशासन की नींव रखी। स्थिर सरकारें जनता जनार्दन के लिए कैसे उपयोगी होती हैं , इसकी शुरुआत अटल जी ने 1998 से प्रारंभ की। आज वही परंपरा चल रही है।घरेलू हो या विदेशी मोर्चा , अटल जी राह बनाते गए। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशवासी उसी स्वरूप को नए रूप में देख रहे हैं। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी स्वतंत्र भारत में संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली की जड़ों को सींचने वाले जननायक थे।कहा कि अपने आदर्शों,ओजस्वी वाणी,साहित्यिक विरासत एवं व्यवहार कुशलता से अटल जी ने लगभग पांच पीढ़ियों को प्रेरित किया।पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने अटल जी को गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित करने वाला राजनेता कहा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह,अवधेश श्रीवास्तव,जगदीश गुप्ता, राम कुमारी मौर्य,दिलीप मिश्रा,विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,प्रमोद तिवारी,मनोज वर्मा,रोहित सिंह,रामेश्वरी त्रिवेदी,गुरु शरण लोधी, शीलरत्न मिहिर ,जवाहर वर्मा,देवानंद पाण्डेय मौजूद रहे।

### खिल उठे सैकड़ों लाभार्थियों के चेहरे

**बाराबंकी।** रामसनेही घाट के मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में गांव,गरीब और किसान को समर्पित मोदी – योगी सरकार की अनूठी मिसाल देखने को मिली।कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने वाले 7 सौ से अधिक लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे । भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन ) व मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह एवं राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सौ किसानों को फील्ड मार्शल इंजन,स्वयं सहायता समूह की 51 महिलाओं को सिलाई मशीन,350 को आयुष्मान कार्ड,दिव्यागों को ट्राइसाइकिल व अन्य सहायता उपकरण,राशन कार्ड एवं घरौनी वितरित की। इस अवसर पर डीएम सत्येंद्र कुमार,एसडीएम राम आसरे वर्मा, बीएसए संतोष देव पाण्डेय,बीडीओ विनय मिश्र मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वीर बाल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित करके युवा पीढ़ी को संदेश दिया।।स्थानीय जनेस्मा पीजी कॉलेज के डॉ जेपीएन सिंह सभागार में आयोजित संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी के द्वारा वीर साहिबजादो से जुड़े पहलुओं से रूबरू कराया।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राष्ट्रीय सिख संगत के प्रांत संयोजक सरदार सुरेन्द्र पाल सिंह बख्शी ने कहा कि वीर साहिबजादो का बलिदान व्यक्तिगत या परिवार के लिए नहीं था ,बल्कि उनका बलिदान देश और धर्म के लिए था।उन्होंने देश की आजादी के बाद इतिहास लेखन में हुई त्रुटियों की ओर इशारा करते हुए इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि भारत के इतिहास में सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबजादों को आखिर क्यों विस्मृत कर दिया गया।जिन साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाना चाहिए, उसकी जगह किसी और घटना को बाल दिवस से जोड़ दिया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को आज पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है।इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी दिया।गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए सरदार सतनाम सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए।जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र बलिदान हुए, तो उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार।उन्होंने कहा, ऐसे कार्यक्रम सिख गुरुओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का सुअवसर हैं।

# खेल भावना से बढ़ता है प्यार, निखरती है प्रतिभा : अदनान चौधरी

## अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता पहलवानों ने दिखाया दमखम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुबेहा बाराबंकी। पलिया पशु मेला में दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में दूर दूर से आए दो दर्जन महिला व पुरुष पहलवानों ने जबरदस्त करतब दिखाए।

सुबेहा क्षेत्र अन्तर्गत पलिया पशु मेला में दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित हुई। पहले दिन बुधवार को पूर्व विधायक राममगन रावत सुबेहा अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी अदनान के हाथों फीता काट दंगल का शुभारंभ कराया।इस कुश्ती प्रतियोगिता में सर्वप्रथम सहारनपुर के वकार व शमशेर पहलवान के बीच मुकाबला ल.हुआ। जिसमें वकार पहलवान विजयी हुए। दूसरी कुश्ती राजस्थान के मुन्ना व नेपाल के लकी थापा पहलवान के मध्य हुईं जिसमें लकी थापा ने मुन्ना को चित्त कर दिया।



वहीं तीसरा मुकाबला उत्तराखंड के मेटल पहलवान व जम्मू कश्मीर के जावेद गनी के बीच हुआ। जिसमें जावेद गनी विजयी हुए। वहीं गुरुवार को अखिल भारतीय कुश्ती दंगल का मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। इसमें पहला मुकाबला सोनभद्र के अंकित व पंजाब के कलुवा पहलवान के बीच हुआ। जिसमें अंकित पहलवान ने कलुवा को परास्त कर दिया।

दूसरा मुकाबला महिला पहलवान के बीच हुआ। जिसमें गजियाबाद की सपना व शिवांगी पहलवान गोण्डा के बीच हुआ। जिसमें शिवांगी ने सपना को पराजित कर दिया। तीसरा मुकाबला गजियाबाद की अंसुल व हरियाणा की पूनम पहलवान के बीच कुश्ती हुईं। जिसमें पूनम विजयीं हुईं।

अंतिम मुकाबला पंजाब बिल्ली पहलवान व सहारनपुर के मुकेश पहलवान के बीच हुआ। जिसमें बिल्ली पहलवान ने मुकेश को पराजित किया।पशु मेला के प्रबंधक जावेद आलम ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमल बहादुर सिंह, कामरान आलम,पवन तिवारी, पत्रकार बृजेश मिश्रा सुरेंद्र पांडे शोएब चौधरी राजेंद्र यादव बाबूलाल यादव गुड्डू मिश्रा रज्जू अवस्थी सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### फांसी फंदे पर झूला युवक

**बनीकोडर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के थोरथिया निवासी दीपू सिंह उम्र (25) पुत्र राम अभिलाष सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने पेड़ से लटकते शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### सौर जागरण पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत, याद किए गए स्वामी सरस्वती

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुद्धि आंदोलन घर वापसी के जनक गुरुकुल शिक्षा के विस्तारक व आर्य समाज के क्रांतिकारी संत पूज्य स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राहुल कुमार ने रामनगर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आयोजित धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम में कही। हनुमान मंदिर के महंत विशम्भर दास ने कहा कि जाति-पाति के बंधन से हम सभी को दूर रहते हुए हम सब हिंदू हैं और जो हमसे किन्ही कारणों से बिछड़ गए उन सभी को घर वापस लाकर स्वीकार करना है।वही गुरुवार को विहिप की युवा इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा निकली जा रही शौर्य जागरण पदयात्रा का रामनगर के कार्यकर्ताओं ने बुढ़वल चौराहे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस मौके पर चेतन महराज जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एसपी शुक्ला प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत वर्मा संयोजक विनय वर्मा अनुपम वर्मा आशुतोष नकुल दुबे गोलू सागर अवस्थी राजू राजपूत अर्जुन सोनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रक में घुसी बाइक मासूम की मौत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवा सड़क के पास मोटरसाइकिल पहले से खड़ा ट्रक में जा घुसी। फल स्वरुप बाइक सवार शिवम 35 घनश्याम निवासी खजुरपुर थाना देंवा की पुत्री प्राची की दर्दनाक मौत हुई। शिवम पत्नी शिवानी ?व5 वर्षीय पुत्री प्राची के साथ बाइक से अयोध्या की ओर से अपने घर लौट रहा था। तभी ये हादसा हो गया। सड़क हादसे में मासूम प्राची की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हुई।वहीं बाइक चालक शिवम उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शाह के बयान के विरुद्ध थम नहीं रहा है आक्रोश, प्रदर्शन जारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गृहमंत्री द्वारा संसद में डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में दिए गए बयान के विरोध में सिरौलीगौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा कांग्रेस वरिष्ठ नेता जुल्फी मियां, सदस्य जिला पंचायत विजय यादव की अगुवाई में सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा। गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा की अगुवाई में कांग्रेस व सपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए तहसील परिसर पहुंचे। जहां पर उन्होंने तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मांग पत्र सौपा । ज्ञापन मांग पत्र में गृहमंत्री अमित शाह पर बाबा साहब के विरुद्ध संसद में अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटा कर देश की जनता से माफी मांगने की मांग राष्ट्रपति से की है। ज्ञापन मांग पत्र तहसीलदार को सौंपने के बाद ब्लॉक प्रमुख ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की गृहमंत्री ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है इसके विरोध में हम लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि गृहमंत्री इस्तीफा देखकर देश के लोगों से माफी मांगे ।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सपा नेता विजय कुमार यादव कांग्रेस नेता जुल्फी मियां पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मुस्ताक, पूर्व प्रधान बदोसराय अब्दुल रहीम, हजरतपुर प्रधान प्रतिनिधि ओंन मियां ,सपा ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, अजीत यादव, पवन वर्मा , मदन वर्मा सहित दर्जनों वरिष्ठ सपा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चार दिवसीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता का समापन

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत जैदपुर कार्यालय संनिकट मैदान में आयोजित चार दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच टिकरा इलेवन वर्सेस सहादतगंज इलेवन बीच खेला गया। टूर्नामेंट मैच का टॉस जीतकर शहादतगंज के कप्तान मोहम्मद एखलाख ने बालिंग करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी टिकरा इलेवन की टीम निर्धारित 12 ओवर में मात्र127 रन पर ढेर हो गई है। जवाब में सहादतगंज के खिलाड़ियों ने मात्र पांच विकेट खोकर नौ ओवर में ही जीत हासिल कर ली। मैच में सहादतगंज के कप्तान मोहम्मद एखलाख ने छह छक्को की मदद से सर्वाधिक 54 रन बनाए। रही। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद द्वारा ट्रॉफी, पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अध्यक्ष बबलू खान, पप्पू खान द्वारा पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर फैज अंसारी हाजी जमील राइन, अरशद खजूर शादाब सिद्दीकी नासिर गर्रा सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### कृतज्ञ जनमानस की बाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**रामनगर/निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस बुधवार को कुर्सी थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थित में मनाया गया। थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र के गणमान्य /सम्भ्रांत व्यक्तियों ,सहयोगी संगठनों के लोगों को गोष्ठी में आमंत्रित किया ।गया। कार्यक्रम दौरान उपस्थित जनों ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने-अपने विचार रखे। इसके उपरांत क्षेत्र से उपस्थित लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर अपराध की जानकारी व उससे बचने के उपाय एवं नयी संहिता में महिलाओं और बच्चों के संरक्षण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उमरा चौकी प्रभारी रनवीर सिंह,ओदार चौकी प्रभारी श्रीकांत मिश्रा, एस?एसआई तेजबहादुर सिंह, एसआई मारकंडेय राय,मुकेश गौतम, अभिषेक शर्मा, अनिल कुमार,जगवेन्द्र आदि मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र गणमान्य लोगों प्रदीप रावत ,मुकेश सिंह, विनय मौर्य, अमरनाथ रावत,सत्येंद्र सिंह,नितिन मौर्य उपस्थित रहे।

### विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज की श्री राम कथा का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा से हुआ। नागेश्वर नाथ सरोवर से सुरु हुई कलश में कई सैकड़ा महिलाओं ने हिस्सा लिया तथा तमाम प्रकार झांकियां कलश यात्रा की शोभा बनी। रथ पर सवार कथावाचक श्री भारद्वाज,के रथ को कथा संयोजक संतोष सिंह एडवोकेट भी ढकेलते दिखे। कलश यात्रा का अनेक स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया।इनमे सत्तीबाजार में पसमांदा समाज के वरिष्ठ नेता वसीम राइन ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

# धनुष यज्ञ आयोजन सीता स्वयंवर परिदृश्य भावुक हुए दर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा कुर्सी धनुष यज्ञ मेला में शोभायात्रा के बाद धनुष भंग लीला का मंचन किया गया।इस दौरान लोगों ने जमकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए।परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए विद्वता पूर्ण संवाद को सुन दर्शक रोमांचित हो उठे।कस्बा कुर्सी में धनुष यज्ञ मेला में बुधवार को धनुष भंग लीला के मंचन में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया।जिसमें आए कई देश के राजाओं द्वारा धनुष न उठा पाने से वह निराश हो गए ।राजा जनक के शब्द सुन लक्ष्मण जी उत्तेजित हो जाते हैं।, जिन्हें श्रीराम ने शांत कराते हुए कहा कि लखन तुम शांत हो बैठो। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष का खंडन कर दिया। धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन मन्द्राचल पर्वत पर तपस्या में लीन महर्षि



परशुराम की तपस्या भंग हो गई। श्री राम जी परशुराम को शांत करने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनके शांत ना होने पर लक्ष्मण जी कहते हैं बहु धनुहीं तौरीं लरिकाई कबहु न अस रिस कीन्ह गोसाई। ऐहि धनु पर ममता केहि हेतू। लक्ष्मण के शब्द सुनकर परशुराम का क्रोध अधिक बढ़ जाता है और वह लक्ष्मण को मारने के लिए दौड़ते हैं। श्रीराम व लक्ष्मण के स्वभाव को देख परशुराम जी विस्मय में पड़ जाते हैं। और वह श्री विष्णु भगवान के दिया गया सारंग धनुष श्री राम को देते हुए उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं। थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया और भगवान प्रतीक स्वरूप की आरती उतार कर वंदना की।पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने मेला में पहुंचकर प्रतीक स्वरूप भगवान राम लक्षण की आरती उतारकर वंदना की। इससे पहले कस्बे में शोभा यात्रा निकाली गई। कस्बे के प्रसिद्ध शिव मंदिर से निकली शोभायात्रा भीतरी बाजार , बाड़ा, ब्रह्मनी टोला होते हुए मेला मैदान पहुंची।इस दौरान शोभायात्रा में राम लक्ष्मण सीता हनुमान तथा शिव सहित विभिन्न झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।इस अवसर पर बजरंगबली की झांकी भी दिखाई गई। इस मौके मेला समिति अध्यक्ष मंगल जयसवाल राम-लखन जायसवाल ,शिव दयाल जायसवाल,आशीष वाजपई,रमाकंात बाजपेई उर्फ मुनवा काका,सोहन लाल मौर्य, दुर्गा प्रसाद राठौर,सुनील जायसवाल, राजेश कुमार चौरसिया,समाजसेवी मुकेश सिंह , आमिर किदवई,अंकित निगम उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद व घरौनी वितरण कार्यक्रम आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल लाभार्थियों से संवाद करेंगे और घरौनी वितरण करेंगे। राष्ट्र स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लाभार्थियों को भी घरों का दस्तावेज मिलेगा। जिले में यह कार्यक्रम सफ़ेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।एमएलसी श्री सिंह गुरुवार को

भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में चर्चा करते हुए बताया कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवासित ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाता है, जिनके पास अपने घरों का दस्तावेज नहीं है। सरकार की मंशा है कि जमीन व आवास के कागजात उपलब्ध कराकर गरीबों को दबंगों के कब्जे से अथवा विवादों से बचाया जाए।इसके साथ ही इस तरह के लोग अपनी जमीन पर बैंक कर्ज समेत अन्य सरकारी सुविधा का लाभ भी ले सकें।उन्होंने बताया कि हिंद अस्पताल के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपराह्न 12.30 बजे लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद स्थापित करेंगे।उन्होंने यह भी बताया कि जिले के सभी 15 ब्लॉकों में घरौनी वितरण कार्यक्रम भी संपन्न होगा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,एमएलसी अंगद सिंह ,मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन गुरु शरण लोधी मौजूद रहे।

### हिंद अस्पताल के ऑडिटोरियम में होगा आयोजन, गरीबों को दबंगों व विवादों से बचाने की मुहिम

## धूमधाम से मनाया गया सीता देवी महाविद्यालय वार्षिक उत्सव

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के कोटवाधाम स्थित एलपीएस मेमोरियल एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे आईपीएस आशुतोष मिश्रा व विशिष्ट अथिति कालेज के चेयरमैन अवधेश शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शुभारंभ गणेश वंदना एवं स्वागत गीत संग किया। छात्र छात्राओं के मनमोहक नृत्य और ड्रामो की लम्बी श्रृंखला ने सबका मन मोह लिया। छात्र छात्राओं अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईपीएस आशुतोष मिश्रा ने कहा कि कोटवाधाम बाराबंकी का विशिष्ट क्षेत्र है । इस क्षेत्र में एलपीएस मेमोरियल एकेडमी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिस तरीके से छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया है।

# मानवता को करूणा और प्रेम से जोड़ता है क्रिसमस: गोप

## पूर्व मंत्री ने गांधी भवन में बच्चों के साथ बांटी क्रिसमस की खुशियां, दिए ढेरों उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। क्रिसमस का यह लाल रंग एकता, सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है, जिनके जीवन में प्रेम नहीं वही इस रंग में दुर्भावना रखते है। क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार जो ईसा मसीह के जन्म से शुरू होता है। यह त्यौहार हमें मानवता को प्रेम तथा करूणा से जोड़ता है। ईसा मसीह ने कहा कि लोगों की मदद करो। उन्हें तकलीफ मत दो। यही सन्देश ईसा मसीह के जन्मदिन को सार्थक बनाता है। यह बात गांधी भवन में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा क्रिसमस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। इस दौरान श्री गोप ने महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 30 नवोदित खिलाड़ियों को ट्रैकशूट व नन्हें मुन्हें बच्चों को उपहार भेंटकर क्रिसमस की खुशियां साझा की। श्री गोप ने कहा कि आज दुनिया में युद्ध और



संघर्ष की आशंकाओं के बीच यीशु की शिक्षाएं शांति और सौहार्द का सार्थक संदेश दे सकती है। हमें सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि जीवन को सुखमय बनाने में शांति और अहिंसा का अभूतपूर्व योगदान है। यही संदेश ईसा मसीह और महात्मा गांधी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई, पूर्व विधायक सरवर अली खान, समाजसेवी अतार्रहमान 'सज्जन', शिवशंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युजंय शर्मा, वीरेन्द्र प्रधान, हसमत अली गुड्डू, के.ए सेंगर, मो. सईद किदवई, मुजीब अहमद, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी विजय कुमार अवस्थी, अशोक जायसवाल आदि कई लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

बाराबंकी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने सम्बंधित अधिकारियों से बिंदुवार विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 100 दिवसीय टी.बी उन्मूलन अभियान की गति जिले में बहुत सुस्त है। सभी सीएचओ और आशा के कार्यो की प्रतिदिन मानीटरिंग की जाए। बंकी विकास खंड में डेटा सम्बंधित विसंगतियां देखने को मिल रही है, सम्बंधित अधिकारी इसमें सुधार करें। सभी आशाओं को प्रतिदिन 50 घरों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सीएचओ, प्रिजेक्टिव आईडी बनाते हुए निःक्षय पोर्टल पर नियमित डेटा फीड करते रहे।

# बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया आस्ट्रेलिया के छह विकेट पर 311 रन

एजेंसी



मेलबर्न। विषम परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया जबकि आस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के आक्रामक अर्धशतक समेत शीर्ष क्रम के मजबूत प्रदर्शन के दम पर चौथे टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को छह विकेट पर 311 रन बना लिये। कोंस्टास के 65 गेंद में 60 रन ने जहां एमसीजी पर जुटे 80000 से अधिक दर्शकों में जोश भर दिया तो बुमराह के 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद दर्शक दीर्घा से 'बूम बूम बुमराह' का शोर भी सुनाई दिया। लगातार दो शतक बनाकर इस टेस्ट में उतरे ट्रेविस हेड से बुमराह की गेंद को भांपने में गलती हुई और वह 67वें ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श (चार) को आउट किया जबकि लंच के बाद उस्मान ख्वाजा (121 गेंद में 57 रन) को पवेलियन भेजा था। पहले दो सत्र का खेल आस्ट्रेलिया के नाम रहा जिसके लिये ख्वाजा और कोंस्टास के अलावा मार्नस लाबुशन (145 गेंद में 72 रन) और स्टीव स्मिथ (111 गेंद में नाबाद 68 रन) ने अर्धशतक लगाये। आखिरी सत्र बुमराह का रहा जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। बुमराह के अब श्रृंखला में 24 विकेट हो गए हैं। दूसरे छोर से उन्हें मोहम्मद सिराज से बिल्कुल मदद नहीं मिली जिन्होंने 15 ओवर में 69 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिली। आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर ने 12 ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिये। वहीं आकाश दीप ने 19 ओवर में 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा भी महंगे साबित हुए जिन्होंने कोंस्टास का विकेट लेने के बावजूद 14 ओवर में 54 रन दिये। सुबह के सत्र में कोंस्टास छाये रहे। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 19 बरस के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 52 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया और 65 गेंद में 60 रन बनाकर साबित कर दिया कि उन्हें अंतिम एकादश में रखने का फैसला कितना सही था। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले सत्र में कोंस्टास की भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर विराट कोहली से संक्षिप्त झड़प भी हुई। शुरुआत में कोंस्टास को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खेलने में दिक्कत आई लेकिन पहले कुछ रन बनाने के बाद वह लय में आ गए। बेखौफ खेल दिखाते हुए उन्होंने बुमराह को रिवर्स स्वीप लगाकर चौका जड़ा और फिर मिड आन पर छक्का लगा दिया। इसके बाद उन्होंने थर्डमैन पर चौका लगाया। बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के पहले ही स्पैल में पहली बार दो छक्के पड़े। इससे पहले टेस्ट मैच में उन्हें 2021 में कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया था। कोंस्टास ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाये।

# कोहली, कोंस्टास के बीच हुई तीखी झड़प, कोहली पर हो सकती है अनुशासनात्मक कार्रवाई

एजेंसी



मेलबर्न। विराट कोहली और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को मैदान पर झड़प हो गई और भले ही 19 वर्ष के आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने इसे तूल नहीं देते हुए कहा कि कोहली गलती से उनसे टकरा गए लेकिन भारत के स्टार बल्लेबाज पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। आस्ट्रेलियाई पारी के दसवें ओवर के बाद जब खिलाड़ी एक दूसरे के सामने से गुजर रहे थे तब कोहली और कोंस्टास के कंधे टकरा गए। दोनों खिलाड़ियों ने पलटकर एक दूसरे को घूरकर देखा और कुछ बोले भी। इस बीच आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने आकर दोनों को अलग किया। मैदानी अंपायरों ने भी दोनों से बात की। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कोंस्टास ने कहा कि कोहली जान बूझकर उनसे नहीं टकराये थे। उन्होंने कहा कि विराट कोहली गलती से मुझसे टकरा गए। यह क्रिकेट है और तनाव में ऐसा हो जाता है। कोंस्टास ने दूसरे सत्र के दौरान चैनल 7 से कहा कि मुझे लगता है कि हम दोनों पर जज्बात हावी हो गए थे। मुझे समझ में ही नहीं आया। मैं अपने दस्ताने पहन रहा था कि अचानक उनका कंधा मुझसे टकराया। क्रिकेट में यह सब होता रहता है। आईसीसी की आचार संहिता के अनुसार क्रिकेट में किसी भी तरह का अनुचित शारीरिक संपर्क निषिद्ध है। अगर खिलाड़ी किसी दूसरे खिलाड़ी या अंपायर से टकराते हैं 'या कंधे लगाते हैं', चाहे जान बूझकर या अनजाने में तो इस नियम का उल्लंघन माना जायेगा। लेवल एक के अपराध में मैच फीस का जुर्माना होता है। लेवल दो के अपराध में तीन या चार डिमेरिट अंक हो सकते हैं। चार डिमेरिट अंक होने पर एक मैच का निलंबन लग जाता है। कोंस्टास उस समय 27 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह को दो चौके और एक छक्का लगाया। वह अर्धशतक बनाने के बाद रविंद्र जडेजा की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। पहले दिन के खेल के बाद मीडिया से मुखातिब भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इस घटना को तूल नहीं दिया। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि जब आप खेलते हैं तो जज्बात उमड़ते हैं लेकिन यह उतना बड़ा मामला नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ था और क्या कहा गया। कोहली के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना पर नायर ने कहा कि टीम को कुछ बताया नहीं गया है। वहीं आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इस घटना के लिये कोहली को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि देखो कि विराट कहां से चलकर आया है। वह पूरी पिच पार करके आया और झड़प की शुरूआत की।

# हॉकी इंडिया लीग ने हमें बुलंदियों तक पहुंचाया, महिला टीम के लिये भी यही अपेक्षा : हरमनप्रीत

एजेंसी




राउरकेला। भारतीय पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग से महिला टीम को उसी तरह फायदा होगा जिस पर उनकी टीम को हुआ और वे ओलंपिक पदक जीतने में कामयाब रहे। पुरूष लीग में आठ टीमें होंगी और पहली बार हो रही महिला लीग में छह टीमें रहेंगी। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पांच दशक बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते। हरमनप्रीत ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हॉकी इंडिया लीग का प्रभाव भारतीय पुरूष हॉकी टीम में आज तक देखा जा सकता है।ओलंपिक में टीम की सफलता का एक कारण यह भी है कि कैरियर की शुरूआत में लीग से हमें काफी एक्सपोजर मिला। उन्होंने कहा कि नामी गिरामी खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलने से हम बेहतर खिलाड़ी बने। उन्होंने कहा कि इस बार महिला लीग भी शुरू हो रही है और मुझे पूरा यकीन है कि इससे महिला टीम को भी उसी तरह से भविष्य में फायदा मिलेगा। हरमनप्रीत हॉकी इंडिया लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं जिन्हें सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रूपये में खरीदा।

# साल 2024 में भारतीय क्रिकेट: आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म किया पर घरेलू श्रृंखला में मिली हार

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के लिए वर्ष 2024 उतार चढ़ाव वाला रहा तथा जहां टीम ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म किया वहीं उसे घरेलू श्रृंखला में हार झेलनी पड़ी। भारतीय क्रिकेट में इस साल बदलाव का दौर भी शुरू हुआ। इसकी शुरुआत कुछ दिग्गज खिलाड़ियों के अपेक्षित और अप्रत्याशित संन्यास के साथ हुई। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लिए बेताब थी क्योंकि पिछले एक दशक में वह अधिकतर नॉकआउट चरण में बाहर होती रही। इनमें पिछले साल वनडे विश्व कप का फाइनल भी शामिल है जहां उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती। भारत ने चार स्पिनरों को टीम में रखा था जिनमें से रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को ही खेलने का मौका मिला। जडेजा को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपना जलवा दिखाने का खास मौका नहीं मिला लेकिन कुलदीप और अक्षर भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने भी क्रमशः 15 और 17 विकेट लेकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। बल्लेबाजी में रोहित ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने अपनी निर्भीक बल्लेबाजी से विरोधी टीमों के आक्रमण को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके सलामी जोड़ीदार कोहली शुरुआती मैचों में खास योगदान नहीं दे पाए लेकिन फाइनल में उन्होंने तब 76 रन की शानदार पारी खेली जबकि टीम खराब शुरुआत के कारण संकट में दिख रही थी। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या, इस टूर्नामेंट के बाद कप्तान नियुक्त किए गए सूर्यकुमार यादव और कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। रोहित, कोहली और जडेजा ने भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी शानदार विदाई थी जिनका कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। रोहित के संन्यास लेने के बाद पूरी उम्मीद थी की हार्दिक इस छोटे प्रारूप में कप्तानी का दायित्व संभालेंगे लेकिन द्रविड़ की जगह मुख्य कोच का पद संभालने वाले गौतम गंभीर की सोच अलग थी क्योंकि उन्होंने टी20 में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूर्यकुमार को कप्तान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हिमा दास के निलंबन पर नाडा के अपडेट से असमंजस की स्थिति

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका हिमा दास को ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के मामले में दोषमुक्त करार दिये जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने असामान्य घटनाक्रम में उन पर पूर्वव्यापी निलंबन लगा दिया। सोलह महीने की निलंबन अवधि 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक थी और एथलीट अब टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है लेकिन हैरानी की बात यह है कि वह इस साल जून में भी प्रतियोगिताओं में भाग ले रही थी। नाडा ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण उसके डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा निलंबित कर दिया गया था। नाडा की वेबसाइट के अनुसार 'धींग एक्सप्रेस' के रूप में जानी जाने वाली हिमा को मामले के समाधान समझौते के तहत निलंबन दिया गया था। वह वर्तमान में तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रही है।

# आईडेंटिकल ब्रेन्स की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, निवेशकों को पहले दिन ही जोरदार मुनाफा

एजेंसी



नई दिल्ली। फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और कॉमर्शियल्स को वीएफएक्स सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में गिरावट आ गई और ये लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने दोबारा जोर लगाया, जिससे इस शेयर में तेजी का रुख बन गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 54 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 75.93 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 95 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर टूट कर 90.25 के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। राहत की बात यही रही कि थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से ये शेयर लोअर सर्किट के फंदे से निकल कर 99.75 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन इस शेयर से 84.72 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज का 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। प्राइमरी मार्केट में इस आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 544.28 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 187.36 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,020.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 544.28 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज ने 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 36.94 लाख नए शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने मौजूदा ऑफिस और स्टूडियो का रिनोवेशन करने, नई ब्रांच ऑफिस में कलर ग्रेडिंग करने, डिजिटल इंटरमीडिएट और साउंड स्टूडियो लगाने में करेगी।

# बजट बढ़ने से शादियों में रौनक लौटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस वर्ष जहां उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी तथा राधिका मर्चेंट की 5,000 करोड़ रुपये की शादी चकाचौंध रही वहीं आम लोगों के लिए इस खास दिन का जश्न मनाना महंगा हो गया है। मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग ने हालांकि इस साल शादी-ब्याह पर काफी खर्च किया और 2020-2021 में शादी के बाजार में आई मंदी अब अतीत की बात प्रतीत होती है। जस्टडायल की दिसंबर में जारी रिपोर्ट के अनुसार, महानगरीय शहरों में विवाह सेवाओं की मांग में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें राष्ट्रीय राजधानी में विवाह संबंधी खोजों में 44 प्रतिशत और रिजॉर्ट स्थल खोजों में चार गुना वृद्धि हुई। विवाह संबंधी सभी योजनाएं मुहैया कराने वाले वेडमीगुड के सर्वेक्षण के अनुसार, इस वर्ष नवंबर तक विवाह बजट में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत खर्च 35.6 लाख रुपये रहा है। वेडमीगुड अपने वेब तथा ऐप मंच पर मासिक आधार पर 18 लाख उपयोगकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करता है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) द्वारा साझा किए गए आंकड़े भी इसी तरह की प्रवृत्ति का संकेत देते हैं। सीएआईटी के संस्थापक एवं महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने के साथ बातचीत में बताया कि 2022 में औसत शादी का खर्च लगभग 20 लाख रुपये था, 2023 में यह बढ़कर 25 लाख रुपये हो गया, जबकि इस साल यह बढ़कर 30 लाख रुपये प्रति शादी हो गया। सोने और आभूषणों की कीमतें भी वर्ष भर बढ़ीं, जो शादी-ब्याह पर होने वाले खर्चों के संबंध में मानसिकता में आए बदलाव को दर्शाती हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में देश का सोने का आयात चार गुना बढ़कर 14.86 अरब डॉलर हो गया। जनवरी में सोने की कीमतें 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं, जो दिसंबर में 80,000 रुपये के आसपास हैं। आंकड़ों के अनुसार, आयात में वृद्धि मुख्य रूप से त्यौहार और शादी की मांग के कारण हुई। आभूषण विक्रेताओं ने कहा कि इस वर्ष केवल सोना ही नहीं, बल्कि वैकल्पिक आभूषणों की मांग भी बढ़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय मांजरेकर ने मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम के चयन की आलोचना की, कहा-गिल को बाहर करना कठोर कदम

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के चयन की आलोचना की और कहा कि बल्लेबाज शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर करना एक गलत और कठोर फैसला था। टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि शुभमन गिल बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर रहेंगे और वाशिंगटन सुंदर ने प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाई है। कप्तान ने यह भी कहा कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करेंगे। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मांजरेकर ने कहा कि एमसीजी में टीम इंडिया के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन ''अजीब'' था। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि गिल को बाहर करने और वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने के फैसले से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब है। नॉन-टर्निंग पिच पर किए गए बदलाव से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। गिल को बाहर करना कठोर है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में अनकैप्ड अंडर-19 बैटिंग संसेशन सैम कोंस्टास शामिल थे, जिन्होंने उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग की। दोनों टीमें इस प्रकार हैं- ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवन: उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड। भारत प्लेइंग इलेवन: यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

### वेस्ट ब्रोम छोड़ने के बाद कार्लोस कोरबेरन ने संभाली वालेंसिया की कमान

**मैड्रिड।** ला लीगा के संयुक्त निचले क्लब वालेंसिया ने बुधवार को कार्लोस कोरबेरन को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। इंग्लिश चैम्पियनशिप टीम वेस्ट ब्रोमविच एल्बियन को छोड़कर आए 41 वर्षीय कोरबेरन रुबेन बाराजा की जगह लेंगे। पूर्व कोच रुबेन बाराजा को सोमवार को बर्खास्त कर दिया गया था। इससे पहले वालेंसिया ने अपने घरेलू मैदान पर अलावेस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस मैच से पहले टीम ने अपने पहले 17 मैचों में केवल 12 अंक ही अर्जित किए थे। माना जा रहा है कि वालेंसिया ने कोरबेरन के रिलीज क्लॉज के लिए करीब तीन मिलियन यूरो का भुगतान किया है। वेस्ट ब्रोम ने एक बयान में पुष्टि की, एल्बियन ने कार्लोस कोरबेरन के क्लब छोड़ने और ला लीगा की टीम वालेंसिया के साथ एक नया अवसर तलाशने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है। 41 वर्षीय खिलाड़ी हमारे आभार के साथ अपने वतन लौटने के लिए तैयार है। वहीं, कोरबेरन ने कहा कि यह निर्णय मेरे जीवन का सबसे कठिन निर्णय था। उन्होंने कहा, इस विशेष क्लब के लिए मेरे दिल में हमेशा एक जगह रहेगी और मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं आप सभी के अविश्वसनीय समर्थन के लिए धन्यवाद देने के लिए वापस आ पाऊंगा। वेस्ट ब्रोम में अपने कार्यकाल के दौरान, कोरबेरन ने अपने पहले सीज़न में क्लब को नौवें और पिछले सीज़न में इसे पांचवें स्थान पर पहुंचाया, जबकि वर्तमान में यह चैम्पियनशिप तालिका में सातवें स्थान पर है।

### आर्चीज ने जीसीसी बाजार में विस्तार के लिए अल हस्ना गिफ्ट्स के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली।** आर्चीज लिमिटेड ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) बाजार में विस्तार के लिए अल हस्ना गिफ्ट्स के साथ साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आर्चीज ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में परिचालन शुरू किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, सहयोग के जरिये वह ओमान, सऊदी अरब तथा बहरीन में और विस्तार की योजना बना रही है। इससे पश्चिम एशिया में उसकी मजबूत उपस्थिति स्थापित होगी। आर्चीज के कार्यकारी निदेशक वरुण मूलचंदानी ने कहा कि जीसीसी एक गतिशील बाजार है जिसमें अपार संभावनाएं हैं। हम आर्चीज की विशिष्ट उपहार श्रृंखला को नए ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। अल हस्ना गिफ्ट्स के सह-संस्थापक अल हस्ना एस ने कहा, '' आर्चीज के साथ हमारी साझेदारी जीसीसी क्षेत्र में ग्राहकों को बेहतर उपहार अनुभव प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# एआई, मशीन लर्निंग से भारतीय दवा उद्योग को नवाचार में मदद मिलेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई), मशीन लर्निंग जैसी प्रौद्योगिकियों से दवा की खोज, विनिर्माण तथा रोगी देखभाल में क्रांति आ रही है। इसके साथ भारतीय दवा उद्योग 2025 में एक बड़े बदलाव को तैयार है, जिसमें नवाचार, व्यापक वैश्विक पहुंच तथा गुणवत्ता में सुधार भविष्य के लिए प्रमुख विषय बन जाएंगे। दवा उद्योग के 2030 तक लगभग दोगुना बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाने की उम्मीद है। यह अनुकूल नीतियों, जनसांख्यिकीय तथा डिजिटल प्रतिभा का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है, ताकि भारत सभी के लिए वैश्विक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कुल जेनेरिक दवा बिक्री में करीब 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला भारतीय दवा उद्योग देश को उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती दवाओं के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के वास्ते अनुसंधान उत्कृष्टता व नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, '' भारतीय दवा बाजार का आकार 2030 तक 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वर्तमान में 58 अरब अमेरिकी डॉलर है। गुणवत्ता, नवाचार तथा व्यापक वैश्विक पहुंच के संदर्भ में पहल से भारतीय दवा क्षेत्र को अपनी क्षमता का एहसास करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अनुकूल नीतियों और जनसांख्यिकीय व डिजिटल प्रतिभा के लाभ को देखते हुए, भारत आने वाले वर्षों में सभी के लिए वैश्विक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईपीए सन फार्मा, सिप्ला और डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज जैसी 23 प्रमुख शोध-आधारित भारतीय दवा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 रुपये से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# वाजपेई की जयंती पर जिला कारागार परिसर में भी आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कानपुर देहात। जिला कारागार में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कारागार के अधिकारियों ने जहां बड़े ही आदर भाव के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न की उपाधि से विभूषित श्री वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें पूरे आदर भाव के साथ नमन करते हुए अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किए। वही परम श्रद्धेय भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर रविवार को गाजियाबाद के समाजसेवी राजा सैफी व उनकी टीम के अन्य सहयोगी सदस्यों द्वारा जिला कारागार, कानपुर देहात में निरूद्ध गरीब बन्दियों को 100 गर्म जैकेट, 100 गर्म कम्बल व 100 जोड़ी चप्पल तथा कारागार में निरूद्ध सभी महिला बन्दियों व बच्चों को ऊनी कपड़ों का वितरण किया । स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों के द्वारा गर्म कपड़ों इत्यादि को पाकर जिला कारागार में निरुद्ध सभी बन्दी प्रसन्नचित रहे। तथा बंदियों की तरफ से कारागार अधीक्षक धीरज कुमार ने राजा सैफी व उनकी टीम के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञपित किया। तथा भविष्य में पुनः इसी तरह के सहयोग का अनुरोध किया । इस अवसर पर जिला कारागार कानपुर देहात के अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा, जेलर डॉक्टर विजय कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर डॉक्टर राजेश कुमार, उप जेलर सुश्री विजय लक्ष्मी सिंह, इज़हार अहमद, व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वही परम श्रद्धा अटल बिहारी जी वाजपेई की जयंती के मौके पर रविवार को ही जिला कारागार परिसर में कानपुर नगर की अपराध मुक्ति सामाजिक चिकित्सा समिति के सहयोग से हितलता सहचरी ने जिला कारागार में निरुद्ध महिला एवं पुरुष बंदियों को अवसाद मुक्त करने के लिए श्रीमद् भागवत कथा सत्संग रसामृत का आयोजन किया। उपरोक्त धार्मिक कार्यक्रम में कथा वाचिका हितलता सहचरी ने बहुत ही सुंदर-सुंदर भजनों व सुसंगत उदाहरणो के माध्यम से श्रीमद्भागवत कथा का गायन किया। कथा को सुनकर जिला कारागार में निरुद्ध पुरुष तथा महिला बंदियों ने जमकर अध्यात्म की गंगा में डुबकी ही नहीं लगाई बल्कि बंदियों ने इस दौरान काफी खुशी का इजहार करते हुए भविष्य में पुनः अपराध न करने की शपथ भी ग्रहण की। जिला कारागार कानपुर देहात के अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा ने अपराध मुक्ति सामाजिक चिकित्सा समिति के अध्यक्ष अशोक बाजपेई, एवं कथावाचिका हितलता सहचरी तथा सहयोगी सदस्यों का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसी तरह के कार्यक्रमों का जिला कारागार परिसर में बार-बार आयोजन किए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कारागार के अधीक्षक धीरज कुमार, जेलर डॉक्टर विजय कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर डॉ राजेश कुमार, डिप्टी जेलर सुश्री विजयलक्ष्मी सिंह एवं इजहार अहमद, जिला कारागार के चिकित्सक डॉ कुलदीप सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक बृजकिशोर सोनवानी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं बैंक: उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है जिसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं। एनसीडीआरसी ने अपने फैसले में कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर ग्राहकों से अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार है।

यह फैसला सिटीबैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, एचएसबीसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक द्वारा एनडीसीआरसी के सात जुलाई, 2008 के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर आया है। आयोग ने कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दरें बहुत अधिक हैं और उधारकर्ताओं के शोषण की तरह हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी 'अवैध' है और भारतीय रिजर्व बैंक की शक्तियों के स्पष्ट, सुस्पष्ट प्रत्यायोजन में हस्तक्षेप है। न्यायालय ने कहा कि आयोग का 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर न लेने के बारे में दिया गया निर्णय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के विधायी उद्देश्य के विपरीत है। शीर्ष अदालत ने 20 दिसंबर के अपने फैसले में कहा कि बैंकों ने क्रेडिट कार्ड धारकों को धोखा देने के लिए किसी भी तरह से कोई गलतबयानी नहीं की थी और 'भ्रामक व्यवहार' एवं अनुचित तौर-तरीकों की पूर्व-शर्तें नदारद थीं। न्यायालय ने कहा कि एनसीडीआरसी के पास बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड धारकों के बीच किए गए अनुबंध की उन शर्तों को फिर से तय करने का कोई अधिकार नहीं है जिसपर दोनों पक्षों ने आपसी सहमति जताई थी। पीठ ने कहा, ''हम भारतीय रिजर्व बैंक की इन दलीलों से सहमत हैं कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में किसी भी बैंक के विरुद्ध कार्रवाई करने का आरबीआई को निर्देश देने का सवाल ही नहीं पैदा होता है।

## कुंभ में दुनिया देखेगी भारत की सांस्कृतिक शक्ति : शेखावत

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अबकी बार कुंभ में भारत की ताकत और भारत की सांस्कृतिक शक्ति को एक साथ दुनिया देख सकेगी। श्री शेखावत गुरुवार को यहां मीडिया से चर्चा के दौरान प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे कुंभ के बारे में कहा कि कुंभ का हजारों वर्ष का इतिहास है। वैदिक सभ्यता से लेकर महाभारत काल, गुप्त शासन काल, चालुक्य वंश के समय और उसके बाद पूरे मध्यकालीन इतिहास में कुंभ का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में पिछला पूर्ण कुंभ जब हुआ तब लगभग 20 करोड़ यात्री स्नान और दर्शन के लिए आए थे। वर्ष 2019 में अर्द्ध कुंभ के समय यह संख्या बढ़कर 25 करोड़ हुई थी। अनुमान है कि 45 करोड़ लोग अबकी बार कुंभ में साक्षी बनेंगे और सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि अबकी बार कुंभ और अधिक दिव्य-भव्य हो, इसको लेकर प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार, सभी मिलकर बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रहे हैं। कुंभ में आने वाले कल्पवासी, जो पूरे समय में रहकर वहां पर कल्प साधना करते हैं, उनकी संख्या इस बार 10 लाख के बजाय 20 लाख के आसपास रहने वाली है। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया से जो पर्यटक कुंभ के समय आएंगे, लगभग 20 लाख विदेशी सैलानियों की हम उम्मीद करते हैं, उनको एक स्थान पर एक वृहद भारत का अनुभव हो, इस दृष्टिकोण से हमने तैयारी है। श्री शेखावत ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने अनेक स्थानों पर कुंभ में भारत की संस्कृति को चिरित्र करने के लिए अलग-अलग मंच बनाए हैं। कुंभ में संस्कृति मंत्रालय को उत्तर प्रदेश सरकार ने 14 एकड़ भूमि दी है, उस पर भारत के सभी प्रांतों क्रॉफ्ट, कल्चरल और कुजिन यानी हस्तशिल्प, संस्कृति व भोजन, इन तीनों को हम प्रदर्शित कर सकें, इस तरह की एक रचना की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के सभी ख्यातनाम कलाकार कुंभ में अपना प्रदर्शन करेंगे। देशभर के हस्तशिल्पी अपने हुनर का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करने वाले हैं। अबकी बार कुंभ दुनिया के लिए एक ऐसा अवसर होगा जहां भारत की ताकत और भारत की सांस्कृतिक शक्ति को एक साथ में देख सकेंगे। 45 करोड़ लोग कुंभ में आएंगे, भारत और चीन को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की इतनी आबादी नहीं है। इतने लोग एक साथ, एक जगह पर एकत्रित होंगे और दुनिया का सबसे बड़ा मानवों का एकत्रीकरण एक जगह पर होगा।

## विदेशी ताकतों के इशारे पर भारत को तोड़ने वाले नक्शे लायी है कांग्रेस : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के बेलगावी (कर्नाटक) में होने वाले आयोजन में भारत के मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर एवं अक्साई चिन को गायब दिखाने पर तीखी प्रतिक्रिया जतायी है और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत विरोधी ताकतों के इशारे पर नैतिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक दायित्व का उल्लंघन किया है। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर केवल राज करने के लिए देश विरोधी ताकतों के हाथों भारत को छिन्न भिन्न करने और जाति, प्रांत, संप्रदाय, क्षेत्र के आधार पर बांटने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा, आज पूरा देश गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए 'वीर बाल दिवस' मना रहा है। परन्तु इसी अवसर पर दूसरी तस्वीर उभर कर सामने आती है, जो पीड़ा उत्पन्न करती है। बेलगावी में कांग्रेस द्वारा जो आयोजन किया जा रहा है, उसमें कांग्रेस कर्नाटक द्वारा एक ट्वीट जारी किया जाता है, जिसमें भारत के नक्शे में अक्साई चिन और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर गायब दिखता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा भारत के मानचित्र को छिन्न भिन्न दिखाना कोई पहली बार की घटना नहीं है। इन्होंने पहले भी कई बार ऐसा किया है। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा 24 अक्टूबर 2024 को दर्शाए गये मानचित्र, कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव के वक्त सितंबर 2022 में दिखाये गये मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर एवं अक्साई चिन को भारत का हिस्सा नहीं दिखाया गया था और 22 फरवरी 2020 को श्री राहुल गांधी द्वारा प्रदर्शित मानचित्र में को पूर्वोत्तर राज्यों को ही भारत से अलग दिखाया गया था जिस पर असम के मुख्यमंत्री ने सख्त ऐतराज जताया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इससे एक बात साफ हो गई है कि भारत को छिन्न-भिन्न करने का स्वप्न देखने वाली शक्तियों के साथ कांग्रेस की दुरभि संधि हो चुकी है और इस नापाक गठजोड़ की तस्वीर अब एकदम साफ हो गई है। उन्होंने कहा, ल्ल्अब हम कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहते हैं कि आपके द्वारा किए गए ट्वीट में एक नहीं, कई बार लगातार भारत के हिस्सों को काटकर क्यों दिखाया जा रहा है, ये सिर्फ संयोग है या भारत विरोधी साजिश का हिस्सा है? क्या सोरोस सीक्रेट सर्विस से कोई सिग्नल आ रहा है या कोई अन्य भारत विरोधी शक्ति आपको लगातार सात समुंदर पार से संकेत दे रही है? डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ नक्शों का मामला नहीं है। यह भारत की पहचान के लिए खतरा है। भारत हमेशा से भारत विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज तकनीकी रूप से मुख्य विपक्षी दल बन गयी है और इस तरह से कांग्रेस की संविधान के प्रति वचनबद्धता है। संसद में आते समय भारत की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ से बंधी है। लेकिन कांग्रेस नेताओं को भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करने की शपथ का उल्लंघन करते देखना चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा प्रवक्ता ने पूछा कि बेलगावी में एकत्रीकरण में क्या कांग्रेस में भारत को तोड़ने के बारे में कोई मंथन हुआ है या भारत को छिन्न भिन्न करने का कोई प्रस्ताव पारित हुआ है या इस बारे में कोई समिति गठित हुई है। उन्होंने पूछा, कांग्रेस ने किस आधार पर, किस प्रस्ताव पर यह नैतिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक दायित्व का उल्लंघन किया है? उन्होंने कहा, हम भारत की जनता को आश्वस्त करना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार कांग्रेस के मंसूबे को लेकर सजग है और जनता की देश की एकता अखंडता को लेकर सजग है। जाति, प्रांत, वर्ग भेद के भय को फैला कर भारत के विकास को रोकने में कांग्रेस कभी सफल नहीं होगी, यह भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का संकल्प है।

## महाकुंभ के जरिये दुनिया जानेगी यूपी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

लखनऊ। आस्था के विराट पर्व 'महाकुंभ 2025' के जरिये दुनिया भर के श्रद्धालुओं को उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी जानने का अवसर मिलेगा। प्रदेश का पर्यटन विभाग महाकुंभ-2025 में लगभग पांच एकड़ में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन की स्थापना कर रहा है जहां प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों समेत अन्य आकर्षणों की झलक मिल सकेगी। पवेलियन में हस्तशिल्प बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे। पवेलियन में लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध हस्तशिल्प बाजार सजाई जायेगी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झांकी भी प्रस्तुत की जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अपनी विशिष्टता है। धार्मिक-आध्यातमिक, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां के व्यंजन, हस्तशिल्प, गीत और नृत्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। महाकुंभ-2025 में लगभग 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना हैं। इन्हें प्रदेश की प्रसिद्ध विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि महाकुंभ क्षेत्र सेक्टर सात नागवासुकी मंदिर के समीप लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन का निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश के 12 प्रमुख

# मन्दिरों के सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विहिप चलाएगा देशव्यापी अभियान

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने हिन्दू मन्दिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए पांच जनवरी से देश व्यापी जन-जागरण अभियान की घोषणा की है।

विश्व हिन्दू परिषद के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देश व्यापी जन जागरण अभियान को प्रारम्भ करने जा रहे हैं।

श्री परांडे ने कहा कि इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आन्ध्र प्रदेश के विजयवाडा में आयोजित 'हैंदव शंखारावम' नामक लाखों लोगों के विशेष और विराट समागम में होगा। उन्होंने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिन्दूद्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था, एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं तो भला हिंदूओं के साथ ही यह भेद भाव क्यों। अनेक माननीय उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए स्पष्ट संकेतों के बावजूद भी सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व सम्पत्तियों पर कब्ज़े जमा कर बैठी रहीं हैं।''

श्री परांडे ने कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान एवं दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने उच्चतम न्यायालय के प्रतिष्ठित वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुडे किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण के लिए अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे। इसीलिए कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा संतों, सेवानिवृत्त न्यायाधीश तथा सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के साथ समाज के ऐसे प्रतिष्ठित लोग, जो हिंदू शास्त्रों और आगम की विधियों के ज्ञाता हैं, ऐसे लोगों को एकत्र कर राज्य स्तर की एक धार्मिक परिषद बनाएंगे। यह राज्य स्तरीय परिषद जिला स्तरीय परिषद् एवं मंदिर के न्यासियों का चुनाव करेगी। जिसमें अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के साथ समाज के विविध वर्गों का सहभाग होगा। विवादों के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया निश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप गत सप्ताह ही हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से मिलकर उन्हें उनके विचारार्थ सौंपा था। हमारी ऐसी ही चर्चा अन्य राज्य सरकारों तथा विविध राजनीतिक दलों से भी चल रही है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व गत 30 सितम्बर को विहिप ने देश के सभी राज्यों के राज्यपालों को ज्ञापन सौंप कर उनकी सरकारों को मंदिरों के प्रबंधन से हट जाने के लिए निवेदन किया था। मंदिरों की मुक्ति के इस अखिल भारतीय जागरण अभियान के अन्तर्गत इन मंदिरों की चल-अचल सम्पत्तियों की रक्षा तथा उनके योग्य विनियोग - समाज की सेवा तथा धर्म प्रचार हेतु करने के लिए हिंदू समाज का जागरण प्रारम्भ हो गया है। श्री परांडे ने कहा कि मन्दिरों को हिन्दू समाज को सौपने से पूर्व हमारा आग्रह है कि मंदिरों एवं ऐंडौमेंट विभाग में नियुक्त सभी गैर हिंदुओं को निकाला जाए। भगवान की पूजा, प्रसाद एवं सेवा में सिर्फ़ गहरी आस्था रखने वाले हिंदुओं को ही लगाया जाए। मंदिर के न्यासियों व प्रबन्धन में किसी राजनेता या किसी राजनीतिक दलों से जुडे व्यक्तियों को ना रखा जाए। मंदिर के अंदर और बाहर के हिस्सों में सिर्फ़ हिंदुओं की ही दुकानें हों। मंदिर की ज़मीन पर गैर हिंदुओं द्वारा बनाए हुए तथा अन्य सभी अवैध निर्माणों को हटाया जाना चाहिए। मंदिरों की आय को सिर्फ़ हिंदू धर्म के प्रचार और उससे जुडे विषयों पर ही खर्च किया जाए। सरकारी कार्यों में कदापि नहीं खर्च किया जाए।

# सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे

## मुख्यमंत्री आवास पर किया गया वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है सिखों ने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं। जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श व प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें।

मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया। इस दौरान ऐतिहासिक समागम व 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर शबद- कीर्तन कार्यक्रम हुआ था। उसके उपरांत 2020 से अनवरत वीर बाल दिवस का आयोजन मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। अब यह पूरे देश का आयोजन हो गया है। आज की तिथि पर गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादे (बाबा जोरावर सिंह-फतेह सिंह) वजीर खां के हाथों दीवार में चुने गए थे। चमकौर के युद्ध में दो बड़े साहिबजादे (बाबा अजीत सिंह-जुझार सिंह) शहादत को प्राप्त हुए। मां गुजरी इसे बहुत अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं कर पाईं। इन लोगों पर उस समय क्या बीता होगा, यह दर्द कोई महसूस नहीं कर सकता, फिर भी एक ही लक्ष्य था कि देश व धर्म पर आंच नहीं आने देंगे। इसके लिए गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों ने शहादत देकर देश व धर्म की रक्षा की पक्की नींव खड़ी की। जिस पर न केवल आज भी सिख पंथ, बल्कि पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख पंथ की शुरुआत ही देश व धर्म के लिए हुए थी। गुरु नानक देव ने सबसे पहले बाबर के अत्याचार का विरोध किया था। लाहौर में गुरु अर्जुन देव का बलिदान जहांगीर के अत्याचार से बचाने के लिए था। गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश नहीं झुकने दिया, इसलिए आज कश्मीर भारत का हिस्सा और शीश बना हुआ है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने अपनी आंखों के सामने अपने पुत्रों और पिता को बलिदान होते देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह महाराज, चार साहिबजादों से लेकर पंच प्यारों तक, सिख गुरुओं का इतिहास देश व धर्म के लिए शहादत का इतिहास है। यह केवल कौम का नहीं, देश का इतिहास है। यह भारतवासियों के लिए प्रेरणा है। जाति-पाति का भेदभाव समाप्त हो, इसके लिए गुरुनानक ने शबद कीर्तन की प्रेरणा दी। मिल-बांटकर खाने के लिए जिस लंगर की शुरुआत की, उसका अनुसरण आज भी हर गुरुद्वारा कर रहा है। गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव ही समृद्धि व खुशहाली का कारण बनता है। भेद परिवार में नहीं, शत्रु-मित्र में होता है। इस भेद को पहचानने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष गुरु तेग बहादुर का 350 वां शहीदी वर्ष है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर गुरु गोबिंद सिंह को लेकर यहां आए थे।

# पेज एक का शेष

### बीजेपी का एक...

इलेक्टोरल ट्रस्ट से मिले। कांग्रेस को ट्रस्ट के रास्ते 156 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले, लेकिन यहां प्रूडेंट ही एकमात्र दानदाता था। प्रूडेंट ने 2023-24 में बीआरएस को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआर कांग्रेस को 62.5 करोड़ रुपये भी दिए। इन दोनों पार्टियों को उसी साल सत्ता से बाहर कर दिया गया था। आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी टीडीपी को प्रूडेंट से 33 करोड़ रुपये मिले। डीएमके को ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट और जयभारत ट्रस्ट से 8 करोड़ रुपये मिले। बीजेपी ने 2023-24 में फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज से 3 करोड़ रुपये का चंदा मिलने की घोषणा की है। यह कंपनी सैंटियागो मार्टिन की है, जिन्हें भारत का 'लॉटरी किंग' भी कहा जाता है। फ्यूचर गेमिंग चुनावी बांड के जरिए सबसे बड़ा दानदाता था और टीएमसी इसका सबसे बड़ा लाभार्थी था। मार्टिन कथित मनी लॉन्ड्रिंग के ईडी और इनकम टैक्स की जांच के दायरे में हैं। अन्य राष्ट्रीय पार्टियों में, आम आदमी पार्टी ने 2023-24 में 11.1 करोड़ रुपये के चंदे की घोषणा की, जो पिछले साल के 37.1 करोड़ रुपये से कम है। सीपीएम का चंदा 2022-23 के 6.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 7.6 करोड़ रुपये हो गया। मेघालय में गप्छ ने 14.8 लाख रुपये के चंदे की घोषणा की। बसपा ने एक बार फिर 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा नहीं मिलने की घोषणा की। बीजेडी ने भी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शून्य चंदा घोषित किया। टीडीपी ने 2023-24 में 100 करोड़ रुपये से अधिक के चंदे की घोषणा की, जबकि समाजवादी पार्टी ने पिछले साल के 33 करोड़ रुपये की तुलना में 46.7 लाख रुपये घोषित किए।

### जनवरी तक संपत्तियों ...

गया है। मानव संपदा पोर्टल पर वर्ष 2024 का विवरण प्रस्तुत करने की सुविधा 1 जनवरी से शुरू हो जाएगी।

### महाकुम्भ में श्रद्धालुओं ...

प्रयोग करने का फैसला किया गया है। इसी योजना के तहत पूरे मेला क्षेत्र और कमिश्नरेट में जगह-जगह वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस योजना के तहत 40 वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले मेला क्षेत्र और 40 कमिश्नरेट में लगाए जा रहे हैं, जिन पर साइबर सिक्योरिटी को लेकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। श्री द्विवेदी ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को जागरूक करने के अलावा उन्हें एआई, डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाने के लिए महाकुंभ साइबर थाना बनाया गया है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा का इंतजाम पुख्ता करना है। साइबर ठगों के फर्जी लिंक के हथियार मेले में पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां काम करने वाली प्रदेश के चुनिंदा एक्सपर्ट की टीम ने फिलहाल लगभग 50 वेबसाइटों को अपने रडार पर लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही भी शुरू कर दी है। इसके अलावा ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मोबाइल साइबर टीम भी सक्रिय कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है।

### नोटा को पड़े थे...

आयोग ने कहा है कि शोधकर्ता, नीति निर्माता और पत्रकार अब गहन अंतर्दृष्टि और विश्लेषण करने के लिये तैयार किये गये डेटा के इस खजाने का उपयोग कर सकते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिये पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2019 के 91,19,50,734 की तुलना में 97,97,51,847 थी जो 7.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इस बार 10 लाख 52 हजार 664 मतदान केंद्रों तथा डाकमत के जरिये कुल 64,64,20,869 वोट पड़े थे, जिसमें वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े वोटों की संख्या 64,21,39,275 थी। इस बार के चुनाव में असम के धुबरी निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 92.3 प्रतिशत और जम्म-कश्मीर में श्रीनगर क्षेत्र में सबसे कम 38.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों के अनुसार 2024 में 12,459 नामांकन दाखिल किये गये, जबकि 2019 में 11692 नामांकन दाखिल किये गये थे। सर्वाधिक नामांकन वाला संसदीय निर्वाचन क्षेत मलकाजगिरी (तेलंगाना) रहा जहां 114 नामांकन पत्र भरे गये थे। इसके विपरीत सबसे कम नामांकन वाली संसदीय सीट (सूरत को छोड़कर) असम की डिब्रूगढ़ सीट रही, जहां केवल तीन मतदान पत्र प्राप्त हुये थे। वर्ष 2024 के आम चुनावों में, देश भर में दाखिल कुल 12,459 नामांकनों में से नामांकन खारिज होने और नाम वापस लेने के बाद 8,360 उम्मीदवार चुनाव लड़ने के योग्य पाये गये। 2019 के लोकसभा चुनाव में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या 8054 थी।

### यूपी के 95 आईएएस...

भूपेंद्र एस चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार उपाध्याय, जगदीश, संगीता सिंह, इंद्र विक्रम सिंह हैं। इसी बैच के ब्रजेश नारायण सिंह, राकेश कुमार मिश्र, रमाकांत पांडेय, आनंद कुमार सिंह, राजेश कुमार, मार्कंडेय शाही, अविनाश कृष्ण सिंह, राजेश प्रकाश, डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, डा. अनिल, डा. हीरालाल, शैलेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, डा. अनिल कुमार सिंह, साहब सिंह, मानवेंद्र सिंह, अटल कुमार राय, नरेंद्र प्रसाद पांडेय, शुभ्रा सक्सेना और आदिति सिंह को विशेष सचिव से सचिव बनाया गया है।

### इतिहास से वर्तमान...

लेकर उद्यमिता तक, युवा शक्ति नई क्रांतियों को जन्म दे रही है। इसलिए सरकार का सबसे बड़ा फोकस युवाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी नीतियां, चाहे स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के लिए हों, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के भविष्य के लिए हों, खेल और फिटनेस क्षेत्र, फिनटेक और विनिर्माण उद्योग, या कौशल विकास और इंटर्नशिप योजनाएं, युवा-केंद्रित हैं और इनका उद्देश्य युवाओं को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि देश के विकास से जुड़े हर क्षेत्र में युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं जबकि उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को सरकार का समर्थन मिल रहा है।

# भाजपा तीन दिन में सभी निकाय उम्मीदवारों की करेगी घोषणा: महेंद्र भट्ट


**■ भाजपा में दावेदारों की भरमार, कांग्रेस के पास उम्मीदवारों का टोटा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि निकाय चुनाव में सभी उम्मीदवारों की घोषणा अगले दो तीन दिन में कर दी जाएगी। उनका कहना है कि कंाग्रेस के पास उम्मीदवारों का टोटा पड़ा हुआ है वहीं भाजपा में बड़ी संख्या में उम्मीदवारी के लिए दावेदारी की जा रही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पर्यवेक्षकों के साथ चर्चा के दूसरे दिन गढ़वाल मंडल के जनपदों के निकाय उम्मीदवारों पर चर्चा हुई। जिसमें देहरादून महानगर, देहरादून ग्रामीण, हरिद्वार, रुड़की, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, कोटद्वार के सभी नगर निगम, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष के शीर्ष तीन नामों का पैनल तैयार किया गया। इस दो दिवसीय बैठक में सामने आए नामों के पैनल पर अगले दो दिन में प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति में चर्चा की जाएगी। जिसके बाद निगम महापौर नामों के पैनल को केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के उपरांत ही घोषणा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से बातीचत करते हुए कहा कि अगले दो तीन दिन में सभी निकाय उम्मीदवारों के नाम सामने आ जाएंगे। साथ ही कहा कि भाजपा का उम्मीदवार बनना जीत की गारंटी है, लिहाजा दावेदारों की सूची भी बहुत लंबी है। महेंद्र भट्ट ने आरक्षण को लेकर कंाग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कना माहरा के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि सच्चाई यह है उनके पास तो सभी सीटों पर सर्वसमाज के कार्यकर्ताओं का भी आभाव है, तभी वह आरक्षण निर्धारण का रोना रो रहे हैं। जबकि पहली बार एक हजार से अधिक आपत्तियों पर विचार कर आरक्षण निर्धारण में समुचित संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया गया। दरअसल कंाग्रेस को अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है और उनके नेता चुनाव में उतरने से डर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कंाग्रेस नेताओं के बयानबाजियों पर तंज कसते हुए कहा कि हमारे पास तो कई सीटों के लिए तो दो दर्जन से भी अधिक दावेदार हैं। लेकिन कंाग्रेस के पास तो उम्मीदवारों का ही टोटा हो गया है, कई निकाय सीटों पर तो उनको उम्मीदवार ढूंढे नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा में उम्मीदवार चयन की निश्चित प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जा रहा है। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की भीड़ लगना लाजिमी है, लेकिन कंाग्रेस में तो गुटबाजी ही टिकट कब्जाने की प्रक्रिया है। इसलिए उनके कार्यकर्ता अपने अपने आकाओं के चक्कर लगा रहे हैं।

# राज्यपाल ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र को दिलाई शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र ने गुरुवार को उत्तराखंड नैनीताल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद व गोपनीयता शपथ दिलाई। दरअसल, न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के कोलॉजियम की सिफारिश पर हुई है। कोलॉजियम ने 24 सितंबर को उनके नाम की सिफारिश की थी, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार कर नोटिफिकेशन जारी किया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व अन्य मंत्रियों समेत हाई कोर्ट के न्यायाधीश, हाई कोर्ट की रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान, वरिष्ठ अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र ने अपनी बैचलर ऑफ आर्ट्स और एलएलबी के साथ पूरी करने के बाद वर्ष 1989 में तमिलनाडु बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकित हुए। वर्ष 1993 में उन्होंने कर्नाटक स्टेट बार काउंसिल में अपना पंजीकरण स्थानांतरित किया। इसके बाद वर्ष 2015 में वे कर्नाटक हाई कोर्ट में न्यायाधीश बने। अक्टूबर 2023 में उनका स्थानांतरण आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में हो गया।

# उत्तराखंड के ग्रामीणों के लिए खुशखबरी! 125 नई समितियां हुईं शुरू



**■ सहकारिता से आएगी खुशहाली, खाद-बीज और बैंकिंग सेवाएं अब गांव के पास**

**■ ग्राम्य विकास की दिशा में बड़ा कदम, हर गांव में बनेगी बहुउद्देशीय समिति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशभर में 10,000 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का वर्चुअल उद्घाटन किया। उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून स्थित उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उत्तराखंड की 125 नई समितियों का भी उद्घाटन किया गया। डॉ. रावत ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद देशभर में पैक्स का तेजी से गठन हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगले 100 दिनों में उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर गांव में एक बहुउद्देशीय समिति गठित कर दी जाएगी। इन समितियों के माध्यम से किसानों को खाद-बीज, दवाएं, वित्तीय सेवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिलेगा। डॉ. रावत ने बताया कि पैक्स के माध्यम से 24 प्रकार की सेवाएं, जैसे रेल, बस और हवाई टिकट, बिजली बिल भुगतान और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा उत्तराखंड में सहकारी समितियों के माध्यम से एक लाख नए सदस्यों को जोड़ा गया है, जिनमें से 60 प्रतिशत समितियां लाभ की स्थिति में हैं। सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर ने सहकारिता की भूमिका को देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि और पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में 11 नई समितियों को प्रमाण पत्र और पांच किसानों को माइक्रो एटीएम वितरित किए गए। सहकारिता से समृद्धि की ओर, उत्तराखंड रेशम फ़ेडरेशन को मिला नैकॉफ अवॉर्ड कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड रेशम फ़ेडरेशन को नैकॉफ अवॉर्ड्स 2024 से सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक आनंद शुक्ला ने पुरस्कार ग्रहण किया। कार्यक्रम में सहकारी संघ से जुड़े अधिकारी, किसान और विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि सहित 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मंच संचालन संयुक्त निबंधक एमपी त्रिपाठी ने किया।

## जन्मदिवस पर याद किए गए अजात शत्रु दीनानाथ सलूजा

देहरादून। उत्तराखंड के प्रखर समाजसेवी और दानवीर स्वर्गीय दीनानाथ सलूजा का जन्मदिवस उनके सहयोगियों और प्रशंसकों ने भावपूर्ण तरीके से मनाया। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन और संचालन हिन्दी साहित्य समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय स्नेही ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सलूजा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। ओएनजीसी के पूर्व निदेशक एनआर गुप्ता ने उनके दान और समाजसेवा की स्मृतियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि दीनानाथ सलूजा गुमनाम रूप से लोगों की मदद करने वाले ऐसे दानी थे, जो प्रचार-प्रसार से दूर रहकर सेवा करते थे। उनके सहयोगी विजय स्नेही ने कहा कि सलूजा हर राजनीतिक दल, साहित्यकार, और पत्रकार के प्रिय थे। उनका कार्यालय और आवास जरूरतमंदों के लिए मंदिर के समान था।नगर पालिका और साहित्यिक योगदानपूर्व पार्षद अशोक वर्मा ने बताया कि दीनानाथ सलूजा 1989 से 1994 तक नगर पालिका अध्यक्ष रहे।

# एसजीपीसी अध्यक्ष ने दरबार साहिब में जूते पॉलिश और बर्तन साफ कर सजा पूरी की

**■ पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर को अपशब्द बोलने पर मिली सजा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक की पूर्व अध्यक्ष के विरूद्ध की गई टिप्पणी से विवादों में घिरे एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने दरबार साहिब में जूते पॉलिश करके अपनी धार्मिक सजा पूरी की। हरजिंदर सिंह धामी ने एक साक्षात्कार के दौरान बीबी जागीर कौर के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते महिला आयोग ने भी धामी को नोटिस जारी करते हुए तलब किया था। धामी ने महिला आयोग में पेश होकर अपने बयान भी दर्ज करवाए और बीबी जागीर से सार्वजनिक माफी भी मांगी। इसके बावजूद एसजीपीसी अध्यक्ष ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह को पत्र लिखकर घटनाक्रम को लेकर माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें जो भी सजा दी जाएगी वही स्वीकार होगी। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेशानुसार एसजीपीसी अध्यक्ष बुधवार को पंज प्यारों के समक्ष पेश हुए। पंज प्यारों की तरफ से हरजिंदर सिंह धामी को एक घंटा जोड़ा घर (बूट पॉलिश), एक घंटे लंगर हाल में बर्तन साफ करने की सेवा के साथ-साथ पांच जपुजी साहिब के पाठ करने के उपरांत पांच सौ रुपये की देग सेवा करवाने के आदेश जारी किए। धामी ने पंज प्यारों के आदेश का पालन करते हुए दरबार साहिब में जोड़ा घर, लंगर हाल में अपनी सजा पूरी की।

## भीमताल बस हादसे में लापरवाही पर परिवहन निगम की आरएम निलंबित

हल्द्वानी। नैनीताल जनपद के भीमताल में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद उत्तराखंड सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम की कुमाऊं मंडल की मंडलीय प्रबंधक (आरएम) पूजा जोशी को निलंबित कर दिया है। यह कदम घटना में लापरवाही और कर्तव्य में चूक को लेकर उठाया गया है। गौरतलब है कि गत बुधवार को परिवहन निगम की बस के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद निगम के प्रबंध निदेशक नरेंद्र कुमार जोशी ने तत्काल प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी किया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आरएम पूजा जोशी ने उच्चाधिकारियों के फोन कॉल्स का जवाब नहीं दिया और न ही वह समय पर घटनास्थल पर पहुंचीं। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने कार्रवाई की है। हादसे में हुई जनहानि और प्रबंधन की लापरवाही ने निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पूर्व सैनिकों के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का आयोजन, गणेश जोशी ने की हौसला अफजाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को दिल्ली व मिलिट्री हॉस्पिटल, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों के लिए आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी सप्ताह कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री ने इस दौरान सैन्य अधिकारियों से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में भी ऐसे कैंप लगाने का सुझाव दिया। यह शिविर 24 से 27 दिसम्बर तक सैन्य अस्पताल देहरादून में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और ऑपरेशन किया जा रहा है। यह अपनी तरह का पहला प्रयास है जो पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य को समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने जांच के लिए पहुंचे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कमांडेट मिलिट्री हॉस्पिटल देहरादून ब्रिगेडियर परीक्षित सिंह, ब्रिगेडियर संजय कुमार मिश्रा सहित अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांव-गांव स्वरोजगार की अलख जगा रही फूलांती विकास समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ज्योतिर्मठ। सीमांत पैनखंडा ज्योतिर्मठ-जोशीमठ क्षेत्र में फूलांती विकास समिति ने युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। समिति ने अब तक क्षेत्र के 10 ग्राम संगठनों का गठन कर विभिन्न गांवों, नगर के वार्डों और शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं। ''यूकास्ट'' के सहयोग से समिति ने वृक्षारोपण, संगोष्ठी, श्रीअन्न कार्यक्रम के तहत प्रसाद और मिष्ठान निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता अभियान और जल, जंगल, जमीन बचाने के प्रयासों को मजबूती दी है। साथ ही राज्य स्तरीय स्टॉलों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।स्वरोजगार को बढ़ावा समिति ने रिंगाल, ऊनी और काष्ट उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें टोकरी, डलिया, हथकंडी, ऊनी आसन, पंखी, चुकटा और काष्ठ उत्पाद निर्माण जैसी तकनीकों को शामिल किया गया।प्रेरणा का स्रोत बनी समिति शिक्षण संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने वाली यह समिति 2022 में ''यूकास्ट'' की प्रेरणा से स्थापित हुई। समिति के अध्यक्ष भाल चंद्र चमोला ने बताया कि ''उन्नत किसान, सशक्त मातृशक्ति'' के उद्देश्य के साथ यह संगठन क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए व्यापक कार्य कर रहा है। चमोला ने विभिन्न ग्राम और नगर संगठनों के साथ-साथ प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सुझाव और सहयोग की अपेक्षा की।

# 'महिला सम्मान योजना' को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का केजरीवाल के आवास पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा के पदधिकारियों ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) की 'महिला सम्मान योजना' को लेकर आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थित आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।पुलिस के अनुसार फिरोजशाह रोड पर स्थित केजरीवाल के आवास की तरफ बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बेरीकेड लगाकर रोकने का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर 30 महिलाओं को हिरासत में ले लिया। इस विरोध प्रदर्शन में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा मिश्रा पांडे, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगिता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हाथों में पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली महिला प्रदेश अध्यक्ष ऋचा मिश्रा पांडे ने कहा कि फर्जी तरीके से मतदाताओं का ध्यान खींचने के लिए अरविंद केजरीवाल एक फर्जी योजना चला रहे है। उसमें कहा गया है कि दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपये देंगे। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में एक हजार रुपये देने का वादा किया था लेकिन आज तक वहां की महिलाओं को कुछ नहीं मिला। इसलिए आज हम लोग केजरीवाल से यह सवाल पूछ रहे है। उन्होंने झूठ बोला है। फर्जी तरीके से महिलाओं का वोट लेने की कोशिश कर रहे हैं। हम लोग लीगल एक्शन भी इस पर लेंगे। दिल्ली महिला प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल सिर्फ झूठ की राजनीति कर रहे हैं और दिल्ली की महिलाओं के वोट के लिए ये सारे चुनावी जुमले आजमा रहे हैं।

## एसटीपी हैंडओवर में लापरवाही पर डीएम सख्त, कार्यदायी संस्था को फटकार

गोपेश्वर। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा नदी और उसकी प्रमुख सहायक नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने नमामि गंगे परियोजना के तहत कर्णप्रयाग में निर्मित तीन एसटीपी में से दो को जल संस्थान को हैंडओवर न किए जाने पर नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को एक जनवरी तक इन्हें हैंडओवर करने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी एसटीपी का हर महीने निरीक्षण किया जाए। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट के बाद बचे स्लज का उपयोग खाद बनाने और इसे वन विभाग या एनजीओ के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही हल्द्वापानी क्षेत्र में सीवर नेटवर्क और एसटीपी निर्माण के लिए जल संस्थान को प्राक्कलन तैयार करने के आदेश दिए।नगर निकायों को मिले सख्त निर्देशडीएम ने नगर निकायों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन की सख्त निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह सात बजे सभी अधिशासी अधिकारी नगर क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करें।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063